राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 341 लखनऊ,
शनिवार 02 अगस्त, 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





उत्तर प्रदेश में एमएसएमई के क्षेत्र में हैं अपार संभावनाएं : सीएम योगी 03

स्वास्थ्य सेवाओं को बनाया जाए और भी बेहतर 04


**-: सर्राफा बाजार भाव :-**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | | प्रति 10 ग्राम |
| 24 कैरेट | = | 99,970/ |
| 22 कैरेट | = | 91,650/ |
| 18 कैरेट | = | 74,990/ |
| चांदी | | प्रति किलो |
| | = | 1,15,000/ |



## संक्षिप्त समाचार

### भारी बारिश के बाद कल तक रोकी गई अमरनाथ यात्रा

**जम्मू।** भारी बारिश के बाद तीर्थयात्रियों की सुरक्षा के मद्देनजर वार्षिक अमरनाथ यात्रा 3 अगस्त तक स्थगित कर दी गई है। यात्रा के दोनों मार्गों पर तत्काल मरम्मत और रखरखाव कार्य किए जा रहे हैं। शुक्रवार सुबह पहलगाम मार्ग से तीर्थयात्रियों के किसी नए जत्थे को गुफा मंदिर जाने की अनुमति नहीं दी गई। जम्मू के भगवती नगर आधार शिविर से तीर्थयात्रियों की आवाजाही लगातार दूसरे दिन भी स्थगित रही। कश्मीर के संभागीय आयुक्त विजय कुमार बिधूड़ी ने कहा कि यात्रा के पहलगाम और बालटाल मार्गों पर हाल ही में भारी बारिश हुई है। भारी बारिश के बाद बालटाल मार्ग पर तत्काल रखरखाव कार्य किए जाने की आवश्यकता है।

### वाइस एडमिरल वात्सायन बने नौसेना के उप प्रमुख

**नयी दिल्ली।** वाइस एडमिरल संजय वात्सायन ने शुक्रवार को यहां नौसेना के 47वें उप प्रमुख के रूप में कार्यभार संभाल लिया। इससे पहले वाइस एडमिरल ने यहां राष्ट्रीय युद्ध स्मारक जाकर राष्ट्र की सेवा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, पुणे के 71 वें कोर्स के पूर्व छात्र वाइस एडमिरल संजय वात्सायन को एक जनवरी 1988 को भारतीय नौसेना में कमीशन मिला था। वह गनरी और मिसाइल प्रणालियों के विशेषज्ञ हैं। उन्होंने तीन दशकों से भी अधिक लंबे विशिष्ट नौसैनिक करियर में विभिन्न प्रकार की कमान, संचालन और स्टाफ पदों की जिम्मेदारी संभाली।

### राष्ट्रपति ने 37 छात्र-छात्राओं को मेडल व डिग्रियां प्रदान कीं

**धनबाद।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को धनबाद स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) (आईएसएम) के 45वें दीक्षांत समारोह में हिस्सा लिया और 37 गोल्ड मेडलिस्ट छात्र-छात्राओं को मेडल और डिग्रियां प्रदान कीं। उन्होंने संस्थान के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में डाक टिकट भी जारी किया। कार्यक्रम में झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। राष्ट्रपति ने धनबाद स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान में आयोजित दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए सबसे पहले यहां मौजूद छात्र-छात्राओं को बधाई दी।

### जनसाधारण एक्सप्रेस डिरेल दो कोच पटरी से उतरे

**कानपुर।** मुजफ्फरपुर से वाया कानपुर होते अहमदाबाद जा रही जनसाधारण एक्सप्रेस (15269) शुक्रवार की देर शाम डिरेल हो गई। ट्रेन के दो जनरल बोगी पटरी से उतर गए। आनन-फानन में यात्री ट्रेन से उतर गए। वहीं, ट्रेन के लोकोपायलट ने अधिकारियों को सूचना दी। सूचना पर अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की। रेलवे अफसरों के अनुसार, जनसाधारण एक्सप्रेस ट्रेन पटरी से उतरी जिसके दो जरनल कोच पनकी धाम रेलवे स्टेशन से निकलते ही भाऊपुर के नजदीक पटरी से उतर गए।

# शाहरुख खान व विक्रांत मैसी को मिला सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का राष्ट्रीय पुरस्कार

## 71वें नेशनल अवॉर्ड्स का ऐलान : मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे के लिए रानी मुखर्जी को बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड, एक बंदा काफी है को सर्वश्रेष्ठ संवाद का अवार्ड

एजेंसी





**नई दिल्ली/मुंबई।** दिल्ली में शुक्रवार को 71वें नेशनल अवॉर्ड्स का ऐलान हुआ। शाहरुख खान और विक्रांत मैसी संयुक्त रूप से बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड मिला है। शाहरुख को फिल्म जवान और विक्रांत मैसी को 12वीं फेल के लिए पुरस्कार मिला। फिल्म मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे के लिए रानी मुखर्जी को बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड दिया गया है।

शाहरुख खान, विक्रांत मैसी और रानी मुखर्जी तीनों को पहली बार नेशनल अवॉर्ड मिला है। हिंदी फिल्म सिर्फ एक बंदा काफी है को बेस्ट डायलॉग के लिए पुरस्कार मिला। इस फिल्म के डायलॉग दीपक किंगरानी ने लिखे हैं।

शाहरुख को उनकी फिल्म जवान और विक्रांत को 12वीं फेल के लिए अवॉर्ड मिला है। जवान एक एक्शन थ्रिलर फिल्म थी। इस फिल्म में शाहरुख डबल रोल में नजर आए थे। वहीं, विक्रांत की फिल्म बायोग्राफिकल ड्रामा थी। ये फिल्म आईपीएस ऑफिसर मनोज कुमार शर्मा और उनकी वाइफ आईआरएस ऑफिसर श्रद्धा जोशी के जीवन से प्रेरित थी। वहीं, गुनीत मोंगा ने कहा- जब भी भारत के दिल से निकली किसी कहानी को सम्मान मिलता है, तो यह हर उस आवाज की जीत होती है, जिसे सुना जाना चाहिए।

### पहला राष्ट्रीय पुरस्कार जीतकर अभिभूत हूं : रानी मुखर्जी

मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे के लिए मेरे करियर का पहला राष्ट्रीय पुरस्कार जीतने पर मैं अभिभूत हूं। 30 साल के करियर में यह मेरा पहला नेशनल अवॉर्ड है। एक एक्टर के तौर पर, मैं भाग्यशाली रही हूं कि मुझे कुछ बेहतरीन फिल्मों में काम करने का मौका मिला और मुझे उनके लिए बहुत प्यार भी मिला। मैं मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे में मेरे काम को सम्मान देने के लिए नेशनल अवॉर्ड जूरी को धन्यवाद देती हूं। मैं इस खुशी को फिल्म की पूरी टीम, मेरे प्रोड्यूसर्स निखिल आडवाणी, मोनिशा और मधु, मेरी डायरेक्टर आशिमा छिब्बर, और उन सभी के साथ बांटना चाहती हूं जिन्होंने इस बेहद खास प्रोजेक्ट पर काम किया। यह फिल्म मातृत्व की ताकत का जश्न मनाती है। मेरे लिए, यह पुरस्कार मेरे 30 साल के काम, अपने क्राफ्ट के प्रति मेरे समर्पण, जिसके साथ मैं एक गहरा आध्यात्मिक जुड़ाव महसूस करती हूं, और सिनेमा और हमारे इस खूबसूरत फिल्म इंडस्ट्री के प्रति मेरे जुनून को भी एक पहचान देता है। मैं अपना नेशनल अवॉर्ड दुनिया की सभी अद्भुत माताओं को समर्पित करती हूं।

### कटहल को बेस्ट हिंदी फिल्म का अवॉर्ड

कटहल-ए जैकफ्रूट मिस्ट्री को सर्वश्रेष्ठ हिंदी फिल्म का पुरस्कार मिलने पर फिल्म की प्रोड्यूसर एकता कपूर और गुनीत मोंगा ने खुशी जाहिर की है। एकता ने जीत के बाद आभार जताते हुए कहा, मैं इस बड़े सम्मान के लिए ज्यूरी का धन्यवाद करती हूं। मैं खुश हूं कि मुझे गुनीत मोंगा, अचिन जैन, बालाजी और नेटफ्लिक्स जैसे शानदार साथी मिले। हमारे काम और कहानियों की पसंद को पहचान मिलना सुकून देने वाला है। मैं यह अवॉर्ड अपनी शानदार कास्ट और क्रू के साथ बांटना चाहती हूं, जिन्होंने इस फिल्म को कई तरीकों से संवारने में योगदान दिया।

### 143 वर्षों में आरपीएफ को मिली पहली महिला प्रमुख, आईपीएस सोनाली ने संभाला पदभार

**नई दिल्ली।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के 143 वर्षों के इतिहास में पहली बार किसी महिला अधिकारी ने महानिदेशक का पद संभाला है। आईपीएस अधिकारी सोनाली मिश्रा ने आरपीएफ की महानिदेशक (डीजी) के रूप में पदभार ग्रहण कर एक ऐतिहासिक अध्याय की शुरुआत की है। कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने उनकी नियुक्ति को मंजूरी दी है और वे 31 अक्टूबर, 2026 तक इस पद पर कार्यरत रहेंगी। वे 1993 बैच की मध्य प्रदेश कैडर की भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी हैं और पुलिस सेवा में 30 वर्षों से अधिक का अनुभव रखती हैं।

# इंस्पेक्टर सुबोध की हत्या में 5 को उम्रकैद

## उत्तर प्रदेश का चर्चित स्याना हिंसा मामला : 33 लोगों को भी सात-सात साल की मिली सजा

▸ 43 लोगों में से सुनवाई के दौरान पांच लोगों की हो चुकी है मौत

समृद्धि न्यूज



**बुलंदशहर।** उत्तर प्रदेश में बुलंदशहर जिले के सबसे चर्चित स्याना हिंसा मामले में जिले की एडीजे-12 कोर्ट ने शुक्रवार को 38 दोषियों को सजा सुनाई है।

हिंसा के दौरान इंस्पेक्टर सुबोध की हत्या के आरोप में पांच लोगों को उम्रकैद और अन्य 33 लोगों को बलवा, जानलेवा हमला और अन्य गंभीर धाराओं में सात-सात साल की सजा सुनाई है। स्याना हिंसा मामले में पुलिस ने 44 आरोपितों के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। इसमें एक बाल अपचारी का मामला बाल न्यायालय में चल रहा है। अन्य 43 लोगों में से सुनवाई के दौरान पांच लोगों की मौत हो चुकी है। जिले की एडीजे-12 कोर्ट ने इस मामले में 30 जुलाई को सभी 38 लोगों को दोषी करार देते हुए सजा के ऐलान के लिए 1 अगस्त का दिन तय किया था। शुक्रवार को एडीजे-12 गोपाल जी की कोर्ट ने सभी को सजा सुनाई है। इस दौरान कोर्ट परिसर में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किये गये थे।

### 2018 में इंस्पेक्टर सुबोध कुमार सिंह की हुई थी हत्या

स्पेशल काउंसिल यशपाल सिंह ने शुक्रवार को पत्रकारों को बताया कि स्याना हिंसा और तत्कालीन थाना प्रभारी सुबोध सिंह की हत्या के मामले में कोर्ट ने अपना फैसला सुना दिया है। कोर्ट ने इंस्पेक्टर सुबोध की हत्या के आरोप में प्रशांत नट, डेविड, जोनी, राहुल और लोकेंद्र मामा को उम्र कैद की सजा सुनाई है। बाकी अन्य दोषियों को सात-सात साल की सजा सुनाई। इन सभी पर जुर्माना भी लगाया गया, जिसकी रकम पीड़ित को दी जाएगी। बचाव पक्ष के वकील अशोक डागर का कहना है कि कोर्ट ने इस मामले में अपना फैसला सुनाया है। इसमें पांच दोषियों को उम्रकैद की सजा और 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। अन्य लोगों को सजा के साथ दो हजार-दो हजार का जुर्माना लगाया है। उन्होंने कहा कि कोर्ट के फैसले का गहनता से विशलेषण करने के बाद इस फैसले को उच्च न्यायालय में चुनौती देंगे। मैं इस फैसले से संतुष्ट नहीं हूं। दरअसल, बुलंदशहर जिले के स्याना इलाके में 3 दिसंबर 2018 को गोकशी की अफवाह के बाद भड़की हिंसा के दौरान इंस्पेक्टर सुबोध कुमार सिंह की हत्या कर दी गई थी। इस हिंसा के दौरान उपद्रवियों ने जमकर तोड़फोड़ और आगजनी भी की थी।

# सड़क हादसे में एक ही परिवार के पांच सदस्यों की हुई मौत



समृद्धि न्यूज

▸ मुख्यमंत्री योगी ने हादसे को लेकर जताया दुख

**मैनपुरी/छिबरामऊ।** उत्तर प्रदेश में मैनपुरी जिले के बेवर थाना क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर को एक मार्ग दुर्घटना में कार सवार एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई है। एक बच्ची घायल है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतकों की पहचान के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मुख्यमंत्री योगी ने सड़क हादसे में हुई जनहानि पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा ने बताया कि मैनपुरी के हरीपुर कैथोली गांव निवासी दीपक चौहानअपने परिवार के साथ आगरा में रहने वाली भतीजी काव्या चौहान का जन्मदिन मनाकर लौट रहा था। जीटी रोड हाईवे पर ग्राम नगला ताल के पास कार अचानक बेकाबू होकर डिवाइडर पार करते हुए कानपुर-आगरा लेन में पहुंच गई। इस दौरान सामने से आ रहे ट्रक से उनकी कार टकरा गई। हादसे में कार में सवार एक ही परिवार के पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। एसपी ने बताया कि सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी। मार्ग दुर्घटना में मरने वालों की पहचान मैनपुरी के हरीपुर कैथोली गांव निवासी दीपक चौहान (36), उनकी पत्नी पूजा (34), बेटियां आशी (9), आर्या (4) और बहन सुजाता (50) के रूप में हुई है।

दीपक की 11 वर्षीय बेटी आराध्या गंभीर रूप से घायल हैं, जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेवर ले जाया गया। डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। घटना पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शोक व्यक्त किया और जिला प्रशासन के अधिकारियों को निर्देशित किया अस्पताल पहुंच कर घायल को तत्काल समुचित उपचार और यथासंभव मदद पहुंचाना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है।

# लेफ्टिनेंट जनरल पुष्पेंद्र सिंह ने संभाला भारतीय थलसेना के उप प्रमुख का पद

समृद्धि न्यूज



**नई दिल्ली ।** लेफ्टिनेंट जनरल पुष्पेंद्र सिंह ने शुक्रवार को भारतीय सेना के उप प्रमुख का पदभार संभाल लिया। 35 वर्षों के अपने शानदार सैन्य करियर में उन्होंने देश की प्रमुख सैन्य अभियानों में भाग लिया और कई महत्वपूर्ण कमान व स्टाफ पदों पर सेवा दी।

सिंह को दिसंबर 1987 में पैराशूट रेजिमेंट की चौथी बटालियन में शामिल किया गया था। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि उन्होंने कश्मीर घाटी और नियंत्रण रेखा पर विशेष बल इकाई की कमान संभाली थी। एक बयान में कहा गया है कि उन्होंने बाद में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर ऑपरेशन स्नो लेपर्ड में एक पैदल सेना ब्रिगेड और एक पर्वतीय डिवीजन की कमान संभाली।

# मैं बेगुनाह हूं, नहीं कराया धर्मांतरण : छांगुर बाबा

▸ ईडी की रिमांड पर छांगुर ने तीन लोगों पर लगाए गंभीर आरोप

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** अवैध धर्मांतरण और फंडिंग मामले में गिरफ्तार जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा ने शुक्रवार को मीडिया के कई सवालों के जवाब दिए। कहा, मैंने एक भी धर्मांतरण नहीं कराया है। सभी आरोप झूठे हैं। उसने जोर देकर दो बार कहा, मैं बेगुनाह हूं। छांगुर ने तीन नाम लिए और उन पर गंभीर आरोप लगाए। वसीउद्दीन, मोहम्मद अहमद और संतोष सिंह मुझे फंसा रहे हैं। वे लोग 60 लाख रुपए की मांग कर रहे हैं। मैंने कुछ नहीं किया है। मैं बेगुनाह हूं। मैंने किसी का धर्म परिवर्तन नहीं कराया है। जो लोग भी मेरे खिलाफ बोल रहे हैं, वो पैसा ले-लेकर बोल रहे हैं।

छांगुर बाबा को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 5 दिन की कस्टडी रिमांड पर लिया था, जिसकी अवधि आज खत्म हो गई। 5 दिनों से ईडी की टीम लखनऊ में उससे लगातार पूछताछ कर रही थी, लेकिन छांगुर ने अधिकतर सवालों पर चुप्पी साधे रखी। रिमांड के चौथे दिन जब उससे दुबई यात्राओं, विदेशी फंडिंग और नीतू उर्फ नसरीन के साथ उसके संबंधों को लेकर सवाल किए गए तो उसने गोलमोल जवाब दिया। आज शुक्रवार को रिमांड खत्म होने के बाद ईडी छांगुर को कोर्ट में पेश किया। छांगुर ने पूछताछ में कबूला है कि उसकी संस्था को पाकिस्तान समेत कई विदेशी सोर्स से आर्थिक मदद मिली थी।

# एनकाउंटर में बदमाश ढेर, एक करोड़ की लूटी चांदी बरामद

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** मथुरा-आगरा हाईवे पर 75 किलो चांदी लूटने के आरोपियों से पुलिस की बीती गुरुवार-शुक्रवार की रात को हाईवे के समीप रैपुरा जाट के निकट मुठभेड़ में एक बदमाश ढेर हो गया, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल है।

पुलिस ने मथुरा जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। बदमाशों के कब्जे से लूटी गई एक करोड़ की पूरी चांदी बरामद कर ली है। मथुरा में सौंख अड्डा निवासी हरिओम सोनी के पुत्र कन्हैया, गौरव का सराफा का कारोबार है। उनकी एक दुकान आगरा स्थित नमक की मंडी में भी है। करीब 6. 45 बजे नमक की मंडी आगरा से अपनी दुकान बंद कर दोनों भाई कन्हैया और गौरव अपनी स्विफ्ट डिजायर कार से मथुरा के लिए चले। कार को उनका जयसिंहपुरा निवासी शब्बीर चला रहा था। रास्ते में कहीं से बदमाश उनके पीछे लग गए। आगरा-मथुरा हाईवे पर हिन्दुस्तान कॉलेज पार करते ही भीमनगर पुलिया के निकट शाम करीब 7. 45 बजे अंधेरा देख एक बोलेरो ने उन्हें ओवरटेक किया और व्यापारियों की कार के आगे तिरछी लगा दी। बोलेरो को इस तरह आगे आता देख ड्राइवर शब्बीर ने अपनी गाड़ी साइड में गाड़ी दबा दी। इसी दौरान तीन-चार बाइकों पर सवार बदमाशों ने उनकी गाड़ी को घेर लिया। बदमाशों ने तमंचे निकाल लिए और व्यापारियों को धमकाते हुए व्यापारियों की गाड़ी से चांदी निकालकर अपनी गाड़ी में डाल ली।

### उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव 9 सितंबर को, अधिसूचना सात को होगी जारी

**नयी दिल्ली।** उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव 9 सितंबर को कराया जायेगा। अधिसूचना अगले सप्ताह गुरूवार को जारी की जायेगी। चुनाव आयोग द्वारा शुक्रवार को जारी एक उपराष्ट्रपति के चुनाव के लिए अधिसूचना गुरुवार, 07 अगस्त को जारी की जाएगी। नामांकन भरने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। नामांकन पत्र गुरुवार, 21 अगस्त तक भरे जा सकेंगे और नामांकन पत्रों की जांच शुक्रवार 22 अगस्त को की जाएगी। नामांकन सोमवार, 25 अगस्त तक वापस लिए जा सकेंगे।

# देश के खिलाफ काम कर रहा चुनाव आयोग : राहुल

एजेंसी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष व लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को चुनाव आयोग पर वोट चोरी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि संस्था देश के खिलाफ काम कर रही है।

नेता विपक्ष राहुल ने संसद भवन के बाहर पत्रकारों से बातचीत में आरोप लगाया कि हमारे पास सबूत है कि चुनाव के दौरान वोट चोरी हो रही है और चुनाव आयोग इसमें सीधे तौर पर मिला हुआ है। हम इसके बारे में जल्द ही जानकारी जारी करेंगे। जिससे देश के लोगों को स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। उन्होंने कहा कि चुनाव दर चुनाव उनका शक गहराता गया है। इसको लेकर कांग्रेस ने जांच करवाई है। इस जांच में 6 महीने लगे हैं और हमें कुछ बहुत बड़ा मिला है, जिससे चुनाव आयोग की साख पूरी तरह समाप्त हो जाएगी।

### राहुल के बयान बेबुनियाद : आयोग

चुनाव आयोग ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के कथित तौर पर धमकी भरे बयान कहा है कि ऐसे बेबुनियाद आरोप रोज-रोज लगाए जा रहे हैं और आयोग इनको नजर अंदाज करता है। राहुल के इस बयान पर चुनाव आयोग के प्रवक्ता ने कहा, चुनाव आयोग रोज़ रोज़ लगाये जा रहे ऐसे बेबुनियाद आरोपों को नज़रअंदाज़ करता है और रोज़ रोज़ दी जा रही धमकियों के बावजूद निष्पक्ष और पारदर्शी तरीक़े से कार्य कर रहे सभी चुनावकर्मियों को ऐसे ग़ैर जिम्मेदाराना बयानों पर ध्यान न देने के लिये कहता है।

# 14 अगस्त तक बढ़ाई गई खरीफ फसलों की बीमा कराने की अवधि

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** किसानहित में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ फसलों का बीमा कराने की अंतिम तिथि बढ़ा दी है।

अब गैर-ऋणी किसान 14 अगस्त तक और ऋणी किसान किसान क्रेडिट कार्ड, क्रॉप लोन 30 अगस्त तक अपनी अधिसूचित फसलों धान, ज्वार, बाजरा, मक्का, उर्द, मूंग, अरहर, मूंगफली, सोयाबीन और तिल का बीमा करा सकते हैं। इसमें किसान को उत्पादन मूल्य का केवल 2 प्रतिशत प्रीमियम देना होता है, जबकि शेष राशि का भुगतान केंद्र और राज्य सरकार करती हैं। किसानों की फसलों को प्राकृतिक आपदाओं जैसे कीटों और बीमारियों का प्रकोप, सूखा, बाढ़, तूफान, ओलावृष्टि और असफल बुवाई से होने वाले नुकसान से बचाने के लिए यह योजना बेहद महत्वपूर्ण है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य किसानों की आय को स्थिर बनाए रखना और उन्हें आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना है। बीमा के लिए किसानों को आधार कार्ड, खतौनी, बैंक पासबुक, फसल के विवरण जैसे दस्तावेज आवश्यक हैं। किसान बीमा कराने के लिए बैंक, कॉमन सर्विस सेंटर या ऑनलाइन पोर्टल का उपयोग कर सकते हैं। कृषकों से अपील की गई है कि वे निर्धारित तिथि से पहले अपनी फसलों का बीमा कराकर इस योजना का लाभ उठाएं।

### पीएम मोदी आज काशी को देंगे 2200 करोड़ की 52 परियोजनाओं की सौगात

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगमन के एक दिन पूर्व ही भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ आम लोगों में उत्साह है। शुक्रवार को जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वागत की तैयारी चलती रही। वहीं, नमामि गंगे के सदस्यों ने सबका साथ-सबका विकास के संकल्प को आगे बढ़ाकर काशी को 2200 करोड़ की 52 परियोजनाओं की सौगात देने आज आ रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए सिद्धेश्वरी स्थित हरिशचंदेश्वर महादेव का रुद्राभिषेक किया। काशी मेरी और मैं काशी का हूं, मैं काशी के प्रेम का कर्जदार हूं कहकर 11 वर्षों में हजारों करोड़ रुपये की सौगात देने वाले पीएम के लिए भगवान शिव शंकर से आशीर्वाद मांगा।

**कार्रवाई** | डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने की कार्रवाई

# ड्यूटी से लगातार गैरहाजिर चार डॉक्टर बर्खास्त

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** बिना सूचना लगातार गैरहाजिर चल रहे चार डॉक्टरों को बर्खास्त कर दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग के तीन डॉक्टरों सहित कन्नौज मेडिकल कॉलेज में हड्डी रोग विभाग के सहायक आचार्य की सेवाएं समाप्त की गई हैं।


डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के निर्देश पर प्रमुख सचिव ने आदेश जारी कर दिया है। तीन अन्य डॉक्टरों पर भी गाज गिर सकती है। पीलीभीत जिला चिकित्सालय में तैनात बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. राजकुमार, शाहजहांपुर के जलालाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात डॉ. विनय कुमार सैनी, अम्बेडकर नगर डॉ. शशि भूषण डोभाल लंबे समय से लगातार गैरहाजिर चल रहे थे।

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने तीनों को सेवा से बर्खास्त कर दिया है। वहीं, लंबे समय से गैरहाजिर कन्नौज राजकीय मेडिकल कॉलेज के सहायक आचार्य, आर्थोपेडिक्स विभाग के डॉ. अवनीश कुमार सिंह को भी सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। मैनपुरी के किशनी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में तैनात दन्त शल्यक डॉ. राखी सोनी बिना सक्षम स्तर से अवकाश स्वीकृत कराए अनधिकृत रूप से तैनाती स्थल से अनुपस्थित हैं। प्रयागराज के डिप्टी सीएमओ डॉ. आनन्द सिंह को एवं मथुरा के छाता सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में तैनात डॉ. अशोक कुमार द्वारा गम्भीर रूप से घायल रोगी के इलाज में लापरवाही बरतने के आरोप लगे। तीनों डॉक्टरों की जांच कराई गई।

प्राथमिक जांच में इन डॉक्टर को दोषी पाया गया है। इन्हें आरोप-पत्र देकर उनके विरूद्ध विभागीय कार्यवाही किये जाने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव को दिए गए हैं। राजकीय मेडिकल कॉलेज के हड्डी रोग विभाग के आचार्य एवं विभागाध्यक्ष डॉ. डीसी श्रीवास्तव पर ओपीडी का समय पर संचालन न करने के गंभीर आरोप लगे हैं। उनसे स्पष्टीकरण तलब किया गया है। मेरठ के किठौर स्थित 50 बेड संयुक्त चिकित्सालय व आजमगढ़ स्थित लालगंज के 100 बेड हॉस्पिटल में मरीजों की सुविधाओं के लिए एक्सरे मशीन लगाने का फैसला किया गया है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बताया कि दोनों जनपदों में स्थित उक्त अस्पतालों के लिए 27-27 लाख रुपए अवमुक्त किए गए हैं।

## खबरें एक नजर में

### अधिशाषी अधिकारी सुरेन्द्र कुमार को दी गई भावभीनी विदाई





**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर)।** नगर पालिका परिषद गोला में अधिशाषी अधिकारी पद पर कार्यरत सुरेन्द्र कुमार 31 जुलाई को सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर पालिका सभागार में विदाई समारोह आयोजित हुआ। नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा, सुरेन्द्र कुमार ने अल्प समय में उत्कृष्ट कार्य करते हुए गोला को स्वच्छता में प्रदेश में द्वितीय स्थान दिलाया। सुरेन्द्र कुमार ने सभी के सहयोग और स्नेह के लिए आभार व्यक्त किया। अपने विचार रखने वालों में सभासद नानक चन्द्र वर्मा, आनंद सोनी, अधिशाषी अधिकारी लखीमपुर संजय कुमार, सफाई नायक दिलीप बाल्मीकि शामिल रहे। संचालन शत्रोहन मिश्रा ने किया। समारोह में सभासद आशीष अवस्थी, आनंद किशोर गिरि, हरिओम वर्मा, धर्मेन्द्र कुमार तिवारी, धर्मेन्द्र जायसवाल, रियाजुद्दीन, ईओ मोहम्मदी जगदेव प्रसाद मौर्य, ईओ ओयल ऋषिकेश वर्मा, ईओ खीरी विनीत कुमार, ईओ निघासन दिनेश कुमार शुक्ल, ईओ धौरहरा गौरव सिंह, समाजसेवी चंदन लाल बाल्मीकि, खाद्य एवं सफाई निरीक्षक संदीप वर्मा आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

### प्रा.वि. बगहा में हरिशंकरी पौधरोपण कार्यक्रम सम्पन्न




**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर)।** ग्राम पंचायत शहाबुद्दीनपुर के प्राथमिक विद्यालय बगहा में शुक्रवार को हरिशंकरी (पीपल, पाकड़, बरगद) वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवा निवृत्त प्रधानाध्यापक दाताराम वर्मा रहे, जिनका स्वागत प्रधान पति अजीत वर्मा ने माल्यार्पण कर किया और स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक राजकुमार वर्मा, पंचायत सदस्य केशव राम, जिला सह समन्वयक गायत्री परिवार गोला सुरेश कुमार वर्मा, गायत्री परिवार से जगदीश प्रसाद, आंगनबाड़ी कार्यकत्री सीमा देवी, सहायिका अनीता देवी, पदम चन्द, धर्मेन्द्र कुमार तथा विद्यालय के छात्र उपस्थित रहे। वक्ताओं ने वृक्षों के पर्यावरणीय महत्व पर प्रकाश डाला और अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन पर्यावरण सुरक्षा की शपथ के साथ हुआ।

### राहुल से मिलने पैदल निकले सुहेल, गोला में हुआ स्वागत




**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** भारत जोड़ो यात्रा से प्रेरित गुलरिया गांव निवासी सुहेल अंसारी ने दिल्ली तक पदयात्रा शुरू की है। उनका उद्देश्य राहुल गांधी से मुलाकात कर देश में एकता, भाईचारा और लोकतंत्र के प्रति संदेश देना है। शुक्रवार को सुहेल की यात्रा गोला नगर पहुंची, जहां इंदिरा गांधी पार्क, सदर चौराहे पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका फूल–मालाओं से स्वागत किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उन्हें आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया। स्वागत कार्यक्रम में पूर्व सांसद रवि वर्मा, कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रहलाद पटेल, जिला उपाध्यक्ष प्रेम वर्मा, वरिष्ठ नेता इकबाल अहमद, महासचिव सुभाष वर्मा, नारायण लाल वर्मा, विवेक शर्मा, अफजल शाह, शरिक समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। सुहेल ने कहा कि राहुल गांधी ने जो मोहब्बत का रास्ता दिखाया है, वे उसी पर चलकर लोगों को जोड़ने और प्यार का संदेश देने निकले हैं।

### संचारी रोगों पर निबंध प्रतियोगिता में सत्यांशु वर्मा प्रथम



**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर)।** नगर के पब्लिक इंटर कॉलेज में संचारी रोगों के लक्षण, कारण एवं निदान विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम में पूर्व संचारी रोग नोडल अधिकारी संतोष कुमार पांडे ने जुलाई माह में संचालित संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रमों की जानकारी दी तथा सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला।प्रतियोगिता में छात्र–छात्राओं ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। सत्यांशु वर्मा ने प्रथम, अमर ने द्वितीय तथा अरुण कुमार व मनजीत कुमार (विज्ञान वर्ग) ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य बाबूराम सागर ने छात्रों को स्वच्छता, साफ पानी, ताजे भोजन और मच्छर जनित रोगों से बचाव के उपाय बताए। हिंदी प्रवक्ता रमेश कुमार मौर्य एवं कृष्ण कुमार शुक्ला ने भी संचारी रोगों पर जागरूकता बढ़ाने वाली बातें साझा कीं। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक दिनेश कुमार राज, पुष्पेंद्र कुमार मिश्रा, दिनेश कुमार तिवारी, अभय कुमार जायसवाल सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री से रेहरा बाजार को न.पं. बनाने की मांग तेज



**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** बलरामपुर जनपद के रेहरा बाजार क्षेत्र को नगर पंचायत का दर्जा दिलाने की मांग एक बार फिर जोर पकड़ने लगी है। स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों और जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से नगर विकास विभाग एवं मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर जल्द से जल्द रेहरा बाजार को नगर पंचायत घोषित किए जाने की मांग की है। सरवन गुप्ता,विनोद कुमार वर्मा,महेन्द्र पाण्डेय,अभिजीत सिंह विसेन,अनिल सोनी, बिजय,संतोष,अजय आदि का कहना है कि रेहरा बाजार अब नगर पंचायत के सभी मानकों को पूरा करता है। यहां की जनसंख्या, राजस्व संग्रह, व्यापारिक गतिविधियाँ और बुनियादी सुविधाएं इस क्षेत्र को शहरी क्षेत्र के रूप में वर्गीकृत करने के लिए पर्याप्त हैं। व्यापारियों ने बताया कि यदि रेहरा बाजार को नगर पंचायत घोषित किया जाता है, तो यहां की मूलभूत सुविधाएं जैसे सड़क, बिजली, पानी, जल निकासी, सफाई व्यवस्था, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार होगा और शहरी विकास योजनाओं का लाभ सीधे जनता तक पहुंचेगा। गौरतलब है कि रेहरा बाजार में पहले से ही थाना, पोस्ट ऑफिस, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, ब्लॉक मुख्यालय, कई इंटर कॉलेज और एक डिग्री कॉलेज जैसे महत्वपूर्ण संस्थान मौजूद हैं।

---

ग्राम पंचायत बरोठा में आयोजित हुई ग्राम चौपाल

# विधायक ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



ग्राम पंचायत बरोठा में शुक्रवार को ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल की अध्यक्षता निघासन विधानसभा से भाजपा विधायक शशांक वर्मा ने की। इस दौरान ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गईं। चौपाल में कुल आठ शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से कुछ का मौके पर ही निस्तारण किया गया, जबकि शेष शिकायतों के निराकरण हेतु विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

विधायक शशांक वर्मा ने चौपाल के माध्यम से ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कहा- पूरब पीपल, पश्चिम पाकड़, उत्तर दिशा में बरगद लगाएं, व सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में धरातल पर कार्यो संचालित योजनाओं के बारे अधिकारियों को निर्देशित किया ओर ग्रामीणों से कार्य के बारे में लोगों से पूछा ओर कहा किसी की कोई शिकायत हो उससे हमें अवगत कराये तथा सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं के बारे में बताया। खण्ड विकास अधिकारी जयेश कुमार सिंह ने योजना के क्रियान्वयन की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए हरि शंकरी पौधों की सुरक्षा पर विशेष जोर दिया इसके साथ ही शासन द्वारा चलाई जा रही ब्लाक स्तर से योजनाओं के बारे में बताया बीडीओ जयेश कुमार सिंह ने आवास के सर्वे के बारे में बताया ओर कहा सत्यापन कार्य चालू हे जिसकी लिस्ट जल्द ही तैयार कर के लगभग दिसंबर माह से पात्र आवास लाभार्थियों को आवंटित कार्य शुरू हो जायेगा इसके साथ ही शासन द्वारा चलाई जा रही आयुष्मान योजना व श्रमिक कार्ड से मिलने वाले लाभों के बारे में बताया 8 व 9 नवम्बर को ब्लाक में कैम्प लगाए जाएंगे जिसमें अधिक से अधिक लोग योजना का लाभ उठा सके बीडीओ ने ग्रामीणों से अपील की। बैठक में सभी प्रतिभागियों से 1 अगस्त को अधिकाधिक पौधे रोपित करने व उनके संरक्षण हेतु संकल्पित होने की अपील की गई।

इस मौके पर बीईओ धर्मेंद्र कुमार, खंड विकास अधिकारी जयेश कुमार सिंह,तहसीलदार मुकेश वर्मा, सीडीपीओ माया देवी,पंचायत सचिव, पवन द्विवेदी, सुनील पंकज कानूनों देशराज वर्मा, लेखपाल रईस खान, कृषि विभाग कृषि रक्षा इकाई डॉ अवनीश राजवंशी, सीएचसी अधीक्षक राजेंद्र कुमार ,खाद्य विभाग, रोजगार सेवकअमर शुक्ला, प्रधान प्रतिनिधि चंद्रहास राज, समाजसेवी रामकृपा पाण्डे, कौशल किशोर शुक्ला, ऐनल हक इब्राहिम आदि ग्रामीण एवं समाजसेवी लोग मौजूद रहे।

### निघासन में नौ, ढखेरवा में नौ वाहन सीज, एआरटीओ की बड़ी कार्रवाई



**निघासन खीरी।** निघासन क्षेत्र में लगातार बढ़ती यातायात अव्यवस्था और जाम की समस्या को देखते हुए परिवहन विभाग ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई की। एआरटीओ शक्ति भूषण पांडे के नेतृत्व में निघासन और ढखेरवा में अभियान चलाया गया, जिसमें कुल 18 अवैध व बिना फिटनेस के चल रहे ई-रिक्शा, ओमनी व अन्य वाहनों को सीज कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। जिला मुख्यालय से आते वक्त एआरटीओ का काफिला ढखेरवा चौराहे पर पहुंचा, जहां बगैर फिटनेस के दौड़ रहे 9 वाहन पकड़े गए। इसके बाद निघासन पहुंचकर मुख्य चौराहे व भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में अभियान चलाया गया, जहां 9 वाहनों के खिलाफ सीज की कार्रवाई की गई। स्थानीय लोगों की माने तो निघासन के मुख्य चौराहे पर अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है, विशेषकर स्कूलों की छुट्टी के समय। ऑटो चालकों द्वारा सड़कों पर आड़े-तिरछे वाहन खड़े कर सवारियां बैठाने से राहगीरों के साथ-साथ बड़े वाहनों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

**एआरटीओ बोले—चलेगा सख्ती से अभियान:** कार्रवाई के संबंध में एआरटीओ शक्ति भूषण पांडे ने बताया कि जिले में डग्गामार व बिना फिटनेस वाले वाहनों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। पकड़े गए सभी वाहनों को पुलिस के सुपुर्द कर अग्रिम जांच के लिए कहा गया है। उन्होंने कहा कि परिवहन नियमों की अनदेखी करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## लखीमपुर खीरी में 'सम्पूर्णता अभियान सम्मान समारोह' संपन्न, आकांक्षा हाट बना आकर्षण का केंद्र

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

▸ धौरहरा और बॉकेगंज ब्लॉकों के फ्रंटलाइन वर्कर्स को मिला सम्मान



नीति आयोग, भारत सरकार के निर्देश पर शुक्रवार को आईटीआई परिसर में सम्पूर्णता अभियान सम्मान समारोह एवं आकांक्षा हाट का भव्य आयोजन किया गया। इस समारोह में धौरहरा और बॉकेगंज विकासखंडों के फ्रंटलाइन वर्कर्स को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया।

धौरहरा विकासखंड ने स्वास्थ्य, पोषण, कृषि और सामाजिक विकास से जुड़े छह मानकों (इंडिकेटर्स) में लक्ष्य प्राप्त कर सराहनीय प्रदर्शन किया, जबकि बॉकेगंज विकासखंड ने तीन मानकों में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की। इस सफलता के लिए दोनों क्षेत्रों के समर्पित कार्मिकों को प्रशस्ति पत्र और पदक देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथियों – सदर विधायक योगेश वर्मा एवं धौरहरा विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने अपने संबोधन में योजनाओं को पारदर्शिता एवं जवाबदेही के साथ आमजन तक पहुंचाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कर्मियों को उनकी प्रतिबद्धता के लिए बधाई दी। इस अवसर पर आकांक्षा हाट में स्थानीय महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार हस्तनिर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी भी आयोजित की गई, जिसने उपस्थित लोगों का विशेष ध्यान आकर्षित किया। यह पहल 'वोकल फॉर लोकल' अभियान को सशक्त करने की दिशा में एक प्रेरणास्पद कदम साबित हुई। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष गुप्ता, जिला विकास अधिकारी गजेंद्र सिंह, परियोजना निदेशक एस.एन. चौरसिया, बीएसए प्रवीण तिवारी, उपायुक्त स्वतः रोजगार जितेंद्र कुमार, डीएसटीओ अरविंद कुमार सहित कई विभागों के वरिष्ठ अधिकारी एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## स्वास्तिका का मॉडल इंस्पायर अवॉर्ड योजना में चयनित

▸ रेल दुर्घटना रोकने वाला मॉडल राज्य स्तर पर होगा प्रदर्शित



**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज की कक्षा 9 की छात्रा स्वास्तिका सिंह का चयन इंस्पायर अवॉर्ड मानक योजना 2024-25 के अंतर्गत जनपद स्तरीय प्रदर्शनी में हुआ है। अब वह राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में प्रतिभाग करेगी। यह प्रदर्शनी 26 जुलाई 2025 को पं. दीन दयाल उपाध्याय स. वि. मं. इ. का., लखीमपुर में आयोजित हुई थी। स्वास्तिका ने ऐसा मॉडल तैयार किया है जो रेलगाड़ी के सामने 1 किमी तक किसी व्यक्ति या पशु की उपस्थिति होने पर गति धीमी कर देता है और जरूरत पड़ने पर ट्रेन रोक भी देता है। मॉडल निर्माण में शिक्षिका अपर्णा सिंह और शिक्षक जितेन्द्र गुप्त ने सहयोग किया। प्राचार्य महेन्द्र कुमार त्रिपाठी एवं मधु त्रिपाठी ने छात्रा को बधाई दी और आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए प्रेरित किया।

# खाद का स्टॉक 'कागजों' में 555 बोरी, किसानों को नहीं मिली एक भी बोरी

▸ सहकारी समिति पर उठे सवाल, ग्रामीणों में गुस्सा फूटा

**बिजुआ (लखीमपुर खीरी), समृद्धि न्यूज़।**




ब्लॉक बिजुआ की किसान सेवा सहकारी समिति एक बार फिर विवादों के घेरे में आ गई है। समिति के रिकॉर्ड में 555 बोरी यूरिया स्टॉक में दर्ज है, लेकिन वास्तविकता यह है कि किसानों को खाद नहीं मिल रही। किसानों का आरोप है कि उनसे सिर्फ अंगूठा लगवाया जा रहा है और फिर उन्हें खाली हाथ लौटा दिया जाता है।

जब यह खबर ग्रामीणों तक पहुंची, तो सैकड़ों की संख्या में किसान समिति परिसर पहुंच गए और जमकर विरोध प्रदर्शन किया। आक्रोशित किसानों ने आरोप लगाया कि खाद होते हुए भी उन्हें जानबूझकर वंचित किया जा रहा है। विभागीय रिकॉर्ड के अनुसार समिति पर 24.975 मीट्रिक टन यानी लगभग 555 बोरी यूरिया स्टॉक में दर्ज है। लेकिन जब सहायक विकास अधिकारी (सहकारिता) श्यामलाल ने मौके का निरीक्षण किया, तो स्टॉक और वितरण में भारी गड़बड़ी पाई गई। उन्होंने भी माना कि स्थिति स्पष्ट नहीं है।

**क्या बोले समिति सचिव:** समिति सचिव विपिन बिहारी बाजपेई ने सफाई देते हुए कहा, मशीन में जो स्टॉक दिख रहा है, वह पुराना है। वास्तविक में वह खाद अब मौजूद नहीं है। उस स्टॉक को जल्द ही निल यानी शून्य कर दिया जाएगा।

## सहकारी सोसाइटी में यूरिया खाद नहीं, प्राइवेट दुकानदार शर्तों के साथ दे रहें खाद, किसान बेहाल

**उचौलिया (खीरी)** खीरी जनपद के उचौलिया क्षेत्र के किसान इन दिनों यूरिया खाद की भारी किल्लत से जूझ रहे हैं। धान की रोपाई का समय चल रहा है और ऐसे समय में खाद की अनुपलब्धता ने किसानों की चिंता और मेहनत दोनों बढ़ा दी हैं। क्षेत्र की सहकारी समितियों में खाद का स्टॉक न होने के कारण किसानों को मजबूरी में प्राइवेट दुकानों का रुख करना पड़ रहा है, जहां उनसे जबरन कीटनाशक व अन्य दवाएं खरीदने की शर्त पर यूरिया दी जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों के दर्जनों किसानों ने बताया कि वे कई बार किरियारा, बनका और जसमढ़ी की सोसाइटियों का चक्कर लगा चुके हैं, लेकिन हर बार उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ा। ऐसे में वे जब प्राइवेट दुकानों पर यूरिया लेने जाते हैं, तो उन्हें मंडी दर से ज्यादा कीमत पर खाद दी जाती है, और साथ में उन्हें खेती में इस्तेमाल होने वाली महंगी दवाएं भी खरीदने के लिए मजबूर किया जाता है। रुरा गांव के किसान हनीफ ने बताया, मैं चार बार सोसाइटी गया, लेकिन वहां न तो यूरिया है और न ही कोई सुनवाई। मजबूरी में प्राइवेट दुकान पर गया, वहां दुकानदार ने कहा कि बिना दवा के यूरिया नहीं मिलेगा। इसी तरह शमसुद्दीन ने भी कहा, बनका गांव की सोसाइटी में कर्मचारी आज आओ, कल आओ कहकर टरका रहे हैं। खाद नहीं है तो स्पष्ट बोलें। इसरत ने भी आरोप लगाया कि सोसाइटी में खाद केवल परिचितों को दी जा रही है, बाकी किसानों को बहाने बनाकर लौटा दिया जा रहा है।

> 'जसमढ़ी सोसाइटी के सचिव कन्हैया ने जानकारी दी कि सोसाइटी के गोदाम में पानी भर जाने के कारण फिलहाल वितरण नहीं हो पा रहा है। वहीं बनका गांव की सोसाइटी में भी स्टॉक खत्म होने की पुष्टि की गई है। किरियारा सोसाइटी के सचिव फरहत ने बताया कि सोमवार तक नया स्टॉक आने की उम्मीद है।'

## राजेन्द्र गिरि मेमोरियल अकादमी में फुटबॉल क्लस्टर-4 का हुआ शुभारंभ



**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** राजेन्द्र गिरि मेमोरियल अकादमी, लक्ष्मनजती गोला में पांच दिवसीय फुटबॉल क्लस्टर-4 प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि किया, वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व सांसद जुगुल किशोर मौजूद रहे। अतिथियों ने सर्वप्रथम स्व. श्री राजेन्द्र गिरि की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। विद्यालय संरक्षक जनार्दन गिरि, मधुसूदन गिरि, गोला विधायक एवं प्रबंध निदेशक अमन गिरि, निदेशक मोहित पुरी तथा प्रधानाचार्य आलोक मिश्र ने सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ व शॉल भेंट कर स्वागत किया। मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन व ध्वजारोहण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। छात्र-छात्राओं द्वारा गणेश वंदना, एरोबिक पीटी व महादेव एक्ट की आकर्षक प्रस्तुतियां दी गईं। इसके बाद विभिन्न टीमों ने मार्च पास्ट कर मंचासीन अतिथियों को सलामी दी। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का औपचारिक उद्घाटन किया। प्रतियोगिता के पहले दिन अंडर-19 वर्ग के पहले मैच में एपीएस कानपुर ने डीपीएस लखीमपुर को 5-0 से पराजित किया। दूसरे मैच में एआर जयपुरिया लखनऊ ने डीपीएस जानकीपुरम को 3-0 से हराया। तीसरे मैच में एपीएस नेहरू रोड लखनऊ ने एमआर जयपुरिया लखीमपुर को 3-0 से मात दी। समाचार लिखे जाने तक जीडी गोयनका लखनऊ और सेक्रेड हार्ट लखनऊ के बीच मुकाबला जारी था, जिसमें जीडी गोयनका 1-0 से आगे थी। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक संगम गुप्ता व रोहित शुक्ल ने किया, जबकि स्कोरर की भूमिका सुशील शुक्ल व तल्हा सर ने निभाई। पीटीआई कमाल सर व निधि मैम का योगदान उल्लेखनीय रहा। इस अवसर पर अनेक गणमान्यजन व अभिभावक उपस्थित रहे।

## डीएम ने किया विकास खंड बलरामपुर में सहकारी समिति चकवा का औचक निरीक्षण

▸ स्टॉक पंजिका से स्टॉक का किया मिलान, डीएम ने उर्वरक लेने आए कृषकों से की वार्ता, टोकन के अनुसार उर्वरक वितरण के दिए निर्देश

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**



शासन के दिशानिर्देशों के क्रम में खरीफ फसल सीज़न में कृषकों को सुलभ, पर्याप्त एवं निर्धारित मूल्य पर उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित करने को डीएम श्री पवन अग्रवाल द्वारा विकासखंड बलरामपुर में सहकारी समिति चकवा का निरीक्षण किया गया। पर्याप्त स्टॉक की उपलब्धता के बावजूद मौके पर वितरण न होने पर डीएम ने सहकारी समिति प्रभारी को कड़ी फटकार लगाई एवं तत्काल वितरण प्रारंभ करवाया।

उन्होंने निर्देश दिए कि उर्वरक वितरण हेतु निर्धारित समय में निरंतर उर्वरक का वितरण किया जाए, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। उन्होंने स्टॉक पंजिका, वितरण पंजिका अवलोकन किया एवं स्टॉक का मिलान किया। उन्होंने सहकारी समिति पर उर्वरक लेने आए कृषकों से वार्ता की, उन्होंने बताया कि उर्वरक वितरण हेतु सहकारी समिति पर समय निर्धारित हैं, सभी कृषक बंधु निर्धारित समय पर ही समिति पर आए सभी को उर्वरक प्रदान किया जाएगा।

उन्होंने टोकन व्यवस्था के अनुसार उर्वरक वितरण किए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान एआर कॉपरेटिव, उपनिदेशक कृषि, जिला कृषि अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

---

दवाओं की लूट पर लगे लगाम-

## मिशन सामाजिक परिवर्तन ने उपमुख्यमंत्री को पत्र लिखा, किया उच्चस्तरीय जांच का अनुरोध

**गोला गोकर्णनाथ (खीरी)।** प्रदेशभर में जेनेरिक दवाओं पर मनमाने एम.आर.पी. (अधिकतम खुदरा मूल्य) और बेतरतीब दरों पर बिक्री को लेकर मिशन सामाजिक परिवर्तन ने सरकार को घेरा है। संगठन ने उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक को एक पत्र प्रेषित कर जेनेरिक दवा निर्माताओं द्वारा की जा रही मनमानी पर उच्चस्तरीय जांच और नियंत्रण की मांग की है। मिशन सामाजिक परिवर्तन - एक नई दिशा के संस्थापक व अध्यक्ष एडवोकेट रमाकान्त चौधरी ने अपने पत्र में कहा कि केंद्र सरकार द्वारा जेनेरिक दवाओं को बढ़ावा देने की तमाम योजनाएं चलाई जा रही हैं, ताकि आम नागरिकों को सस्ती दरों पर गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराया जा सके। लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट है।

**10 की दवा पर 150 का एमआरपी, मरीज हो रहे हैं शोषण का शिकार:** पत्र में उदाहरण देते हुए बताया गया कि कई दवाओं की उत्पादन लागत रु.10 होने के बावजूद उन पर रु.150 तक का एम.आर.पी. छाप दिया जाता है, जिससे बाजार में वही दवा अलग-अलग दुकानों पर रु.10, रु.50 या रु.150 में बिक रही है। यह स्थिति सीधे तौर पर उपभोक्ताओं के साथ अन्याय और शोषण है।

**एमआरपी नियंत्रण जरूरी, दवाओं पर क्यों नहीं लागू सख्ती:**



श्री चौधरी ने सवाल उठाया है कि जब देश में खाद्य सामग्री, वस्त्र, और इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं पर एम.आर.पी. नियंत्रित है, तो फिर जीवनरक्षक दवाएं इस नियंत्रण से बाहर क्यों हैं? उन्होंने मांग की है कि दवा निर्माता कंपनियों द्वारा मनमाने एम.आर.पी. तय करने की प्रवृत्ति की जांच की जाए और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए।

**दवा की खरीद-बिक्री रसीद हो सार्वजनिक, जागरूकता अभियान और हेल्पलाइन की भी मांग:** मिशन सामाजिक परिवर्तन ने मांग की है कि सभी मेडिकल स्टोरों को निर्देशित किया जाए कि वे दवाओं के क्रय और विक्रय मूल्य की सूची दुकानों पर स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करें। साथ ही, प्रदेश में ड्रग कंट्रोल विभाग द्वारा दवा मूल्य जांच अभियान चलाया जाए और उपभोक्ताओं को जागरूक करने हेतु अभियान शुरू किया जाए। संगठन ने इस मुद्दे पर निगरानी के लिए एक विशेष प्राधिकरण अथवा हेल्पलाइन की भी स्थापना की मांग की है, जिससे आम जनता अपनी शिकायतें दर्ज करा सके।

## एसडीएम अभय सिंह ने संभाली कमान, अधिवक्ताओं से संवाद कर नई कार्यशैली की शुरुआत की



**उतरौला (बलरामपुर)।** नवागंतुक उपजिलाधिकारी अभय सिंह ने शुक्रवार को पदभार संभाल लिया। पदभार संभालने के बाद उन्होंने अधिवक्ताओं के साथ बैठक कर उनकी समस्याएं सुनीं। एसडीएम सत्यपाल प्रजापति के स्थानांतरण के बाद नए उपजिलाधिकारी के रूप में अभय सिंह को तुलसीपुर से भेजा गया है। शुक्रवार को उन्होंने तहसील आकर पदभार ग्रहण कर लिया। इस दौरान अपने अधीनस्थों से जानकारी ली। बाद में अधिवक्ताओं को बुलाकर उनसे परिचय प्राप्त किया और उनकी समस्याओं के बारे में पूछा। अधिवक्ताओं ने अपने पेशे से संबंधी कई समस्याएं बताई। उपजिलाधिकारी ने उनकी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया तथा सभी से सहयोग की अपील की। इस दौरान नायब तहसीलदार अनुज कुमार बार एसोसिएशन उतरौला अध्यक्ष अखिलेश सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष वैभव चतुर्वेदी, संयुक्त मंत्री आशीष कसौधन, दीपक गुप्ता, प्रहलाद यादव, सियाराम मिश्रा, शमशाद खान, नसीम अहमद, अमित श्रीवास्तव, देवेंद्र निषाद, जयकरण भारती, विनय श्रीवास्तव मौजूद रहे।

## सीएम के नेतृत्व में जिले की शिक्षा-स्वास्थ्य में हुआ बड़ा परिवर्तनः विधायक

▸ कल्याणकारी योजनाओं का सतत एवं सम्मिलित प्रयासों से करे बेहतर क्रियान्वयनः डीएम

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**



नीति आयोग भारत सरकार द्वारा दिनांक 1 जुलाई 2024 से 30 सितंबर 2024 तक संपूर्णता अभियान चलाया गया। संपूर्णता अभियान के तहत जनपद पर तीन संकेतकों पर पूर्ण संतृप्ति प्राप्त की गई तथा विकासखंड स्तर पर 05 संकेतकों पर पूर्ण संतृप्ति प्राप्त की गई। जनपद एवं विकासखंड पर उत्कृष्ट कार्य पर विकास भवन सभागार में संपूर्णता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक बलरामपुर सदर पल्टूराम, विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ला , डीएम पवन अग्रवाल उपस्थित रहें। इस अवसर विधायक बलरामपुर सदर एवं विधायक तुलसीपुर द्वारा संपूर्णता अभियान के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विधायक बलरामपुर सदर पल्टूराम ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री के नेतृत्व में जनपद बलरामपुर पिछड़े जनपद से उबरकर विकसित एवं अग्रणी जनपद में शामिल हुआ है। शिक्षा स्वास्थ्य एवं पोषण के क्षेत्र में जनपद में अभूतपूर्व कार्य हुआ है। योजनाओं का लाभ सभी पात्रों को मिल रहा हैं। इस अवसर पर डीएम पवन अग्रवाल ने कहा कि कल्याणकारी योजनाओं का सतत एवं सम्मिलित प्रयासों से बेहतर क्रियान्वयन करें। इस दौरान संपूर्णता अभियान समारोह के तहत लोकल उत्पादों की सात दिवसीय आकांक्षा हॉट का विधायकगण एवं डीएम ने शुभारंभ किया एवं स्टॉल का किया अवलोकन किया। इस दौरान विधायक गैसड़ी, सांसद प्रतिनिधि, जन प्रतिनिधि गण, मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, पीडी डीआरडीए व अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

समृद्धि न्यूज़
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समृद्ध समाज का आधार
लखनऊ, शनिवार 02 अगस्त 2025


# उत्तर प्रदेश में गाय के गोबर से बनेगा कपड़ा और बायोप्लास्टिक

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा से उत्तर प्रदेश में प्लास्टिक प्रदूषण को नियंत्रित करने की दिशा में एक बड़ा और क्रांतिकारी कदम उठाया गया है।

अब प्रदेश में निराश्रित गऊ माताओं के गोबर से बायोप्लास्टिक, जैव-पॉलिमर, बायोटेक्सटाइल, वस्त्र, इको-पेपर, बोर्ड, बायोगैस, कम्पोस्ट और नैनोसेल्यूलोज जैसे उत्पाद तैयार किए जाएंगे। उत्तर प्रदेश में निराश्रित गोवंश से प्रतिदिन औसतन 54 लाख किलोग्राम गोबर उत्पन्न होता है, जिसका उपयोग इन प्रोडक्ट को बनाने में किया जाएगा। गोबर से वैज्ञानिक पद्धति के जरिए न केवल प्लास्टिक के विकल्प तैयार किए जाएंगे, बल्कि जैव प्रदूषण को भी रोका जाएगा। इससे पर्यावरण संरक्षण को भी नया बल मिलेगा। सीएम योगी के नेतृत्व में 8 साल में प्रदेश ने विकास के क्षेत्र में नई लकीर खींच दी है।



▸ यूपी में निराश्रित गोवंश से प्रतिदिन औसतन 54 लाख किलोग्राम उत्पन्न होता है गोबर

### अंतरराष्ट्रीय पहचान बनाएगा यूपी का गोसेवा मॉडल

गो-सेवा आयोग के ओएसडी डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि इस योजना की तकनीकी सलाहकार डॉ. शुचि वर्मा, असिस्टेंट प्रोफेसर (बायोटेक्नोलॉजी), रामजस कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय हैं। इन्होंने गोबर से बायोप्लास्टिक निर्माण की प्रभावी तकनीक विकसित की है। आयोग में उन्होंने अपने किए गए शोधों पर व्याख्यान भी प्रस्तुत किया।

### गो सेवा आयोग की दूरदर्शी योजना

गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने बताया कि यह योजना मुख्यमंत्री के फ्रहर गांव ऊर्जा केंद्रफ्र मॉडल के अनुरूप है। इसमें गोबर आधारित बायोगैस से ऊर्जा उत्पादन के साथ-साथ जैविक/प्राकृतिक खेती, ग्रामीण रोजगार और गोशालाओं की आत्मनिर्भरता सुनिश्चित की जाएगी।

### रोजगार, उद्यम और राजस्व तीनों बढ़ेंगे

इस योजना से लाखों ग्रामीण युवाओं को रोजगार मिलेगा, वहीं ग्रामीण महिलाओं को लघु उद्यम के अवसर भी मिलेंगे। इन नवाचारों के जरिए प्रदेश सरकार को राजस्व की प्राप्ति होगी। गोशालाओं को आत्मनिर्भर बनाया जाएगा और गांवों को आर्थिक रूप से मजबूत करने की दिशा में यह कदम बेहद अहम साबित होगा।

# कार्यदायी संस्थाओं और ठेकेदारों की हीलाहवाली पर होगी सख्ती

▸ गुणवत्ता व समयबद्धता अनिवार्य : जयवीर

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि राज्य में लंबित पर्यटन परियोजनाओं को प्राथमिकता देते हुए तय समय सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए। मंत्री ने कहा, विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने विकास कार्यों में शिथिलता बरतने वाले ठेकेदारों, आर्किटेक्ट आदि पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए। पर्यटन विभाग की योजनाओं एवं कार्यक्रमों का क्रियान्वयन जमीनी स्तर पर दिखना चाहिए। जयवीर सिंह आज गोमती नगर स्थित पर्यटन भवन में विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में प्रमुख सचिव पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मार्थ कार्य मुकेश कुमार मेश्राम, विशेष सचिव पर्यटन ईशा प्रिया, पर्यटन सलाहकार जेपी सिंह के अलावा अधिकारी उपस्थित रहे। पर्यटन मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं और आधारभूत ढांचे के विस्तार पर विशेष जोर दे रही है।

## खबरें एक नजर में

### सुखनदान सजायेगा सूफी महफिल



**लखनऊ।** गीत-संगीत, तबले की थाप पर कथक के घुंघरू की आवाज पर वाह वाह करने वाले कला के कदरदानों को मिलेगा आनन्द, सुफी संगीत को सुनने का सुखनदान फाउण्डेशन के फाउण्डर चेयरमैन नदीम फरुख ने प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस वार्ता मे यह बात कही। सुखनदान के नेशनल प्रेसीडेंट कल्चरल विंग मोहम्मद अली साहिल ने जानकारी देते हुए कहा उनकी संस्था स्वतंत्रता दिवस के 78वें वर्ष के स्वतंत्रता दिवस को अगस्त माह भर मनाने का संकल्प लिया है जिसका प्रारम्भ प्रेस वार्ता के जरिए किया जा रहा है। स्वतंत्रता दिवस के माह अगस्त मे विभिन्न सांस्कृतिक, साहित्यिक व सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन जश्न ए हिन्दुस्तान के नाम से होगे। ग्रैंड म्यूजिकल नाईट का पोस्टर लांच करते हुए बताया कि सुप्रसिद्ध अन्तर्राष्ट्रीय सूफी युवाओ गायक रईस अनीस साबरी 26 अगस्त को सूफी गीतो से अवध की शाम सजायेगे, जो जश्न ए हिन्दुस्तान का सबसे बडा और आयोजन है, जिसके टिकट बुक माई शो से बुक कर सकते है। मो जुबेर, पत्रकार सुशील दुबे, मीडिया फोटोग्राफर्स क्लब की मंजू श्रीवास्तव, बिलाल सहारनपुरी, मो आसिफ सभी ने इस आयोजन के लिए स्थानीय जन-मानस से इस कार्यक्रम में सम्मिलित होकर इसको ऐतिहासिक बनाये जाने की अपील की गयी।

### फेफड़ा कैंसर जागरुकता दिवस पर हुई पोस्टर प्रतियोगिता

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** शुक्रवार को नवयुग कन्या महाविद्यालय में प्राचार्या प्रो0 मंजुला उपाध्याय के मार्गदर्शन में विश्व फेफड़े का कैंसर जागरूक्ता दिवस-''जल्दी पहचान और समान देखभाल के लिए बाधाओं को तोड़ना'' थीम पर एक पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन जन्तु विज्ञान विभाग द्वारा किया गया। जिसमें विज्ञान संकाय की छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। फेफड़े का कैंसर विश्व स्तर पर सबसे अधिक मृत्यु-दर वाला रोग है। अतः लोगों में कैसर के प्रति जागरूकता बढ़ाने, कैंसर की समय पर पहचान और इलाज के लिए प्रोत्साहित करना इस प्रतियोगिता का उद्देश्य रहा। प्राचार्या प्रो. मंजुला उपाध्याय ने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए आगे भी ऐसे कार्यक्रम करने की प्रेरणा दी और छात्राओं की प्रतिभागिता को देखकर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सकारात्मक सोच के साथ पढ़ाई के अलावा विभिन्न पाठ्येतर गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

### एलयू का 68वां दीक्षांत समारोह 10 सितंबर को, नोटिफिकेशन जारी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ विश्वविद्यालय का 68वां दीक्षांत समारोह 10 सितंबर को होगा। समारोह में चांसलर मेडल सहित टॉप 5 कैटेगरी में मेधावियों को सम्मानित किया जाएगा। इन कैटेगरी में अवॉर्ड के लिए आवेदन मांगे गए हैं, जिसकी लास्ट डेट 20 अगस्त है। दीक्षांत समारोह को लेकर होने वाली तैयारियों को तेज कर दी गई है। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी की तरफसे पांच श्रेणियों में चांसलर मेडल, चक्रवर्ती मेडल, वीसी मेडल, काली प्रसाद मेडल और रुचिराम मेडल दिए जाने का नोटिफिकेशन जारी किया गया हैं। इसके तहत सभी डीन और एचओडी को पत्र भी भेज दिए गए हैं। प्रमुख पदकों और पुरस्कारों के लिए सूची मांगी गई है। सूची मिलने के बाद स्क्रीनिंग कमेटी दावेदारों की जांच करेगी। साथ ही आवेदकों का साक्षात्कार भी होगा।

### बलरामपुर चिकित्सालय में नवनियुक्त अधिकारियों का स्वागत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** चिकित्सा स्वास्थ्य महासंघ उत्तर प्रदेश के प्रधान महासचिव की उपस्थिति में बलरामपुर चिकित्सालय, लखनऊ में नवनियुक्त मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. हिमांशु चतुर्वेदी एवं नवनियुक्त चिकित्सा अधीक्षक डॉ. देवाशीष शुक्ला का पुष्पगुच्छ भेंट कर भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। प्रधान महासचिव ने कहा कि चिकित्सालय सुचारु एवं प्रभावी रूप से संचालित करने हेतु सभी कार्मिकों, चिकित्सकों एवं अधिकारियों को साथ लेकर चलना अत्यंत आवश्यक है। सामूहिक सहयोग और समन्वय से स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में और अधिक सुधार संभव है। इस अवसर पर कपिल वर्मा अध्यक्ष,सुनील कुमार कोषाध्यक्ष भी उपस्थित रहे। आपसी समर्पण, सौहार्द और स्वास्थ्य सेवा के प्रति प्रतिबद्धता का परिचायक रहा।

### भाजपा में क्षत्रिय समाज को उचित प्रतिनिधित्व देने की मांग



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** शुक्रवार को श्रीराम क्षत्रिय सेना के प्रतिनिधिमंडल ने भारतीय जनता पार्टी लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी से शिष्टाचार भेंट करके भाजपा के संगठन में क्षत्रिय समाज को उचित प्रतिनिधित्व देने की मांग की। श्रीराम क्षत्रिय सेना के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष जमुना बक्स सिंह निर्भय, प्रदेश मंत्री मुसाफिर सिंह, जिला मीडिया प्रभारी डी पी सिंह चौहान, श्याम सिंह राठौर, धर्म सिंह तोमर, डॉ एसपी सिंह चंदेल, श्याम जीत सिंह, एबी सिंह, विवेक सिंह, पंकज सिंह, राजबीर सिंह आदि उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एमएसएमई विभाग की बैठक में कहा

# उत्तर प्रदेश में एमएसएमई के क्षेत्र में हैं अपार संभावनाएं

समृद्धि न्यूज



▸ यूपी को फुटवियर-लेदर विनिर्माण का वैश्विक केंद्र बनाएगी नई नीति

▸ डिजाइन टू डिलीवरी मॉडल के साथ एकीकृत इकोसिस्टम विकसित करेगा यूपी

▸ उत्पादन, डिजाइन, अनुसंधान व प्रशिक्षण को एक प्लेटफॉर्म पर लाने की तैयारी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश ने फुटवियर, लेदर और नॉन-लेदर विनिर्माण के क्षेत्र को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करने की दिशा में ठोस कदम उठाने शुरू कर दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को एमएसएमई विभाग की बैठक में कहा कि उत्तर प्रदेश को इस क्षेत्र में वैश्विक पहचान दिलाने की अपार संभावनाएं हैं। राज्य के पारंपरिक कौशल, प्रशिक्षित श्रमबल, कच्चे माल की प्रचुरता और आगरा, कानपुर व उन्नाव जैसे सशक्त औद्योगिक केंद्रों की मौजूदगी को देखते हुए एक समग्र, व्यावहारिक और परिणामोन्मुखी नीति का निर्माण आवश्यक हो गया है। बैठक में 'उत्तर प्रदेश फुटवियर, लेदर एवं नॉन-लेदर क्षेत्र विकास नीति 2025' के प्रारूप पर विभागीय अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने क्लस्टर आधारित विकास मॉडल को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नीति में स्पष्ट रूप से यह परिभाषित किया जाए कि प्रदेश के कौन-से क्षेत्र इस उद्योग के लिए सबसे उपयुक्त हैं। मुख्यमंत्री ने सुझाव दिया कि यदि उत्पादन, डिजाइन, अनुसंधान और प्रशिक्षण को एकीकृत किया जाए तो यह क्षेत्र न केवल बड़े पैमाने पर निवेश आकर्षित कर सकता है, बल्कि लाखों युवाओं को रोजगार भी उपलब्ध करा सकता है। फ्लैटेड फैक्ट्री कॉम्प्लेक्स जैसी अधोसंरचना सुविधाओं की स्थापना की आवश्यकता पर बल दिया ताकि औद्योगिक इकाइयों को बेहतर कार्य वातावरण मिल सके। प्रस्तावित नीति के तहत अगले कुछ वर्षों में लगभग 22 लाख नई नौकरियों के सृजन की संभावना है। यह नीति उत्तर प्रदेश को वैश्विक फुटवियर और लेदर विनिर्माण का केंद्र बनाने की दिशा में एक निर्णायक पहल मानी जा रही है। वर्तमान में भारत इस क्षेत्र में दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक और उपभोक्ता है, जिसमें उत्तर प्रदेश की भागीदारी महत्वपूर्ण है।

### सपा को आवंटित सरकारी कोठी खाली करने के आदेश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने मुरादाबाद में समाजवादी पार्टी को आवंटित की गई सरकारी कोठी को खाली करने का आदेश जारी किया है। कोठी 1994 में तत्कालीन मुख्यमंत्री और सपा संस्थापक मुलायम सिंह को 250 रुपये प्रति माह किराए पर आवंटित की गई थी। मुरादाबाद जिला प्रशासन ने पार्टी की स्थानीय इकाई को एक महीने के अंदर यह कोठी खाली करने का आदेश जारी किया है। कोठी मुरादाबाद के प्रतिष्ठित सिविल लाइंस क्षेत्र में ग्राम छावनी के समीप स्थित है, जहां पुलिस ट्रेनिंग कॉलेज सहित कई प्रमुख सरकारी संस्थान मौजूद हैं। 1000 स्क्वायर मीटर में फैली कोठी में वर्तमान में समाजवादी पार्टी का जिला कार्यालय है।

### कोर्ट ने 50 हजार की दो जमानतों के साथ दी रिहाई

▸ पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज था मामला, पीड़िता को न धमकाने की शर्त

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट), लखनऊ की अदालत ने 25 वर्षीय युवक फरीद, पुत्र मो0 सईद, निवासी राजाजीपुरम, लखनऊ को शर्तों के साथ जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया है। युवक पर धारा 75, 351(2) सी.एल.एस. एक्ट तथा 7/8 पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज था। इस केस में आरोपी की ओर से अधिवक्तागण इरशाद अली एवं सुलेमान अब्बास ने पैरवी की। कोर्ट में प्रस्तुत जमानत याचिका में अधिवक्ताओं ने तर्क दिया कि आरोपी को झूठे आरोप में फंसाया गया है और प्राथमिकी भी घटना के दो महीने बाद दर्ज की गई, जिससे अभियोजन पक्ष की मंशा पर सवाल उठता है। घटना 12 अप्रैल 2025 की बताई गई थी, जबकि प्रथम सूचना रिपोर्ट 18 जून 2025 को दर्ज हुई। आरोपी 22 जुलाई 2025 से न्यायिक हिरासत में था। पीड़िता की ओर से आरोप लगाया गया कि आरोपी ने उसे स्कूल जाते समय छेड़छाड़ और अनुचित स्पर्श किया। जब पीड़िता ने अपनी बहन को इस घटना की जानकारी दी तो पूछताछ के बाद मामले का खुलासा हुआ और परिजनों ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने माना कि अभियुक्त पहले से आपराधिक प्रवृत्ति का नहीं है, उसे काफी समय से हिरासत में रखा गया है, और अभियोजन पक्ष द्वारा जमानत का विरोध करने का कोई ठोस आधार नहीं दिया गया। अतः अदालत ने अभियुक्त फरीद को 50,000 के दो जमानती प्रस्तुत करने की शर्त पर रिहा करने का आदेश दिया। साथ ही यह स्पष्ट किया गया कि रिहाई के बाद अभियुक्त पीड़िता, गवाहों या किसी भी संबंधित पक्ष को प्रभावित या धमकाने का प्रयास नहीं करेगा, अन्यथा उसकी जमानत निरस्त की जा सकती है। यह आदेश 30 जुलाई 2025 को विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) लखनऊ की अदालत द्वारा पारित किया गया।




# दस जुआरियों को मड़ियांव पुलिस ने किया गिरफ्तार

फड़ से नगदी बरामद, इंस्पेक्टर शिवानन्द मिश्रा के नेतृत्व में लगातार मड़ियांव इलाके में अपराध पर कसा जा रहा शिकंजा

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तरी जोन के मड़ियांव इलाके में अपराधियों, जुआरियों और मादक पदार्थ की तस्करी करने वालों के विरुद्ध इंस्पेक्टर मड़ियांव शिवानंद मिश्रा के नेतृत्व में लगातार अभियान चलाया जा रहा है, जिसके चलते मड़ियांव इलाके में गैर कानूनी कार्य करने वाले अभियुक्तों और अपराधियों में हड़कंप मचा हुआ है।

अपराध की रोकथाम के लिए शुक्रवार को मड़ियांव पुलिस ने आईआईएम रोड स्थित मुतक्कीपुर में जुए की फड़ पर छापा मारते हुए 10 जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया। मौके पर जुए की फड़ से पुलिस ने 65.751 रुपए नगद बरामद किए। गिरफ्तार जुआरियों की पहचान संजय रावत, मनीष रावत, इरशाद गाजी, सतीष रावत, नीरज गुप्ता, विकास रावत, ज़मीर हुसैन, जसवंत कुमार, अनिल कुमार, जीवन लाल, के रूप में हुई। इंस्पेक्टर मड़ियांव शिवानन्द मिश्रा ने बताया कि क्षेत्र में जुआ होने की सूचना प्राप्त हो रही थी जिसका संज्ञान लेते हुए शुक्रवार को स्थानीय पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर घेराबंदी करते हुए जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया। जिसके बाद लिखा पढ़ी करते हुए पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है। ज्ञातव्य हो कि पूर्व में भी मड़ियांव पुलिस द्वारा जुए के बड़े अड्डे पर छापा मारकर लगभग दो दर्जन जुआरियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था और लाखों की बरामदगी हुई थी। इंस्पेक्टर मड़ियांव शिवानन्द मिश्रा के नेतृत्व में अपराधियों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई जारी है। जिस से इलाके को अपराध मुक्त बनाने की दिशा में मड़ियांव पुलिस का यह क़दम अहम माना जा रहा है, क्षेत्रीय जनता में लगातार पुलिस के प्रति भरोसा बढ़ता जा रहा है।

आयुक्त देवी पाटन मंडल ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में सभी चिकित्सा अधिकारियों के साथ कमिश्नरेट सभागार में की बैठक

# स्वास्थ्य सेवाओं को बनाया जाए और भी बेहतर

समृद्धि न्यूज



▸ चिकित्सक समय से अस्पताल पहुंचे, न लिखी जाएं बाहर की दवाएं

**गोण्डा।** मंडल में स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपलब्ध कराई जा रही चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने हेतु स्वास्थ्य विभाग की मण्डलीय समीक्षा हेतु आयुक्त देवी पाटन मंडल ने गुरुवार की देर शाम मंडल के सभी चिकित्सा अधिकारियों के साथ कमिश्नरेट सभागार में समीक्षा बैठक की गयी। आयुक्त ने बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर समीक्षा कर स्वास्थ्य कार्यक्रमों को बेहतर बनाने एवं लोगों को तत्काल स्वास्थ्य सेवायें उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी सीएमओ को निर्देश दिए कि अपने-अपने जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर से बेहतरीन बनाया जाए। किसी भी अस्पताल में डॉक्टर या अन्य स्टाफ अनुपस्थित ना रहे। कोई भी डॉक्टर अस्पताल से बाहर की दवा ना लिखें। दवा का स्टॉक खाली होने से पहले ही सभी दवाई मंगा ली जाए। उन्होंने कहा लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता में अतः सभी सीएमओ व अन्य चिकित्सा अधिकारी पूरी तत्परता के साथ कार्य करते रहें।

समीक्षा बैठक के दौरान आयुक्त ने जनपद स्तरीय चिकित्सालय में सर्जरी की स्थिति के साथ-साथ आभा आईडी, क्वालिटी एश्योरेंस, टीबी कार्यक्रम, मातृत्व स्वास्थ्य कार्यक्रम, एम आई एस कार्यक्रम सहित बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं के बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं एवं पोषण हेतु एक पल अभियान की समीक्षा की।

आयुक्त ने सभी सीएमओ का निर्देश दिए कि वह समय-समय पर सीएचसी व पीएचसी का निरीक्षण कर वहां पर उपलब्ध कराई जा रही आपातकालीन सेवाओं का सत्यापन जरूर करें। आयुक्त ने 70 वर्ष से अधिक आयु के लोगों के गोल्डन कार्ड बनाए जाने, नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत वीएचएसएनडी सत्र का आयोजन करने, बायोमेडिकल वेस्ट का समुचित निस्तारण करने, अस्पताल में समस्त स्टाफ ड्यूटी के समय अपने यूनिफॉर्म एवं आईडी कार्ड के साथ उपस्थित रहने के निर्देश दिए। आयुक्त ने समीक्षा में पाया की आभा आईडी के संबंध में बहराइच व श्रावस्ती जनपद में बेहतर कार्य हुआ है। दोनों जनपदों में 50त्न से अधिक आभा आईडी बनाई गई है। इसके अलावा पूरे मंडल के 17597 छय रोगियों को गोद लिया गया है।

टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के तहत पूरे मंडल में 294 ग्राम पंचायत टीबी मुक्त हो चुकी हैं। मण्डलायुक्त ने वीएचएनडी सत्रों पर सभी आवश्यक संसाधनों की शत-प्रतिशत उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने बच्चों एवं गर्भवती माताओं का शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिए है। डिप्थीरिया, काली खांसी, बीसीजी सहित अन्य टीको का निर्धारित समय के अन्तर्गत बच्चों का टीकाकरण कराये जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि कोई भी बच्चा टीकाकरण से छूटने न पाये। बैठक में समस्त जनपदों के सीएमओ व अन्य चिकित्सा अधिकारी मौजूद रहे

# गोंडा में टैक्स प्रैक्टिशनर के ठिकानों पर आयकर विभाग की टीम की छापेमारी

समृद्धि न्यूज




**गोंडा।** गोंडा में आवास विकास कॉलोनी स्थित रामायण भवन में टैक्स प्रैक्टिशनर अरविंद कुमार पांडेय के आवास एवं कार्यालय पर आयकर विभाग की टीम ने छापेमारी की। कार्रवाई शुक्रवार को दूसरे दिन भी जारी रही। यह कार्रवाई लखनऊ से आई आईआरएस अधिकारियों की विशेष टीम द्वारा की जा रही है।

जानकारी के अनुसार, अरविंद पांडेय लंबे समय से जिले के प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों तथा अन्य सरकारी कर्मचारियों की आयकर रिटर्न दाखिल करने के साथ-साथ कटौती एवं रिफंड संबंधी कार्य करते हैं। साथ ही वह वित्त एवं लेखाधिकारी कार्यालय के साथ समन्वय बनाकर कर्मचारियों की वेतन, भत्ते व कर कटौती से जुड़े अभिलेख तैयार कराते रहे हैं। बताया जा रहा है कि आयकर विभाग को कुछ गड़बड़ियों की शिकायत मिली थी। इसके बाद गुरुवार को टीम ने छापेमारी शुरू की। शुक्रवार को भी टीम ने दस्तावेज खंगाले। कई महत्वपूर्ण डिजिटल व फिजिकल रिकॉर्ड जब्त किए। इस दौरान किसी को आने-जाने की अनुमति नहीं दी गई। टीम ने कंप्यूटर, लैपटॉप, फाइलें, पेन ड्राइव समेत कई डिवाइस को सील कर जांच शुरू की है।

## एक शाम मो.रफी के नाम : पुण्यतिथि पर याद किए गए स्वर्गीय मोहम्मद रफी



**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** एक शाम रफी के नाम .... स्व. मोहम्मद रफी साहब की पुण्यतिथि पर रानी बाजार स्थित प्रेमदास कुटिया के पास गुरुवार को सांयकाल देर शाम ओल्ड इज गोल्ड म्यूजिकल ग्रुप द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें कार्यक्रम की शुरुआत समाज सेवी अटल बिहारी जोशी ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित से किया। कार्यक्रम में मो. रफी साहब की पुण्यतिथि पर रफी साहब के गानों को गाकर उनकी पुण्यतिथि मनाई और उनकी यादें ताजा की गई। गाना गाने में गायिका ज्योति सिंह, दामिनी जोशी, गायक शाकिर अली, संतोष सोनी, शीतल लधानी, संजय मनीष मोदनवाल, गौरव मोदनवाल, कन्हैया गुप्ता, कुमार अंकित, मिथुन मोदनवाल, वीरेंद्र गुप्ता, संतोष लधानी, मनोज कसौधन सहित कई कलाकारों ने रफी साहब की यादें ताजा किया। कार्यक्रम का संचालन बंटी राज सिंगर ने किया। कार्यक्रम संचालन पर आयोजक द्वारा सभी कलाकारों को पुरुस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम में रेनू जोशी,नमन जोशी, शिवकुमार बड़कऊ रामकुमार छोटकऊ ,दिलीप कुमार देशप्रेमी, कन्हैया मोदनवाल, बिजय सोनी, सतीश मोदनवाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### भीम प्रताप ने सीबीएसई क्लस्टर 4 की खेल प्रतियोगिता में मारी बाजी



**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** जिला गोंडा के अदम गोंडवी मैदान के कोच दीपक पाल एवं शाहीन बेबी की देख रेख में एथलेटिक्स की तैयारी कर रहे सुवंस मिलेनियम स्कूल गोंडा के छात्र भीम प्रताप गुप्ता ने सीबीएसई क्लस्टर 4 की खेल प्रतियोगिता 2025 जो की सेठ एमआर जयपुरिया कानपुर रोड लखनऊ की देख रेख में साईं स्पोर्टस स्टेडियम लखनऊ में आयोजित की गई 7 उक्त प्रतियोगिता तीन दिनों के लिए आयोजित की गई ( दिनांक 19 जुलाई 2025 से दिनांक 21 जुलाई 2025) तक 7 इस खेल प्रतिस्पर्धा में भीम प्रताप गुप्ता ने अंडर 14 वर्स – 400 मीटर रेस एवं 600मीटर रेस में प्रतिभाग लेकर द्वितीय स्थान हासिल कियाअब यह राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित खेल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगेछात्र भीम प्रताप गुप्ता के सीबीएसई क्लस्टर 4 की खेल प्रतियोगिता 2025 में जीत हासिल कर वापस आने पर सुवंस मिलेनियम स्कूल की प्रधानाचार्य श्रीमती रीना तिवारी एवं जिले के पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल द्वारा छात्र को मेडल एवं पुरस्कार से सम्मानित किया गया भीम प्रताप गुप्ता की सभी ने सराहना की और उनके उज्जवल भविष्य की कामना भी किया।

### सात बाल श्रमिकों का किया सुरक्षित रेस्क्यू



**बहराइच समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार एवं अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण/ नोडल अधिकारी एएचटीयू के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में बालश्रम रेस्क्यू अभियान चलाया। जिसमें थाना एएचटी जनपद बहराइच से निरीक्षक चन्द्रेश कुमार मय टीम, श्रम विभाग अधिकारी सूरज तिवारी व एनजीओ के साथ थाना फखरपुर में अभियान चलाकर छोटे बड़े प्रतिष्ठान, कारखाने, उद्योगों, दुकानों, निर्माण स्थलों आदि क्षेत्र के निर्माण में बालश्रम/भिक्षावृत्ति, एक युद्ध नशे के विरुद्ध के अंतर्गत संयुक्त टीम द्वारा बाल श्रमिक रेस्क्यू अभियान चलाकर थाना फखरपुर क्षेत्र से 07 नाबालिग बाल श्रमिकों को बालश्रम से मुक्त कराते हुए रेस्क्यू किया व नियोक्ताओं के विरुद्ध श्रम विभाग की टीम द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी तथा आम जनमानस को इस संबंध में जागरूक किया गया कि किसी भी दशा में 18 वर्ष से कम उम्र के बालकों को काम पर न रखा जाए, ऐसा करना दंडनीय अपराध है तथा इमरजेंसी सहायता हेतु शासन एवं प्रशासन द्वारा जारी टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 1090, 1098, 108, 112, 1076, 181 आदि के संबंध में जानकारी दी गई।

### रजिस्ट्री प्रक्रिया में बदलाव के विरोध में अधिवक्ताओं का प्रदर्शन तेज



तीन दिन रजिस्ट्री न कराने का निर्णय, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**कैसरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज।** तहसील कैसरगंज के अधिवक्ताओं ने रजिस्ट्रीकरण प्रक्रिया में हाल ही में हुए बदलावों के विरोध में उपजिलाधिकारी अखिलेश कुमार सिंह को मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन को संबोधित ज्ञापन सौंपा। वकीलों का कहना है कि बैनामा रजिस्ट्री में क्रेता–विक्रेता के सत्यापन हेतु ओटीपी, पैन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र आदि की अनिवार्यता से आमजन को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है और यह परिवर्तन अधिवक्ताओं के हितों के भी विपरीत है। कैसरगंज अधिवक्ता संघ ने 29 जुलाई को अपने बार भवन में बैठक कर निर्णय लिया था कि इन बदलावों के विरोध में तीन दिन (29 से 31 जुलाई) तक रजिस्ट्री कार्य से पूर्ण विराम लिया जाएगा। इसी क्रम में अधिवक्ताओं ने 31 जुलाई को नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया और एकता का संदेश देते हुए अधिवक्ता एकता जिंदाबाद के नारे लगाए।

**प्रशासन ने लिया संज्ञान, फिर भी बदलाव पर संशय बरकरार**

सबरजिस्ट्रार कैसरगंज प्रज्ञा यादव ने बताया कि प्रदर्शन से संबंधित पत्र उन्हें प्राप्त हुआ है, जिसे उच्चाधिकारियों को तत्काल भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि बदलाव से ज़मीनी स्तर पर समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं, जिनकी जानकारी उन्होंने ऊपर तक पहुंचाई है, लेकिन उच्चाधिकारियों का कहना है कि फिलहाल बदलाव में कोई संशोधन नहीं किया जाएगा। अधिवक्ता संघ कैसरगंज के महामंत्री अजय प्रताप सिंह ने बताया कि तीन दिवसीय विरोध प्रदर्शन पूर्व निर्धारित था, जो वर्तमान में चल रहा है। आगे की रणनीति पर पुनः बैठक कर निर्णय लिया जाएगा।

# डूबी हुई फसलों का सर्वे कराकर समय से किसानों को दें मुआवजा : डीएम

नवागत डीएम ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया स्थलीय निरीक्षण सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण करने के निर्देश

समृद्धि न्यूज





**गोण्डा।** जिलाधिकारी गोण्डा श्रीमती प्रियंका निरंजन ने शुक्रवार को तहसील करनैलगंज के अंतर्गत बाढ़ प्रभावित क्षेत्र बहुवन मदार माझा एवं आसपास की बाढ़ चौकियों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि बाढ़ से संबंधित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समयबद्ध ढंग से पूर्ण कर ली जाएं, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित राहत एवं बचाव कार्य किया जा सके।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बहुवन मदार माझा गांव में बाढ़ की स्थिति, नदी के जलस्तर तथा संभावित खतरे की समीक्षा की। उन्होंने क्षेत्रीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि संवेदनशील क्षेत्रों में निरंतर निगरानी रखी जाए एवं नाव, जीवन रक्षक जैकेट, सर्च लाइट, रस्सी, सैटेलाइट फोन जैसी सामग्री पूर्ण रूप से तैयार रखी जाए। बाढ़ चौकियों पर तैनात कर्मचारियों की उपस्थिति, रजिस्टर संधारण, संचार व्यवस्था तथा सूचना तंत्र की भी उन्होंने जांच की। जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि राहत एवं बचाव कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि प्रभावित क्षेत्रों में पहले से ही चिन्हित आश्रय स्थलों पर पेयजल, शौचालय, भोजन एवं चिकित्सा आदि मूलभूत सुविधाएं सुलभ कराई जाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता है कि जनहानि किसी भी कीमत पर न हो और लोग सुरक्षित रहें। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे अफवाहों से बचें, प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन करें और किसी भी आपात स्थिति की सूचना तुरंत स्थानीय प्रशासन या कन्ट्रोल रूम को दें। साथ ही उन्होंने मौके पर उपस्थित संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए हैं की बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में डूबे हुए फसलों का सर्वे करा कर संबंधित किसानों को समय से मुआवजा उपलब्ध करायें। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि बाढ़ से निपटने हेतु सभी तैयारियां पूर्ण रूप से प्रभावी हों और सतर्कता बनाए रखी जाए। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, उपजिलाधिकारी करनैलगंज, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी राजेश श्रीवास्तव एक्सईएएन बाढ़खंड जय सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# खाद वितरण में गड़बड़ी, फेंक दिए गए किसानों के जमा आधार कार्ड

समृद्धि न्यूज



**मुजेहना/गोंडा।** साधन सहकारी समिति धानेपुर ब्लॉक मुजेहना मे खाद्य वितरण के लिए सुबह से ही किसानों की लंबी लाइन लगाई गई और उनके आधार जमा किए गए तत्पश्चात खाद वितरण का कार्य शुरू किया गया। परंतु कुछ समय बाद अधिक भीड़ को देखते हुए किसानों के जमा आधार कार्ड को बाहर फेंक दिया गया जिससे वह दिनभर परेशान रहे फिर पुलिस की मदद से कुछ लोगों को खाद का वितरण किया गया।

शाम तक परेशान होकर बहुत से किसानों को बिना खाद लिए बैरन वापस लौटना पड़ा सारा दिन भूख प्यास से धूप में तड़पते रहे किसान परंतु कोई सुनने वाला नहीं कर्मचारी किसानों पर धौस डालते हुए देखें गए। इसके पूर्व भी किसानों ने सड़क जाम कर आंदोलन किया था जिसके कारण खाद की बोरियां भेजी गई थी और वितरण भी किया गया था। इन दिनों खेतों में धान की फसल में यूरिया का प्रयोग अति आवश्यक है बाजार में भी खाद नहीं मिलती इसके लिए किसान विवश हैं।

# लाभार्थियों को उपलब्ध कराई जाएं अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं : एडी हेल्थ



समृद्धि न्यूज

**पयागपुर, बहराइच।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पयागपुर का अपर निदेशक स्वास्थ्य (एडी हेल्थ) डॉ. अल्पना रानी गुप्ता व मंडलीय कार्यक्रम प्रबंधक राहुल पटेल ने शुक्रवार को निरीक्षण किया।

अस्पताल परिसर का मुआयना कर जिम्मेदारों को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि लाभार्थियों को अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। एडी हेल्थ सबसे पहले सीएचसी पयागपुर पहुंची। उन्होंने सीएचसी के प्रसव कक्ष, स्टोर रूम, दवा कक्ष, वार्ड का हाल जाना और संतुष्ट दिखे। इसके बाद शौचालय की साफ-सफाई देखी। ओपीडी में आए मरीजों को मिलने वाली स्वास्थ्य व्यवस्था का जायजा लिया। प्रसव वार्ड में पहुंचकर मरीजों से विभाग की ओर से मिलने वाली सुविधाओं के बारे में पूछताछ की। इस दौरान एडी हेल्थ ने कहा कि स्वास्थ्य केंद्र पर मिलने वाली हर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लाभार्थी को दिया जाए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केंद्र पर आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ अच्छा व्यवहार किया जाए।भ्रमण के दौरान उपस्थित लाभार्थियों से मिल रही सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की और आवश्यक सुझाव दिए।इस मौके पर सीएचसी अधीक्षक डॉ धीरेंद्र तिवारी, डॉ अरुण मौर्य, डॉ शरद भारती, डॉ पल्लवी सिंह बीपीएम अनुपम शुक्ल, अजय वर्मा हिमांशु मिश्रा, आशीष कुमार, अनिल राठौर उपस्थित रहे।

### मवेशी बचाने के चलते पलटी बाइक, महिला की इलाज के दौरान मौत

**बहराइच।** खैरीघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत बेलामकन ग्राम पंचायत के बबुरी गांव निवासी सुमन सिंह अपनी बेटी कल्पना सिंह के साथ यूपी 40 बीएच 6083 एचएफ डीएलएक्स से शुक्रवार सुबह करीब साढ़े दस बजे नानपारा की ओर जा रही थी। तभी शिवपुर के पास मवेशी सामने आ गया। जिसे बचाने के चक्कर में बाइक पलट गई। हादसे में सुमन सिंह पत्नी राधेश्याम सिंह उम्र करीब 45 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गई। राह चलते लोगो ने डायल 112 को सूचना दी। मौके पर पीआरवी 6224 से उप निरीक्षक अनिल सिंह, कांस्टेबल राहुल चौधरी, चालक विजय वाजपेई, राघव राम यादव पहुंचे। एम्बुलेंस सेवा की मदद से घायल महिला को सीएचसी शिवपुर ले गए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होता देख बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। सीएचसी अधीक्षक डॉ. नलिन राजा ने बताया कि महिला के सिर, पैर, हाथ व अन्य शरीर के कई हिस्से में गंभीर चोटें आई है।

# नवागत डीएम से प्रधान संगठन के पदाधिकारियों ने की भेंट

▸ ग्रामीण विकास में प्रधान संगठन के माध्यम से हर संभव सहयोग की कही बात

समृद्धि न्यूज



**बहराइच।** जनपद प्रधान संगठन के तत्वावधान में शुक्रवार को संगठन पदाधिकारियों ने नवागंतुक जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी से मुलाकात कर जनपदीय ग्रामीणांचल के चौमुखी विकास के लिए वार्ता किया तथा ग्रामीण विकास में प्रधान संगठन के माध्यम से हर संभव सहयोग की बात कही।

जिलाधिकारी को प्रधान संगठन अध्यक्ष भगवानदीन मिश्र, संरक्षक संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट ने बताया कि पंचायती राज व्यवस्था एवं जनपद के गांव गांव में सर्वांगीण चौहमुखी विकास के लिए प्रधान संगठन हर संभव सहयोग कर रह है तथा सामाजिक कुरीतियों को दूर करने का भी सतत् प्रयास किया जा रहा है। जिलाधिकारी से मिलने वाले प्रधान संगठन प्रतिनिधि मंडल में प्रमुख रूप से वरिष्ठ उपाध्यक्ष राम सुंदर पाण्डेय, जिला मंत्री राम किशुन सोनकर, नवाबगंज संगठन संयोजक चंद्र प्रकाश मिश्र, पयागपुर संगठन अध्यक्ष बाराती लाल वर्मा, पर्यावरण विद डॉ पंकज श्रीवास्तव के अलावा नवागंतुक अपर जिलाधिकारी अमित कुमार वा मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह उपस्थित रहे।

### डीएम ने कलेक्ट्रेट परिसर का किया निरीक्षण



**बहराइच समृद्धि न्यूज।** नवांगतुक जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने बृहस्पतिवार को देर शाम कलेक्ट्रेट परिसर व स्थित कार्यालयों का निरीक्षण कर साफ–सफाई, अभिलेखों का रख–रखाव इत्यादि का जायजा लेते हुए मौके पर ही सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अमित कुमार, मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह, नगर मजिस्ट्रेट राजेश प्रसाद, एसडीएम महसी आलोक कुमार व अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

# स्थानांतरित डीएम मोनिका रानी को दी गई विदाई

▸ कार्यकाल की यादें सदा रहेंगी साथ : मोनिका रानी

समृद्धि न्यूज



**बहराइच।** जनपद में 02 वर्ष से अधिक अवधि तक सफल कार्यकाल के उपरान्त विशेष सचिव, बेसिक शिक्षा एवं अपर महानिदेशक स्कूल शिक्षा के पद पर स्थानान्तरित होने पर निवर्तमान जिलाधिकारी मोनिका रानी व अधिवर्षता की आयु पूर्ण कर तहसील नानपारा में उपजिलाधिकारी न्यायिक के पद पर तैनात संजय कुमार के सेवा निवृत्त होने पर बृहस्पतिवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में नवांगतुक जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की गरिमामयी उपस्थिति में निवर्तमान जिलाधिकारी को जिले के अधिकारियों कर्मचारियों, मीडिया प्रतिनिधियों, संभ्रान्त व गणमान्यजनों, बुद्धजीवियों, राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, धर्मगुरूओं, उद्यमियों एवं व्यापारियों द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर भावभीनी विदाई दी गई।

उल्लेखनीय है कि 20 मई 2023 को जिले का कार्यभार ग्रहण करने के उपरान्त अपनी कार्यशैली से निवर्तमान जिलाधिकारी मोनिका रानी लोगों के बीच लोकप्रिय रही। कार्यकाल के दौरान 'सेवा से संतृप्तिकरण' अभियान के सफल आयोजन के लिए पीएम एवार्ड से भी सम्मानित की गयी।

निवर्तमान जिलाधिकारी के कार्यकाल में जनपद में कई उल्लेखनीय कार्यो का गौरव प्राप्त हुआ है। विदाई समारोह को सम्बोधित करते हुए निवर्तमान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने कहा कि जनपद बहराइच की यादें उनके साथ सदा रहेंगी। उन्होंने कहा कि साम्प्रदायिक सौहार्द के लिए अपनी अलग पहचान रखने वाले जिले में कार्य करने का अवसर मिलना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। मोनिका रानी ने कहा कि मुझे आशा ही नहीं अपितु पूर्ण विश्वास है कि जनपद बहराइच शीघ्र ही आकांक्षात्मक जनपद की श्रेणी से बाहर आकर प्रदेश के अग्रणी जिलों में अपना नाम स्थापित करेगा। उन्होनें कहा कि सभी के सहयोग से जनपद को इस अवधि में कई उपलब्धियां प्राप्त हुई है। विदाई समारोह को सम्बोधित करते हुए नवांगतुक जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने निवर्तमान जिलाधिकारी की कार्यशैली के कारण जिले के विकास को उचाई पर ले जाने की सराहना करते हुए कहा कि निवर्तमान जिलाधिकारी के जनपद विकास के विजन को आगे बढ़ाया जायेगा। उन्होनें सेवानिवृत्त हुए एसडीएम संजय कुमार के सुखमय जीवन के लिए शुभकामना देते हुए कहा कि श्री कुमार ने अपने कार्यकाल में मानवीय संवेदना के साथ अपने दायित्वों का निर्वाहन किया है जो बहुत ही सराहनीय है।

आयोजन

ब्लॉक समन्वय समिति बैठक में इतनी भी क्या जल्दी है, कैम्पेन की दी गई जानकारी

# बीडीओ व चिकित्सा अधीक्षक ने प्रचार वाहन को दिखाई हरी झंडी

समृद्धि न्यूज





**बहराइच।** खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय सभागार में जनसंख्या स्थिरता और परिवार नियोजन के महत्व को लेकर दो महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। पहले कार्यक्रम में बहराइच के खण्ड विकास अधिकारी आलोक कुमार वर्मा ने इतनी भी क्या जल्दी है? एसबीसीसी कैम्पेन के अंतर्गत परिवार नियोजन जागरूकता के लिए प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

यह वाहन उम्मीद परियोजना के तहत ब्लाक जरवल के 118 गांवों में जाकर विवाह की सही उम्र, बच्चों में अंतराल और गर्भनिरोधक साधनों के उपयोग को लेकर समुदाय को जागरूक करेगा। इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा, परिवार नियोजन केवल स्वास्थ्य का विषय नहीं है, यह सामाजिक और आर्थिक विकास से भी जुड़ा है। जब हम बाल विवाह और किशोर गर्भावस्था जैसी कुरीतियों पर रोक लगाएंगे, तभी हम अपने बच्चों को बेहतर भविष्य दे पाएंगे। ब्लॉक समन्वय समिति की बैठक में इतनी भी क्या जल्दी है? अभियान की विस्तार से जानकारी साझा की गई। कार्यशाला में उम्मीद परियोजना, स्वास्थ्य विभाग और पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के प्रतिनिधियों ने जनपद की जनसंख्या संबंधी चुनौतियों और प्रयासों पर प्रकाश डाला। चिकित्सा अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जरवल डॉ. कुंवर रितेश ने बताया, बहराइच में बाल विवाह की दर 37.8 प्रतिशत है, जो राज्य औसत 15.8 प्रतिशत से कहीं अधिक है। कुल प्रजनन दर भी 3.6 है, जबकि प्रदेश औसत 2.4 है। इससे स्पष्ट है कि यहां परिवार नियोजन के प्रति जागरूकता बढ़ाने की सख्त जरूरत है। हमारी कोशिश है कि इस कैम्पेन के माध्यम से लोगों को यह संदेश जाए कि शादी और बच्चों की योजना सोच-समझकर और सही समय पर करें। उन्होंने यह भी जोड़ा कि जिले में आधुनिक गर्भनिरोधक साधनों का उपयोग केवल 33.4 प्रतिशत महिलाओं तक सीमित है, जबकि 27.6 प्रतिशत महिलाएं अभी भी अपूर्ण आवश्यकता की श्रेणी में आती हैं। ऐसे में यह कैम्पेन समुदाय की सोच में बदलाव लाने का एक प्रभावी माध्यम बनेगा। कार्यक्रम में मौजूद अधिकारियों ने बताया कि इस कैम्पेन के तहत चार विषयों पर आधारित लघु फिल्में, जिंगल्स, हैंडबिल्स और पोस्टर तैयार किए गए हैं। इन्हें मोबाइल वैन के माध्यम से गांव-गांव ले जाकर दिखाया जाएगा, वहीं ग्राम चौपालों, संवाद कार्यक्रमों और डिजिटल माध्यमों से भी जागरूकता फैलाई जाएगी। कार्यशाला में अधिकारियों ने यह भी बताया कि विभिन्न विभागों जैसे स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, एनआरएलएम, पंचायतीराज आदि के सहयोग से यह अभियान अधिक प्रभावशाली तरीके से जमीनी स्तर तक पहुंचेगा। उम्मीद परियोजना के तहत गठित जिला और ब्लॉक स्तर की समन्वय समितियां इस प्रयास को दिशा देने में जुटी हैं। कार्यक्रम के अंत में परिवार नियोजन को लेकर सराहनीय कार्य करने वाले आशा कार्यकर्ताओं, ग्राम प्रधानों और समुदाय के सदस्यों को सम्मानित करने के लिए कहा गया। इस अवसर पर परिवार नियोजन कम्युनिटी चैंपियंस, समूह सखी एवं 50 आशा उपस्थिति रहीं।

## भारत विरोधी सनक

अब तो साफहो गया है कि अमेरिकी राष्ट्रपति भारतीय मेधा व भारत की तरक्की को अपने लिये खतरे के रूप में देख रहे हैं। दूसरे कार्यकाल में आये दिन भारत के खिलाफ उनके बयान दरअसल अमेरिका के असुरक्षाबोध को ही दर्शाते हैं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत-पाक टकराव को खत्म करवाने के जिस तरह वे शेख चिल्ली दावे करते रहते हैं, वह उनका एक अपरिपक्व व अनुभवहीन राजनेता होना ही दर्शाते हैं। 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' के उनके थोथे दावों के बीच उन्होंने भारतीय आईटी प्रतिभाओं को दरकिनार करने की बात कही है। उनके तंग नजरिये से साफ हो गया है कि वे भारतीय प्रतिभाओं के उफान को अपने लिये एक चुनौती के रूप में देख रहे हैं। यह साफ है कि उनका लगातार बढ़ता प्रवासी विरोध आखिरकार अमेरिका को ही नुकसान पहुंचाएगा। एक बात तो तय है कि भारत लगातार ट्रंप के निशाने पर है। वे लगातार कहते रहे हैं कि अमेरिकी कंपनियां केवल अमेरिकियों को ही नौकरी दें। यह भी कहते रहे हैं कि अमेरिकी टेक कंपनियों ने अपने फायदे के लिये चीन में फैक्ट्रियां लगाकर उसे समृद्ध किया। इन कंपनियों द्वारा भारतीयों को अवसर देना उन्हें रास नहीं आ रहा है। यही वजह है कि पिछले दिनों उन्होंने एप्पल को चेतावनी दी थी कि यदि उसने भारत में आईफोन का उत्पादन किया तो सजा के तौर पर उस पर पच्चीस फीसदी टैरिफ लगाया जाएगा। यह विडंबना ही है कि जिस वैश्वीकरण व उदारीकरण के नाम पर अमेरिका ने अपार संपदा जुटाई, उससे दूसरे देशों को फायदा पहुंचना उसे नागवार गुजर रहा है। यह कैसे संभव है कि हर सामान का उत्पादन अमेरिका में ही हो, और उस कंपनी में सिर्फअमेरिकी ही कर्मचारी हों। निस्संदेह, प्रतिभा और कार्यकुशलता किसी एक देश का कॉपी राइट नहीं हो सकता। मौजूदा दौर की वैश्विक अर्थव्यवस्था में मुक्त व्यापार के दौर में कोई देश अपनी अर्थव्यवस्था के दरवाजे दूसरों के लिये बंद करके समृद्ध नहीं हो सकता है। दरअसल, आज खुली अर्थव्यवस्था में मल्टीनेशनल कंपनियां अपना मुनाफा देखती हैं। उन्हें जहां सस्ता श्रम व प्राकृतिक संसाधन सुलभ होते हैं, वहीं उत्पादन इकाई लगाती हैं। ट्रंप को यह नहीं भूलना चाहिए कि आईटी के क्षेत्र व सिलिकॉन वैली में यदि समृद्धि की बयार बह रही है, उसमें भारतीयों का बड़ा योगदान है। आज यदि अमेरिका की बड़ी आईटी कंपनियों में भारतीय शीर्ष पदों पर हैं तो अपनी प्रतिभा के बूते ही हैं। एक शोध में खुलासा हुआ है कि सिलिकॉन वैली के करीब एक तिहाई टेक कर्मी भारतीय मूल के हैं। अपनी योग्यता के बूते दर्जनों टेक कंपनियों में भारतीय आईटी विशेषज्ञ ऊंचे ओहदों पर विराजमान हैं। निश्चित रूप से भारतीय टेक विशेषज्ञ अमेरिका आर्थिकी को गति देने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। ऐसे में ट्रंप की यह चेतावनी कि महत्वपूर्ण आईटी कंपनियां व सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म भारतीयों को महत्व न दें, उनकी संकुचित व प्रतिगामी सोच का ही पर्याय है। अब यदि कड़ी मेहनत और प्रतिभा के बूते भारतीय अमेरिका में दूसरे नंबर के समृद्ध प्रवासी हैं, तो उसके मूल में उनकी कड़ी मेहनत और प्रतिभा है। जिसका कोई दूसरा विकल्प नहीं हो सकता। यह रोचक तथ्य है कि अमेरिकी आबादी का डेढ़ प्रतिशत होने के बावजूद भारतीय प्रवासी छह फीसदी आयकर देते हैं। जो उनके अमेरिकी अर्थव्यवस्था में योगदान को ही दर्शाता है। ट्रंप को आत्म-मंथन करना चाहिए कि यदि सिलिकॉन वैली व टेक उद्योग दुनिया में वर्चस्व बनाये हुए हैं तो उसके मूल में भारतीय मेधा की तपस्या व त्याग निहित है। अमेरिका का खजाना भर रहे कई सॉफ्टवेयर तैयार करने में तमाम भारतीय इंजीनियरों का योगदान रहा है। ट्रंप को समय रहते समझ लेना चाहिए कि कथित रूप से अमेरिका को फिर से महान बनाने का नारा भारतीय प्रतिभाओं के योगदान के बिना सिर्फ जुमला बनकर रह जाएगा। अमेरिका के पास गोरे लोगों की वह श्रम शक्ति नहीं है जो उसे दुनिया पर राज करने का मौका दिला सके। इस बात को ट्रंप जितनी जल्दी समझ जाएं, वो अमेरिका के हित में ही होगा।

# ट्रंप की टैरिफ दबाव नीति के आगे भारत झुकेगा नहीं



एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी



**अमेरिका के टैरिफ पैतरेबाजी से डील में उनकी मर्जी से फिट नहीं हो रहा है, तथा अन्य बड़े-बड़े देशों के उनके सामने झुकने के बावजूद भारत किसी अड्सट्टे में नहीं आ रहा है, और न ही, किसी टैरिफ धमकी के दबाव में आ रहा है, बल्कि दो कदम आगे बढ़कर दिनांक 31 जुलाई 2025 को देर शाम तक चली ससंद कार्यवाही में वाणिज्य मंत्री महोदय ने साफ-साफ कह दिया कि उनके लिए राष्ट्रहित सर्वोपरि है, हम उसको ध्यान में रखते हुए निर्णय लेंगे। बता दें वैसे भी भारत अमेरिका से कम समान बुलाता है, तथा भेजता अधिक है, तो उन सेक्टर में जैसे फार्मा, प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रॉनिक, कृषि सहित कुछ क्षेत्रों पर फर्क पड़ने की संभावना जरूर है, परंतु इन क्षेत्रों को सपोर्ट करने भारत की कुछ नीतियां रणनीतियां बनाने पर शायद कार्य शुरू हो चुका होगा। परंतु संसद परिसर में 31 जुलाई 2025 को ही विपक्ष के नेता का बयान देकर ट्रंप द्वारा कहे गए शब्दों क़ा सपोर्ट करते देखे गए जो उचित नहीं है, क्योंकि फैक्ट्स बता रहे हैं कि 2014 में इकोनॉमी 11वे नंबर से 2025 में चौथे नंबर तक पहुंच चुकी है।जीडीपी 2024- 25 में 6.5 पेर्सेंट यूपीडी ट्रांजेक्शन 17200 करोड़ और महंगाई पर 2004-2014 में 8.2 पेर्सेंट से 2015-2025 में 5 पेर्सेंट तक लाना यह आंकड़े दिखा रहे हैं कि वाकई विश्व बैंक तथा आईएमएफ का आंकलन सही है, वाकई यह बयान एक डील की पैतरेबाजी हो सकती है। परंतु भारत आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ चुका है, व अमेरिका की दबाव नीति में आने की संभावना कम है।**

वैश्विक स्तरपर विश्वबैंक आईएमएफ सहित अनेक अंतरराष्ट्रीय वित्तीय एजेंसीयों ने हर बार अपनी रिपोर्ट्स में भारत को विश्व की सबसे अधिक उभरती हुई अर्थव्यवस्था बताया है, तथा भारत की आंतरिक एजेंसियां भी हर बार सकारात्मक भारत की रिपोर्टिंग देती है। अभी पासपोर्ट सूचकांक में भी भारत ने छलांग लगाई है, परंतु फिर भी अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा भारत पर 25 पेर्सेंट टैरिफ़ प्लस पेनल्टी टैरिफ को 1 अगस्त 2025 से लागू कर देने के बावजूद बयान देना कि भारत व सोवियत संघ की अर्थव्यवस्था दोनों मिलकर अपनी डेड इकोनॉमी की ओर नीचे गिर सकते हैं।

इस तरह का बयान सोचनीय है। मैं यह मानता हूं कि,चूँकि भारत किसी भी बात पर अमेरिका के टैरिफ पैतरेबाजी से डील में उनकी मर्जी से फिट नहीं हो रहा है, तथा अन्य बड़े-बड़े देशों के उनके सामने झुकने के बावजूद भारत किसी अड्सट्टे में नहीं आ रहा है, और न ही, किसी टैरिफ धमकी के दबाव में आ रहा है, बल्कि दो कदम आगे बढ़कर दिनांक 31 जुलाई 2025 को देर शाम तक चली ससंद कार्यवाही में वाणिज्य मंत्री महोदय ने साफ-साफ कह दिया कि उनके लिए राष्ट्रहित सर्वोपरि है, हम उसको ध्यान में रखते हुए निर्णय लेंगे। बता दें वैसे भी भारत अमेरिका से कम समान बुलाता है, तथा भेजता अधिक है, तो उन सेक्टर में जैसे फार्मा, प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रॉनिक, कृषि सहित कुछ क्षेत्रों पर फर्क पड़ने की संभावना जरूर है, परंतु इन क्षेत्रों को सपोर्ट करने भारत की कुछ नीतियां रणनीतियां बनाने पर शायद कार्य शुरू हो चुका होगा।

परंतु संसद परिसर में 31 जुलाई 2025 को ही विपक्ष के नेता का बयान देकर ट्रंप द्वारा कहे गए शब्दों क़ा सपोर्ट करते देखे गए जो उचित नहीं है, क्योंकि फैक्ट्स बता रहे हैं कि 2014 में इकोनॉमी 11वे नंबर से 2025 में चौथे नंबर तक पहुंच चुकी है।जीडीपी 2024- 25 में 6.5 पेर्सेंट यूपीडी ट्रांजेक्शन 17200 करोड़ और महंगाई पर 2004-2014 में 8.2 पेर्सेंट से 2015-2025 में 5 पेर्सेंट तक लाना यह आंकड़े दिखा रहे हैं कि वाकई विश्व बैंक तथा आईएमएफ का आंकलन सही है, वाकई यह बयान एक डील की पैतरेबाजी हो सकती है। परंतु भारत आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ चुका है, व अमेरिका की दबाव नीति में आने की संभावना कम है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, ट्रंप की टैरिफ दबाव नीति से भारत झुकेगा नहीं, संसद में वाणिज्यमंत्री की हुंकार राष्ट्र हित सर्वोपरि।

साथियों बात अगर हम ट्रंप द्वारा भारतीय इकोनॉमी को डेड कहना व इसके एनकाउंटर में हमारे तथ्यों की करें तो, ट्रंप का यह पोस्ट भारत पर 25 फीसदी टैरिफ ऐलान के बाद आया है। ट्रंप ने अपनी पोस्ट में लिखा, मुझे इस बात की परवाह नहीं है कि भारत रूस के साथ क्या-क्या करता है, लेकिन वे दोनों मिलकर अपनी डेड इकोनॉमी को और नीचे गिरा सकते हैं। अमेरिकी एक्सपर्ट डेलरिम्पल ने गुरुवार को कहा कि वास्तव में भारत की अर्थव्यवस्था डेड होने से कोसों दूर है, बल्कि पिछले साल अमेरिका की तुलना में दोगुनी तेजी से बढ़ी है और इस साल अमेरिका की तुलना में तीन गुना तेजी से बढ़ने का अनुमान है, इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड के नए वर्ल्ड इकोनॉमिक आंकड़ा डेलरिम्पल की बातों को सपोर्ट करता है। आईएमफ के मुताबिक, भारत की अर्थव्यवस्था 2025 और 2026 दोनों में 6.4 पेर्सेंट की दर से बढ़ने का अनुमान है,जबकि अमेरिका की इकोनॉमी ग्रोथ 1.9 पेर्सेंट और 2 पेर्सेंट रहने का अनुमान है।

कैलेंडर वर्ष के दौरान भारत के 2025 में 6.7 पेर्सेंट की ग्रोथ होने का अनुमान है। आईएमफ के अनुसंधान विभाग के प्रमुख डेनिज इगन ने हाल ही में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि वास्तव में हमारी ग्रोथ दर काफी स्थिर है। संशोधित भारतीय अनुमानों में अप्रैल के अपडेट की तुलना में 2025 के लिए 0.2 प्रतिशत अंकों की ग्रोथ और 2026 के लिए 0.1 प्रतिशत अंकों की ग्रोथ दर्ज की गई है। इसके विपरीत ग्लोबल अर्थव्यवस्था के 2025 के दौरान 3 पेर्सेंट की रेट से बढ़ने का अनुमान है, जबकि अमेरिका समेत विकसित अर्थव्यवस्थाओं की ग्रोथ रेट 2 फीसदी से नीचे रहने का अनुमान है,चीन की ग्रोथ रेट 4.8 फीसदी रहने का अनुमान है। गौरतलब है कि बुधवार को ट्रंप ने भारत से आयात पर आने वाली सभी वस्तुओं पर 25 पर्सेंट टैरिफ लगाने की घोषणा की थी, साथ ही रूसी कच्चे तेल और सैन्य उपकरणों की खरीद पर नराजगी जाहिर करते हुए जुर्माना लागने की बात कही, ट्रंप ने कहा कि भारत में किसी भी देश की तुलना में सबसे कठोर और अप्रिय गैर-मौद्रिक व्यापार अवरोध हैं। उन्होंने भारत के टैरिफ को दुनियां में सबसे ज्यादा बताया है।

साथियों बात अगर हम टैरिफ व डेड इकोनामी का मुद्दा 31 जुलाई 2025 को संसद में उठने व वाणिज्य मंत्री द्वारा देर शाम इसपर जवाब देने की करें तो, अमेरिका की ओर से भारत पर लगाए गए 25 फीसदी टैरिफ का मुद्दा गुरुवार को संसद में उठा, लोकसभा में हंगामे के बीच वाणिज्य मंत्री ने सदन से अमेरिका को जवाब दिया, उन्होंने कहा कि भारतीय वस्तुओं पर अमेरिकी टैरिफ के असर पर सरकार नजर रखे हुए है, किसानों, श्रमिकों, उद्यमियों, निर्यातकों समेत उद्योग जगत के सभी हितधारकों के कल्याण पर सरकार की नजर है, इसके लिए जो भी जरूरी होगा, कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि भारत मात्र एक दशक से भी कम समय में दुनिया की सबसे तेजी बढ़ती अर्थव्यवस्था बन गया है। हम अपने रिफॉर्म, किसानों, एमएसएमई और उद्यमियों की कड़ी मेहनत से 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से टॉप-5 में आ गए हैं, हम कुछ ही सालों में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे, आज अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं और अर्थशास्त्री भारत को वैश्विक अर्थव्यवस्था में एक ब्राइट स्पॉट के रूप में देखते हैं।

भारत वैश्विक विकास में लगभग 16 पर्सेंट का विकास दे रहा है।उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने 2 अप्रैल 2025 को पारस्परिक टैरिफ पर एक एग्जिक्यूटिव ऑर्डर जारी किया था, इसमें व्यापारिक साझेदारों से आयात पर 10 प्रतिशत से 50 प्रतिशत तक एडिशनल ड्यूटी लगाने की बात कही गई थी, 10 पर्सेंट की बेसलाइन ड्यूटी 5 अप्रैल 2025 से लागू हो गई। भारत पर कुल 26 पर्सेंट टैरिफ की घोषणा की गई थी। यह टैरिफ 9 अप्रैल से प्रभावी होना था, लेकिन 10 अप्रैल को इसे 90 दिनों के लिए स्थगित कर दिया गया, बाद में ये स्थगन 1 अगस्त 2025 तक बढ़ा दिया गया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने जो टैरिफ की घोषणा की है, सरकार उसके असर का परीक्षण कर रही है, वाणिज्य मंत्रालय सभी स्टेकहोल्डर्स से बात करके इसके असर का आकलन कर रहा है। सरकार सभी पक्षों के कल्याण को सर्वोच्च महत्व देती है। राष्ट्रीय हित को आगे बढ़ाने के लिए हम आवश्यक कदम उठाएंगे।

उन्होंने बताया कि भारत और अमेरिका ने मार्च 2025 में एक न्यायपूर्ण, संतुलित और पारस्परिक रूप से लाभकारी द्विपक्षीय व्यापार समझौते बीटीए के लिए बातचीत शुरू की थी, इसका टारगेट अक्टूबर- नवंबर 2025 से समझौते के पहले चरण को पूरा करना था। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों ने 29 मार्च 2025 को दिल्ली में आयोजित पहली मीटिंग के दौरान द्विपक्षीय समझौते की बातचीत को अंतिम रूप दिया था, उन्होंने बताया कि नई दिल्ली और वॉशिंगटन में दोनों पक्षों के बीच चार दौर की बैठक हो चुकी हैं, दोनों पक्षों के बीच कई वर्चुअल बैठकें भी हो चुकी हैं।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि दुनियां की सबसे तेज गति से बढ़ने वाली भारतीय अर्थव्यवस्था को डेड कहना क्या ट्रंप की ट्रेड डील की पैतरेबाज़ी है? ट्रंप की टैरिफ दबाव नीति क़े आगे भारत झुकेगा नहीं- संसद में वाणिज्य मंत्री की हुंकार राष्ट्रहित सर्वोपरि विश्वबैंक आईएमएफ सहित दुनियां की दिग्गज रेटिंग एजेंसियों की रिपोर्ट में भारत विश्व की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है, फिर भी ट्रंप द्वारा मृत अर्थव्यवस्था करार देना सरासर अनुचित है।

*लेखक क़र विशेषज्ञ स्तंभकार साहित्यकार अंतरराष्ट्रीय लेखक चिंतक कवि संगीत माध्यम सीए (एटीसी) एडवोकेट हैं।*

विचार

# चुनाव आयोग पर फिर राहुल गांधी का 'विस्फोटक' हमला




अजय कुमार

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मतदाता सूची में गड़बड़ी को लेकर एक और सनसनीखेज बयान दिया है। उन्होंने दावा किया कि उनके पास ऐसी बड़ी चीजें हैं, जिनके खुलासे से भारत का चुनाव आयोग कठघरे में खड़ा हो सकता है। यह बयान न केवल उनकी पिछली टिप्पणियों की निरंतरता है, बल्कि भारतीय लोकतंत्र और इसकी चुनावी प्रक्रिया की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल उठाता है। राहुल गांधी ने संसद परिसर में मीडिया से रूबरू होते हुए दावा किया कि उनके पास मतदाता सूची में गड़बड़ी को लेकर ठोस सबूत हैं, जो चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हैं। उन्होंने संकेत दिया कि ये सबूत इतने विस्फोटक हैं कि इनके सार्वजनिक होने पर चुनाव आयोग की साख खतरे में पड़ सकती है। हालांकि, उन्होंने विशिष्ट विवरण या सबूतों को तत्काल सार्वजनिक नहीं किया, जिससे उनके बयान पर सवाल उठ रहे हैं। यह बयान ऐसे समय में आया है जब बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया और महाराष्ट्र व कर्नाटक के हाल के चुनावों में मतदाता सूची को लेकर पहले से ही विवाद चल रहा है।

राहुल गांधी ने कहा कि उनकी पार्टी ने कर्नाटक के एक निर्वाचन क्षेत्र में मतदाता सूची की गहन जांच की और पाया कि 45, 50, 60, और 65 वर्ष की आयु के हजारों नए मतदाता पंजीकृत किए गए हैं, जो संदिग्ध है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि चुनाव आयोग ने इन गड़बड़ियों को नजरअंदाज किया और पारदर्शिता सुनिश्चित करने में विफल रहा। उनके इस बयान ने विपक्षी दलों को एकजुट करने का काम किया है, खासकर शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) जैसे सहयोगियों ने उनके दावों का समर्थन किया है।

बहरहाल, राहुल गांधी का यह पहला अवसर नहीं है जब उन्होंने चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के दौरान भी उन्होंने मतदाता सूची में धांधली और फर्जी वोटिंग के आरोप लगाए थे। तब उन्होंने महाराष्ट्र में मतदाता संख्या में असामान्य वृद्धि का दावा किया, जिसमें पांच महीनों में 41 लाख नए मतदाता जोड़े गए, जबकि पिछले पांच वर्षों में केवल 31 लाख की वृद्धि हुई थी। उन्होंने इसे वोट चोरी का ब्लूप्रिंट करार दिया और आरोप लगाया था कि फर्जी मतदाताओं को जोड़कर और मतदान प्रतिशत को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाकर धांधली की गई।इसके अलावा, राहुल गांधी ने चुनाव आयोग से डिजिटल मतदाता सूची और मतदान केंद्रों की सीसीटीवी फुटेज सार्वजनिक करने की मांग की थी, जिसे आयोग ने गोपनीयता और सुरक्षा कारणों से खारिज कर दिया। उनके इन दावों को सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी और चुनाव आयोग ने निराधार और असंवैधानिक बताते हुए चुनाव आयोग को बदनाम करने की कोशिश करार दिया। बीजेपी नेता निशिकांत दुबे ने तो यह भी कहा कि राहुल गांधी को अपने पिता राजीव गांधी द्वारा पारित कानूनों की जानकारी नहीं है, जो मतदाता सूची पुनरीक्षण को नियंत्रित करते हैं।

***चुनाव आयोग का राहुल गांधी को उत्तरः-*** चुनाव आयोग ने ठोस सबूत के अभाव में हर बार राहुल गांधी के आरोपों को बार-बार खारिज किया है। आयोग ने कहा कि कर्नाटक लोकसभा चुनाव



2024 की मतदाता सूची को लेकर कांग्रेस ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 24 के तहत कोई अपील दायर नहीं की, जो एक वैध कानूनी उपाय था। इसके अलावा, 2024 के लोकसभा चुनाव में हारे हुए किसी भी कांग्रेस उम्मीदवार ने जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 80 के तहत चुनाव याचिका दायर नहीं की। आयोग ने यह भी स्पष्ट किया कि मतदाता सूची सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ साझा की जाती है, और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त प्रावधान हैं।

आयोग ने राहुल गांधी के बयानों को अनुचित और धमकी भरा बताया और कहा कि एक संवैधानिक संस्था को निशाना बनाना दुर्भाग्यपूर्ण है। इसके बावजूद, आयोग ने राहुल गांधी को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के आरोपों पर चर्चा के लिए आमंत्रित किया, लेकिन इस पर कोई ठोस प्रगति नहीं हुई। वहीं दूसरी तरफ राहुल गांधी के बयानों ने भारतीय चुनावी प्रक्रिया की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उनके दावों ने विपक्षी दलों को एक मंच पर ला दिया है, जो चुनाव आयोग से अधिक पारदर्शिता की मांग कर रहे हैं। हालांकि, उनके सबूतों की कमी और विशिष्ट विवरण न देने की रणनीति ने उनके दावों की विश्वसनीयता पर सवाल उठाए हैं। अगर राहुल गांधी के पास वास्तव में 100 प्रतिशत पुख्ता सबूत हैं, जैसा कि उन्होंने दावा किया है, तो इन्हें सार्वजनिक करना या कानूनी प्रक्रिया के तहत प्रस्तुत करना उनके और उससे भी अधिक देश के लिए महत्वपूर्ण होगा। दूसरी ओर, चुनाव आयोग की ओर से बार-बार खारिज किए जाने और कानूनी उपायों का उपयोग न करने के लिए कांग्रेस की आलोचना ने इस विवाद को और जटिल बना दिया है। यह संभव है कि राहुल गांधी का यह बयान राजनीतिक रणनीति का हिस्सा हो, जिसका उद्देश्य विपक्षी मतदाताओं को एकजुट करना और सत्तारूढ़ दल पर दबाव बनाना हो। हालांकि, बिना ठोस सबूतों के इस तरह के गंभीर आरोप संवैधानिक संस्थाओं के प्रति जनता का भरोसा कमजोर कर सकते हैं, जो लोकतंत्र के लिए खतरनाक हो सकता है। लब्बोलुआब यह है कि राहुल गांधी के हालिया और पूर्व के बयानों ने भारत में चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता पर एक महत्वपूर्ण बहस छेड़ दी है। उनके दावे, हालांकि गंभीर हैं, अभी तक ठोस सबूतों के अभाव में विवादास्पद बने हुए हैं। चुनाव आयोग ने इन आरोपों को खारिज करते हुए अपनी प्रक्रियाओं की पारदर्शिता का दावा किया है। इस स्थिति में, राहुल गांधी और कांग्रेस के लिए यह महत्वपूर्ण होगा कि वे अपने दावों को कानूनी या सार्वजनिक मंच पर साबित करें, ताकि उनकी विश्वसनीयता बनी रहे। जनता का भरोसा कायम रहे। यह विवाद न केवल राजनीतिक बल्कि लोकतांत्रिक संस्थाओं की साख से जुड़ा है, और इसका समाधान दोनों पक्षों के लिए एक चुनौती बना रहेगा।

*लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं*

साहित्य

## मुझसे दिल लगा बैठी, पागल लड़की



उत्साही "उज्जवल"

मुझसे दिल लगा बैठी, पागल लड़की
दर्द-ए-दिल बढ़ा बैठी, पागल लड़की

उसकी आँखों में जादू-मंतर है
सब का सब भूला बैठी, पागल लड़की

छिपकली से डरने वाली होकर भी
इश्क़ का भूत चढ़ा बैठी, पागल लड़की

मैंने उसको आई लव यू क्या कह डाला
कितना शोर मचा बैठी, पागल लड़की

उज्जवल एक लड़की का जिक्र होते ही
देखो मुँह लटका बैठी, पागल लड़की





## राशिफल

**मेषः-** आज सावधानी बरतने की सलाह गणेशजी आपको देते हैं। संभव हो तो सरकार विरोधी कार्य से दूर रहिएगा। दुर्घटना से भी बचकर चलिएगा।

**वृषभः-** आपको रुचिकर मित्रों और स्वजनों के साथ घूमने-फिरने से आनंद-उल्लास प्राप्त होगा।, परंतु मध्याह्न के बाद स्वास्थ्य संभालने की ओर सावधानी बरतें।

**मिथुनः-** आज सुंदर वस्त्राभूषण और भोजन का अवसर आपको प्राप्त होगा, स्वास्थ्य पर सावधानी बरतने की गणेशजी सलाह देते हैं। खर्च अधिक होगा।

कर्कः- गणेशजी कहते हैं कि भविष्य के लिए आर्थिक योजना बनाने के लिए समय अच्छा है। एकाग्रतापूर्वक कार्य करने से कार्य में सफलता अवश्य मिलेगी। किसी के साथ वाद-विवाद न कीजिएगा।

**सिंहः-** आप शारीरिक और मानसिक रूप से अस्वस्थ रहेंगे। माता के स्वास्थ्य को लेकर चिंता रहेगी। आर्थिक रूप से हानि हो सकती है। परिश्रम के अनुरूप परिणाम मिलेगा।

**कन्याः-** गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के प्रति आपका अधिक आकर्षण रहेगा। गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है। नए कार्य का प्रारंभ करने के लिए समय शुभ है।

**तुलाः-** गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के प्रति आपका अधिक आकर्षण रहेगा। प्रियजनों के साथ मुलाकात होगी। विरोधियों पर आप विजय प्राप्त कर सकेंगे।

**वृश्चिकः-** गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है। नए कार्य का प्रारंभ करने के लिए समय शुभ है। विरोधियों पर आप विजय प्राप्त कर सकेंगे।

**धनुः-** आर्थिक लाभ होने के आसार हैं। नए कार्य का प्रारंभ करने के लिए समय शुभ है। प्रियजनों के साथ मुलाकात होगी। विरोधियों पर आप विजय प्राप्त कर सकेंगे।

**मकरः-** सामाजिक रूप से ख्याति प्राप्त होने से आज व्यावसायिक, आर्थिक तथा सामाजिक रूप से लाभदायी दिन है। वाहन चलाते समय भी सावधानी रखिएगा।

कुंभः- आपका मान-सम्मान बढ़ेगा और धनलाभ होने के संकेत गणेशजी आपको देते हैं। प्रत्येक कार्य सरलतापूर्वक संपन्न होगा। कार्यालय में ऊपरी अधिकारी को आपके कार्य से संतोष रहेगा।

**मीनः-** व्यवसायी और व्यापारीवर्ग के लिए प्रातःकाल का समय अनुकूल नहीं है। ऊपरी अधिकारी तथा प्रतिस्पर्द्धियों के साथ व्यर्थ चर्चा या विवाद न करें।

# ट्रंप की पाक के सहारे भारत को सबक सिखाने की साजिश



संजय सक्सेना

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत के खिलाफ लगातार जहर उगल रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दबाव में लेने की नाकाम कोशिश के बाद अब ट्रंप भारत के खिलाफ तरह-तरह के हथकंडे अपना रहे हैं। हाल के ट्रंप के कदमों ने भारत को थोड़ा असहज जरूर कर दिया था, लेकिन भारत इन विषम परिस्थितियों में नया रास्ता तलाशने में लगा है। अर्थशास्त्री कहते हैं ट्रंप के पाकिस्तान के प्रति बढ़ते झुकाव और भारत पर लगाए गए 25 फीसदी टैरिफ ने न केवल द्विपक्षीय संबंधों में खटास ला दी थी, बल्कि एक नई राजनीतिक उलझन को भी जन्म दिया था। ट्रंप का यह कदम भारत को सबक सिखाने की कोशिश थी, लेकिन यह सवाल उठ रहा था कि क्या यह रणनीति अमेरिका के लिए ही उलटी पड़ सकती है? और भारत इस साजिश से कैसे बाहर निकलेगा?

सब कुछ तब शुरू हुआ जब ट्रंप ने अपने दूसरे कार्यकाल की शुरुआत में भारत को महान दोस्त कहने के बाद तीखी टिप्पणियां कीं। उन्होंने भारत के रूस से तेल और हथियार खरीदने पर आपत्ति जताई और फिर भारत-पाकिस्तान के बीच एकतरफा संघर्ष विराम की घोषणा कर दी। यह भारत के लिए अप्रत्याशित था। ट्रंप ने न केवल पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर को व्हाइट हाउस में आमंत्रित किया, बल्कि पाकिस्तान के साथ एक बड़े व्यापारिक समझौते की घोषणा भी की। इस समझौते में तेल और क्रिप्टो कारोबार जैसे क्षेत्र शामिल थे, जिसे पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज़ शरीफ़ ने ऐतिहासिक करार दिया। ट्रंप ने तो यहां तक कह डाला कि एक दिन पाकिस्तान भारत को तेल बेचेगा। यह बयान भारत के लिए एक तमाचे की तरह था।

नई दिल्ली में यह साफ था कि ट्रंप भारत को अपने प्रभाव क्षेत्र में रखना चाहते थे, लेकिन उनकी रणनीति में पाकिस्तान को एक औजार के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा था। भारत के विदेश मंत्रालय ने तुरंत जवाब दिया। प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, भारत और पाकिस्तान के बीच कोई भी समझौता द्विपक्षीय होगा, इसमें किसी तीसरे पक्ष की भूमिका नहीं होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद में ऑपरेशन सिंदूर का जिक्रकरते हुए साफ किया कि भारत ने किसी बाहरी दबाव में आकर सीजफायर नहीं किया। यह भारत की स्वतंत्र विदेश नीति का एक मजबूत संदेश था।

लेकिन चुनौती यहीं खत्म नहीं हुई। ट्रंप प्रशासन ने भारत की छह कंपनियों पर ईरान से व्यापार के लिए प्रतिबंध लगाए और चाबहार पोर्ट परियोजना की समीक्षा की बात कही। यह भारत के लिए रणनीतिक झटका था, क्योंकि चाबहार अफगानिस्तान और मध्य एशिया तक पहुंच का एक महत्वपूर्ण रास्ता था। इसके साथ ही, ट्रंप ने पाकिस्तान को एफ-16 के रखरखाव के लिए 40 करोड़ डॉलर की सहायता दी और काबुल हमले के एक आतंकी को पकड़ने में पाकिस्तान की मदद की सराहना की। ये कदम भारत को अलग-थलग करने की कोशिश का हिस्सा लग रहे थे।

भारत ने इस स्थिति को गंभीरता से लिया। रक्षा मंत्रालय और विदेश मंत्रालय के बीच ताबड़तोड़ बैठकें हुईं। भारत की रणनीति स्पष्ट थी वह न तो ट्रंप के दबाव में झुकेगा और न ही अपनी स्वतंत्र नीति से समझौता करेगा। भारत ने तुरंत रूस और फ्रांस के साथ अपने रक्षा सौदों को और मजबूत किया। रूस से एस-400 मिसाइल सिस्टम की डिलीवरी तेज की गई, जबकि फ्रांस के साथ राफेल जेट्स की खरीद पर बातचीत को अंतिम रूप दिया गया। भारत ने अपनी कूटनीतिक पहुंच का भी विस्तार किया। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने ब्रिक्स देशों के साथ बैठकें कीं और भारत की स्थिति को मजबूती से रखा।

आर्थिक मोर्चे पर, भारत ने ट्रंप के टैरिफ का जवाब देने के लिए अपनी रणनीति तैयार की। वाणिज्य मंत्रालय ने स्थानीय उत्पादन को बढ़ावा देने और आत्मनिर्भर भारत अभियान को तेज करने का फैसला किया। फार्मा, स्टील, और टेक्सटाइल जैसे क्षेत्रों में स्वदेशी उत्पादन को प्रोत्साहन दिया गया। भारत ने वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में अपनी स्थिति को मजबूत करने के लिए जापान और दक्षिण कोरिया जैसे देशों के साथ व्यापार समझौतों पर जोर दिया।

ट्रंप की रणनीति का एक पहलू यह भी था कि वह भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव को भुनाना चाहते थे। लेकिन भारत ने इस जाल में फंसने से इनकार कर दिया। कश्मीर मुद्दे पर ट्रंप की मध्यस्थता की पेशकश को भारत ने ठुकरा दिया। इसके बजाय, भारत ने संयुक्त राष्ट्र में अपनी स्थिति को और मजबूत किया। भारतीय राजनयिकों ने वैश्विक मंचों पर स्पष्ट किया कि कश्मीर भारत और पाकिस्तान का द्विपक्षीय मुद्दा है।

ट्रंप का पाकिस्तान प्रेम अमेरिका के लिए जोखिम भरा साबित हो सकता था। पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था पहले से ही कमजोर थी, और अमेरिकी सहायता के बावजूद उसकी स्थिरता संदिग्ध थी। इसके विपरीत, भारत की बढ़ती आर्थिक और सैन्य शक्ति वैश्विक मंच पर उसकी स्थिति को और मजबूत कर रही थी। ट्रंप की नीति से भारत को अल्पकालिक नुकसान हो सकता था, लेकिन दीर्घकाल में यह अमेरिका के लिए ही उलटा पड़ सकता था। भारत ने अपनी कूटनीति और आर्थिक रणनीति को तेज करते हुए यह साफ कर दिया कि वह किसी भी सबक को स्वीकार नहीं करेगा। जैसे-जैसे दिन बीत रहे थे, नई दिल्ली में विश्वास बढ़ रहा था। भारत ने न केवल ट्रंप की चुनौतियों का सामना करने की तैयारी कर ली थी, बल्कि वह एक नई वैश्विक भूमिका के लिए भी तैयार था। ट्रंप की रणनीति ने भारत को और अधिक आत्मनिर्भर और रणनीतिक रूप से मजबूत बनाने का अवसर दे दिया था। यह एक ऐसा सबक था, जो शायद ट्रंप ने नहीं सोचा था।

*लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं*

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

# बाढ़ पीड़ितों के लिए रुक-रुक कर हो रही बारिश बनी आफत

- सड़क के किनारे डेरा जमाए पीड़ित नहीं जा रहे आश्रय स्थल, चेयरमैन कुलदीप निषाद के प्रयास को सभी ने सराहा, डीएम एसपी, मंत्री ने बाढ़ का लिया जायजा

हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।

जिले में बेतवा व यमुना नदी खतरे के निशान से चार मीटर ऊपर बहने से हालात लगातार खराब होते जा रहे है, करीब डेढ़ हजार बाढ़ पीड़ितों ने आश्रय स्थल व रोडो के किनारे डेरा डाले हुये है। वहीं रुक-रुक कर हो रही बारिश पीड़ितों के लिये आफत सावित हो रही है, प्रशासन व नगर पालिका हमीरपुर के चेयरमैन पीड़ितों को भोजन व उनकी समस्याओं को हल करने का प्रयास कर रहे है।

जानकारी के मुताबिक यमुना नदी का खतरे का निशान 103.63 मीटर है व बेतवा नदी का खतरे का निशान 104.54 मीटर बताया जाता है मगर यमुना नदी का जल स्तर 107.350 है जो देर रात तक 108 मीटर पार कर सकता है,इसी प्रकार बेतवा नदी का जल स्तर लगभग 105 मीटर है जो देर रात तक 106 मीटर पार कर सकती है। शहर सीमा से लगे आसपास के करीब बीस गांवों के लोग सड़क के किनारे तंबू डालकर रात व्यतीत कर रहे है वही करीब पांच सौ से अधिक परिवार डिग्री कालेज कुछेछा में शरण लिये हुये है, वहीं मवेशियों के चारा उपलब्ध कराया जा रहा है। एक पशु के लिये पांच किलो भूसा के हिसाब से चारादिया जा रहा है। हालांकि पुलिस ने यमुना व बेतवा तटबंध में घूमने पर सुबह से ही रोक लगा दी है, आज नगर पालिका हमीरपुर के चेयरमैन कुलदीप निषाद अपनी टीम के साथ राठ रोड व डिग्री कालेज कुछेछा जाकर बाढ़ पीड़ितों से भेटकर उनकी पीड़ा को सुना और आश्रय स्थल मे जाने को कहा सभी को लंच पैकेट दिये। वहीं चेयरमैन ने मोदी रसोई फिर से चौबीस घंटे चालू कर लोगों को राहत देने का काम शुरू किया है। वहीं जल शक्ति मंत्री ने बाढ़ पीड़ितों के शिविर में जाकर उनसे हाल चाल पूछा, जिलाधिकारी घनश्याम मीना व पुलिस अधीक्षक दीक्षा शर्मा ने बाढ़ पीड़ितों से मिलकर उनके दुख दर्द को सुना, बाढ़ पीड़ितों ने बताया की हर दो तीन साल बाद उनको बाढ का दंश झेलना पडता है इसके लिये कोई स्थायी व्यवस्था नहीं बनायी जा रही है यदि रिंग तंटबंध बना दिया जाये तो हमेशा हमेशा के लिये बाढ़ की समस्या हल हो सकती है मगर उनके दर्द को कोई सुनने वाला नही है। इधर बरसात व मच्छरों के प्रकोप के चलते कई बाढ़ पीड़ितों को तबितय विगड़ने लगी है हालाकि स्वास्थ्य विभाग से दवा वितरण के लिये कहा गया है। मगर दो दिन व्यतीत हो गये अभी तक किसी डाक्टर ने दौरा नहीं किया है जिससे पीडितो मे नाराजगी देखी जा रही है बाढ़ का जाजजा लेने के लिये मौदह बांध के एसई सीके मंगलम ने एक्शियन दिनेश कुमार के साथ दौरा किया और कटान वाले क्षेत्रो में जाकर सुरक्षा करने के आदेश दिये है। विजली विभाग ने पोलो में पानी भर जाने के कारण करंट से कोई समस्या पैदा न हो, इसके लिये करीब सौ गांवों की बिजली बंद करा दी है। जिससे लोगों को अंधेरे में रहना पड़ रहा है। वही यमुना व बेतवा नदी के मध्य में बसे मेरापुर गांव का जो बंधा पिछ्ले साल बनाया गया था वह टूट गया है।





## आखिर कब तक झेलेंगे बाढ़ का दंश, पीड़ितों ने जनप्रतिनिधियों से किए सवाल

**हमीरपुर।** हर तीन साल बाद बाढ़ के दंश को झेलते झेलते आसपास के करीब पचास गांवों के लाखों लोगो को पीडा बर्दाश्त नहीं हो पाती है, पीड़ितों का कहना है कि बाढ़ से निपटने के लिये कोई ठोस रणनीति नहीं बनायी जा रही है। कई दशकों से बाढ़ कीपीडा के सुलटाने के लिये हर मर्तवा जो भी सरकारो के नुमाइदे रहे है वह सभी लोग झूठे आश्वासन देते रहे है मगर समस्या का हल किसी ने नही किया है जो भी जनप्रतिनिधि आज सहायता के लिये गये है सभीसे पीडितो ने एक ही सवाल किया है आखिर कब तक झेलेंगे बाढ़ का दंश मगर किसीने कोई समुचित जबाव नही दिया है।

## पावर हाउस में भरा पानी, बिजली गुल

**हमीरपुर।** बाढ से कुरारा क्षेत्र के पतारा 33केवी पावर हाउस में पानी भर जाने के कारण शहर की सप्लाई बंद कर सुमेरपुर क्षेत्र से आपूर्ति की जा रही है जिससे जिले में बाढ़ से विद्युत की समस्या उत्पन्न हो गयी है, सैकडों गांवों में अंधेरा छा गया है। विद्युत विभाग के एक्शियन लेखराज सिंह का कहना है कि पतारा पावर हाउस में पानी घुस जाने से विभाग का बहुक नुकसान हुआ है ट्रांसफार्मरों में पानी चला गया है जिससे विद्युत व्यवस्था बहाल होने मे काफी समय लगेगा। वहीं कुरारा क्षेत्र के सैकड़ों गावो में विजली आपूर्ति ठप हो गयी है। जिससे लोगों को अंधेरे में जीना पड़ रहा है।

## सुबह तक नदियों का थम जाएगा पानी: केंद्रीय जल आयोग

**हमीरपुर।** बाढ़ के मामले में केंद्रीय जल आयोग ने दावा किया है कि बेतवा नदी का जल स्तर रुक गया है सुवह से यमुना नदी का जल स्तर थम जायेगा क्योकि जो बाढ़ प्वाइंट है उनसे लगातार रिपोर्ट थमने की आ रही है. आयोग के एसडीओ एचके रामटेके ने बताया कि वह बराबर बाढ पर नजर बनाये हुये है मुहाना से यमुना की थमने की रिपोर्ट लगातार प्राप्त हो रही है जो पानी छोड़ा गया है वह सुबह तक पास हो जायेगा। इसके बाद पानी आने की उम्मीद कम बतायी जा रही है। इससे लोगों को राहत मिलेगी।


## खबरें एक नजर में

### चंद्रावल नदी का पानी बढ़ने से लोगों में लगातार बढ़ती जा रही है दहशत




**मौदहा(हमीरपुर)।** सावन मास में लगातार हो रही बारिश से आमजन अस्त व्यस्त हो गया है, गांवों के छोटे-छोटे नदी-नाले अपने क्षेत्रों में पानी अधिक होने से तहलका मचाये है। मौदहा क्षेत्र के ग्राम छिमौली में चन्द्रावल नदी का पानी चारो तरफ से घेराव किये हुए है। इसी प्रकार पढोरी में रपटे से एक मीटर पानी ऊपर जा रहा है जिससे आवागमन बाधित है। वही बिवांर थाना क्षेत्र के हिमौली में सीहोर नाला का पानी उफान पर है जिससे गांव टापू बन गया है, इसी प्रकार किसवाही, परेहटा, गहरौली लेवा पासुन, गुरदहा, परछा, इचौली, गढ़ा, खैरी, लदार सहित पन्द्रह से अधिक गांव बाढ़ की त्रासदी झेल रहे है। हिमौली निवासी जुम्मन ने बताया कि हमारा गांव टापू बना है हमे गांव से बाहर जाना होता है तो ट्यूब का सहारा लेकर नाला पार करते है गांव के कुछ घरो में पानी घुसा है यदि अब ज्यादा पानी होता है तो गांव मे बाढ़ के पानी से ज्यादा नुकसान हो जाएगा लरौंद गांव निवासी विष्णु शिवहरे ने बताया बाढ़ के कारण 15 किमी से अधिक दूरी तय कर तहसील मुख्यालय आते है उपजिलाधिकारी करनवीर सिंह ने बताया कि बाढ़ का पानी रपटों के ऊपर से जा रहा है राजस्व कर्मी ड्यूटी में लगे हुए है।जो पल पल की जानकारी दे रहे है यहां अभी स्थिति सामान्य है।

### प्रतिबंधित स्थान पर वीडियो बनाने में पुलिस ने युवती को हिदायत देकर छोड़ा



**मौदहा, हमीरपुर।** सोशल मीडिया में प्रतिबंधित स्थानों में वीडियो बनाकर वायरल करने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा जिसको संज्ञान लेते हुए पुलिस ने मामले की जांच कर रही है जिसमें वीडियो में दिख रही युवती को परिजनों के साथ थाना मौदहा बैठा कर पूछताछ की है। जानकारी के अनुसार मौदहा निवासी महिला द्वारा बताया गया कि दिनांक दो दिन पूर्व जब वह बांदा से अपने घर मौदहा लौट रही थी उस दौरान उसके द्वारी अनजाने में वीडियो बनाया था, युवती ने अपनी भूल स्वीकार करते हुए भविष्य में इस प्रकार की कोई गलती न करने की लिखित रूप से थाना मौदहा पुलिस को दिया। पुलिस द्वारा युवती को आवश्यक हिदायतें देते हुए एवं भविष्य में पुन: ऐसी कोई गलती न करने की कड़ी चेतावनी देते हुए उसे परिजनों के साथ वापस भेज दिया गया। कोतवाली में तैनात कस्बा इंचार्ज अभिषेक त्रिवेदी ने बताया कि लगातार युवक यूतियों के द्वारा सोशल मीडिया में वायरल करने के मकसद से वीडियो बनाया जा रहे है।

### बारिश से खरीफ की फसल तबाह, धान किसानों को राहत

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** कस्बा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले एक माह से बारिश का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। कभी सुबह, कभी शाम तो कभी रात में झमाझम बारिश हो रही है। जिससे जनजीवन के साथ-साथ किसानों की किस्मत भी प्रभावित हो रही है। इस बार लगातार हो रही बारिश के चलते तिल, उड़द सहित अन्य खरीफ की फसलें पूरी तरह बर्बाद हो गई हैं। कई किसान बारिश के लगातार जारी रहने से अभी तक खेतों में बुवाई भी नहीं कर पाए हैं, जिससे उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। हालांकि धान की खेती करने वाले किसानों को इस बारिश से फायदा जरूर हुआ है। खेतों में भरपूर पानी पहुंचने से धान की फसल लहलहा उठी है और ऐसे किसान थोड़ी राहत महसूस कर रहे हैं। बीती गुरुवार की रात से शुरू हुई झमाझम बारिश शुक्रवार की सुबह 9 बजे जाकर थमी। बारिश के चलते खेत-खलिहान लबालब हो गए और गांवों की गलियां कीचड़ से भर गईं। तेज बारिश के कारण कस्बा सहित कई गांवों में विद्युत आपूर्ति भी बाधित रहीए जिससे लोगों को अंधेरे में रात गुजारनी पड़ी। बच्चों को सुबह स्कूल जाने में परेशानी हुई और कई जगहों पर तो बच्चे स्कूल ही नहीं पहुंच पाए। लगातार हो रही बारिश ने एक ओर जहां आमजन को राहत पहुंचाई है, वहीं दूसरी ओर किसानों के लिए यह आफत बनकर आई है। विशेषकर उन किसानों के लिए जिनकी फसलें या तो बर्बाद हो गई हैं या जो खेतों में बुवाई ही नहीं कर पाए हैं। प्रशासन को चाहिए कि ऐसे किसानों की क्षति का आकलन कर राहत दिलाने की व्यवस्था करे।

### नवजात शिशु को जन्म देने के बाद प्रसूता की मौत, स्वजनों ने काटा हंगामा, लगाया अस्पताल स्टाफ पर लापरवाही का आरोप

**राठ, हमीरपुर।** कस्बे के उरई रोड स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में नवजात शिशु को जन्म देने के बाद प्रसूता की मौत हो जाने पर स्वजनों ने अस्पताल के बाहर जमकर हंगामा काटा। स्वजनों ने चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए प्रसूता की मौत हो जाने का आरोप लगाया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। जरिया थाने के विवेकानंद नगर गोहांड निवासी अनिल राजपूत ने बताया कि गुरुवार की सुबह उसकी 22 वर्षीय पत्नी निधी को प्रसव पीढ़ा हुई। स्वजन इलाज के लिए उरई रोड लोदीपुर रोड स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में ले गए। बताया कि सुबह करीब तीन बजे आपरेशन से पत्नी ने पुत्री को जन्म दिया। शुक्रवार की सुबह करीब 11 बजे अचानक पत्नी की हालत बिगड़ गई। चिकित्सक उन्हें अंदर ले गए। आरोप लगाया कि जब उसने व स्वजनों ने स्टाफ से पूछा तो उन्होंने सब ठीक होने की बात कही। उन्होंने पत्नी को रेफर करने के लिए कहा। लेकिन उन्हें रेफर नहीं किया। बताया कि शाम करीब साढ़े छह पत्नी की मौत की खबर सुनने को मिली। नवजात शिशु की हालत में सुधार है। मृतका के देवर अजय ने बताया कि उसके भाई की शादी अप्रैल 24 में हुई थी। उसके पिता के नाम 12 बीघा जमीन है। भाई पिता के साथ ही खेती बाड़ी करता है। बहू की मौत पर गिलहारी का रो रोकर बुरा हाल है। इस संबंध में उपजिलाधिकारी अभिमन्यु कुमार ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है।

### बाढ़ का कहर, यमुना-बेतवा के उफान से बरुआ गांव बना टापू

**सुमेरपुर, हमीरपुर।** यमुना और बेतवा नदियों के जलस्तर में निरंतर वृद्धि से जनपद के कई गांवों में बाढ़ की स्थिति भयावह होती जा रही है। ग्राम पंचायत बरुआ सबसे अधिक प्रभावित गांवों में शामिल हैए जहां बाढ़ का पानी घुसने से पूरा गांव टापू बन गया है। घरों में पानी भर जाने से ग्रामीणों को जरूरी सामान लेकर ऊंचाई वाले स्थानों की ओर पलायन करना पड़ा है। वहीं अन्य नदी किनारे बसे गांवों में भी जलभराव से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। ग्रामीणों में बाढ़ को लेकर दहशत का माहौल बना हुआ है। लोगों की धड़कनें पानी के बढ़ते स्तर के साथ तेज होती जा रही हैं। वे यह सोचकर चिंतित हैं कि यदि पानी यूं ही बढ़ता रहा, तो हालात और भी गंभीर हो सकते हैं। बाढ़ के कारण कई मकान पूरी तरह से जलमग्न हो चुके हैं। डूबे हुए घरों में गोरेलाल पुत्र बृजलाल, शिवसिंह पुत्र राज बहादुर यादव, मुलायम पुत्र राज बहादुर यादव, सुरेन्द्र पुत्र भीषमदास, हरीप्रसाद पुत्र बजरंगी, रामप्रसाद पुत्र कलुआ, मुन्ना पुत्र सम्पाती, धोबी, पप्पू पुत्र मुन्ना, रामबाई पत्नी राजबहादुर, रामबरन पुत्र शिवलाल यादव, रफीक पुत्र मुन्ना और रामचरन पुत्र गयादीन केवट सहित कई लोगों के नाम सामने आए हैं। इन सभी परिवारों ने अस्थायी रूप से सुरक्षित स्थानों में शरण ली है। प्रशासन स्थिति पर निगरानी बनाए हुए है और राहत-बचाव कार्यों की रणनीति पर कार्यरत है, खण्ड विकास अधिकारी ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया है।

एसडीएम का प्यार झलका

## स्कूली छात्र को गोद में उठाया, समस्या का तुरंत निस्तारण किया



**मौदहा, हमीरपुर।** प्राथमिक विद्यालय के स्कूली छात्रों ने अविभावकों के साथ उप जिलाधिकारी कार्यालय पहुंच एडमिशन न करने व उच्च प्राथमिक विद्यालय में मर्ज किए जाने की शिकायत दर्ज कराई। मौदहा क्षेत्र के ग्राम पंचायत मुटनी निवासी छात्र स्कूली ड्रेस पहने हुए दो दर्जन से अधिक नन्हे-मुन्ने बच्चे प्रधान पति एवं अभिभावकों ने उपजिलाधिकारी को शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि प्राथमिक विद्यालय मुटनी डेरा जो उच्च प्राथमिक विद्यालय से डेढ़ किलोमीटर दूर है एक से पांच तक 47 छात्र अध्ययन कर रहे। 15 ऐसे छात्र जिसका प्राथमिक विद्यालय में प्रवेश नहीं किया गया जो बिना प्रवेश किया बच्चों के अभिभावक हताश होकर घर बैठ गए है, प्रधानाचार्य सुरेश कुमार प्रजापति की लापरवाही से 15 बच्चों का भविष्य अधर में लटक गया है। नौनिहालों के भविष्य को देखते हुए उच्च प्राथमिक विद्यालय में मर्ज न किया जाए और बच्चों को प्रवेश दिलाया जाये। इस अवसर पर प्रधान पति रामानंद कुशवाहा, गणेश प्रसाद , हरगोविंद, महेश कुशवाहा, नंदकिशोर, दिनेश कुमार, इंद्रपाल, नितेश कुमार, अंशुल, महबूब, मोहित, रामदेवी, बालेंद्र, राम सिंह, धर्म सिंह, अखिलेश सुनील आदि लोग उपस्थित रहे। वही इस संबंध में एसडीएम करन वीर सिंह ने अभिभावकों को फटकार लगाते हुए कहा कि बच्चों को लेकर यहां आने की क्या आवश्यकता थी आप अकेले आते आपकी बात सुनी जाती वही खंड शिक्षा अधिकारी से फोन में वार्ता की और बच्चे के साथ मधुर व्यवहार करते हुए छोटे बच्चों को गोद मे उठाया और सभी बच्चों को बिस्कुट वितरण किया और तुरंत ही समस्या के निवारण निर्देश जारी किया। इस संबंध में तहसीलदार शेखर मिश्रा ने बताया कि संबंधित मामले पर कार्यवाही के निर्देश दिए गए है।

## कजली मेला महोत्सव को लेकर पुलिस अधीक्षक ने किया स्थलीय निरीक्षण

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक महोबा प्रबल प्रताप सिंह द्वारा ऐतिहासिक कजली मेला महोत्सव की तैयारियों का जायजा लेने के लिए जनपदीय पुलिस एवं राजस्व अधिकारियों के साथ मेला स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने व्यापक पुलिस प्रबंध करने, यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसपी ने मेला प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों से समुचित सुरक्षा व्यवस्था को लेकर वार्ता की और उनकी तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि मेला परिसर में दो दुकानों के बीच के मार्गों को पर्याप्त चौड़ा रखा जाए, ताकि लोगों को आवागमन में किसी प्रकार



की परेशानी न हो। मेला स्थल के भीतर वाहनों के प्रवेश पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाने के निर्देश भी दिए गए। एसपी ने आयोजन समिति को आश्वस्त किया कि मेले के सुचारू आयोजन हेतु पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था की जाएगी और हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। इस दौरान क्षेत्राधिकारी सदर दीपक दुबे, पीआरओ पुलिस अधीक्षक विषय देव बुन्देला, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर मनीष कुमार पाण्डेय, प्रभारी यातायात सुनील कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे ।

## अलग-अलग तीन लोग हुए घायल

**मौदहा, हमीरपुर।** क्षेत्र में हुई अलग-अलग घटनाओं तीन लोग घायल हो गये सभी घायलों को लहूलुहान हालत में परिजनों की मदद से कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के उपरांत सभी घायलो को हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह घरेलू काम करते समय सायर गांव निवासी पार्वती पत्नी धर्मेंद्र को जहरीले सर्प ने काट लिया। परिजनों ने कस्बे के सरकारी अस्पताल लेकर गए जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के उपरांत सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। इसी प्रकार अनुराग पांडे पुत्र महादेव पांडे रीवन गांव निवासी अज्ञात कीड़े के काटने से चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया तीसरी घटना अरतरा निवासी अंबिका प्रसाद पुत्र बुद्धा गांव से मौदहा की ओर जाते समय बाइक का संतुलन खो देने से सड़क पर गिर घायल हो गया जिसे लहुलुहान हालात में कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया प्राथमिक उपचार के उपरांत चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।


### खोया पाया



सर्वसाधारण को सूचित करना है कि मेरे पति सुबधान पुत्र हरिभजन निवासी ग्राम/पोस्ट पूरब गांव, मजरे इटौंजा पश्चिम, परगना-अमेठी, तहसील-गौरीगंज, जनपद-अमेठी करीब 20 वर्षों से लापता हैं। परिवार द्वारा गांव/बाजार, नातेदारी/रिश्तेदारी में काफी खोजबीन की गई, लेकिन कहीं कोई पता नहीं चल सका है। सूचनार्थी विमला (54 वर्ष) पत्नी पति सुबधान, निवासी ग्राम/पोस्ट पूरब गांव, मजरे इटौंजा पश्चिम, परगना-अमेठी, तहसील-गौरीगंज, जनपद-अमेठी।


## नगर पालिका परिषद गौरीगंज जनपद-अमेठी।

पत्रांक- 320/न.पा.प.गौरीगंज/2025-26 दिनांक- 31 जुलाई 2025

(उ.प्र. नगर पालिका अधिनियम की धारा 304 के अर्न्तगत)

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद गौरीगंज जनपद अमेठी अपनी कर निर्धारण सूची में पंजीकृत वसीयत/विक्रय पत्र/वरासत/अन्य के आधार पर निम्न प्रकार परिवर्तन करना चाहते है।

अतः उ.प्र. नगर पालिका अधिनियत 1916 की धारा 147 (2) के अर्न्तगत प्रस्तावित नाम परिवर्तन में किसी भी व्यक्ति पर प्रभाव पड़ने की सम्भावना हो वह व्यक्ति लिखित आपत्ति मय साक्ष्यों सहित प्रकाशन की तिथि से एक माह के अन्दर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जायेगा और तद्नुसार नाम परिवर्तन की कार्यवाही कर दी जायेगी। विवरण निम्नवत् है-

| क्र. सं. | वार्ड सं. | वार्ड का नाम | मकान संख्या | वर्तमान में दर्ज सम्पत्ति के स्वामी/अध्यासी का नाम | पिता/ पति का नाम | प्रस्तावित परिवर्तन के स्वामी/अध्यासी का नाम | पिता/ पति का नाम | आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | वार्ड नं. 18 | बताशामण्डी | 462 A | - | - | सरोज | विजय कुमार जायसवाल | खारिज दाखिल |
| 2. | वार्ड नं. 15 | असैदापुर | 99 A | - | - | इरसाद अहमद | मो. रफीक | खारिज दाखिल |
| 3. | वार्ड नं. 16 | नगरवा | 353 | - | - | वन्दना मिश्रा | महेन्द्र कुमार मिश्र | खारिज दाखिल |
| 4. | वार्ड नं. 20 | बलीपुर खुर्दवां | 179 | बद्री प्रसाद पाण्डेय | स्व. भवानी फेर | जय प्रकाश पाण्डेय | स्व. बद्री प्रसाद पाण्डेय | खारिज दाखिल |
| 5. | वार्ड नं. 25 | रेलवे स्टेशन वार्ड | 64 B | - | - | प्रशान्त कुमार सिंह | स्व. राम बली सिंह | खारिज दाखिल |
| 6. | वार्ड नं. 21 | माधौपुर | 139 | रूपा देवी | राजेश कुमार | रेखा सिंह | सरदार सिंह | खारिज दाखिल |
| 7. | वार्ड नं. 21 | माधौपुर | 473 | | | आशा | राजेश कुमार मिश्र | खारिज दाखिल |
| 8. | वार्ड नं. 15 | असैदापुर | 87 | - | - | नीलमणि मिश्र व सौम्या मिश्रा | नरेन्द्र कुमार मिश्र | खारिज दाखिल |
| 9. | वार्ड नं. 14 | सरैया | 266 | - | - | शान्ति देवी | नरेन्द्र कुमार | खारिज दाखिल |
| 10. | वार्ड नं. 19 | रग्घूपुर | 200 A | - | - | उमाशंकर | स्व. रामलखन | खारिज दाखिल |
| 11. | वार्ड नं 25 | कटरालालगंज | 140 | मुकेशलता, चमेला देवी | लालचन्द्र अग्रवाल, बहादुर मल | चमेली देवी | बहादुर मल अग्रवाल | खारिज दाखिल |
| 12. | वार्ड नं. 03 | पचेहरी | 335 | कंचन | श्रवन कुमार | बैजनाथ यादव | ओरीराम | खारिज दाखिल |
| 13. | वार्ड नं. 01 | जी.जी.आई.सी. | 462 | रामपियारे | दुर्गा | रामसुमेर | रामअंजोर | खारिज दाखिल |
| 14. | वार्ड नं. 18 | बतासामंडी | 117 | रामकुमार | दरगाही | दीपक | रामकुमार | खारिज दाखिल |
| 15. | वार्ड नं. 03 | पचेहरी | 62 | अवधबिहारी | | देवमती | अवधबिहारी | खारिज दाखिल |
| 16. | वार्ड नं. 12 | श्रीमाधवनगर राजगढ़ | 126 | | | रामावती | राममिलन | खारिज दाखिल |
| 17. | वार्ड नं. 01 | जी.जी.आई.सी. | 462 | रामपियारे | दुर्गा | रामसुमेर | रामअंजोर | खारिज दाखिल |
| 18. | वार्ड नं. 20 | रग्धूपुर | 210 | | | कृष्णा तिवारी | राजकरन | खारिज दाखिल |
| 19. | वार्ड नं. 18 | बतासामण्डी | 47 | | | कण्वकुमार | अवधेष नारायन | खारिज दाखिल |
| 20. | वार्ड नं. 16 | नगरवा कटरालालगंज | 591 | | | गीता | बाबूराम | खारिज दाखिल |
| 21. | वार्ड नं. 20 | बलीपुर खुर्दवां | 82 | फूलचन्द्र | सुखदेव | सुमित्रा देवी | रामसजीवन | खारिज दाखिल |
| 22. | वार्ड नं. 24 | राजगढ़ | 311 | दुलीचंद अग्रवाल | मदनलाल अग्रवाल | बहादुर मल अग्रवाल | मदनलाल अग्रवाल | खारिज दाखिल |
| 23. | वार्ड नं. 12 | श्रीमाधवनगर राजगढ़ | 272 | | | मनीष कुमार | राम किशोर | खारिज दाखिल |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, गौरीगंज**
**जनपद-अमेठी**

## आल्हा-उदल को लेकर नया जातीय विवाद, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने यूट्यूबर पर केस दर्ज करने की रखी मांग

महोबा, समृद्धि न्यूज़।

महोबा के वीर शिरोमणि आल्हा- उदल को लेकर बनाए गए एक यूट्यूब गीत में जाति को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा एकता संगठन ने इस गीत को लेकर कड़ा ऐतराज जताते हुए संबंधित यूट्यूबर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। महासभा के कार्यकर्ताओं ने कोतवाली पहुंचकर जोरदार नारेबाजी करते हुए यूट्यूबर शोभा यादव के विरुद्ध शिकायती पत्र सौंपा है। आंदोलनकारियों ने विवादित गाने को यूट्यूब सहित अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से हटाने के साथ सार्वजनिक रूप से माफ़ी मांगने एवं मुकदमा दर्ज़ किए जाने की मांग की है। संगठन के जिलाध्यक्ष जनक सिंह परिहार ने आरोप लगाया कि शोभा यादव ने




आल्हा- उदल जैसे ऐतिहासिक वीरों को अपने यूट्यूब और इंस्टाग्राम पर यादव जाति से जोड़कर भ्रामक जानकारी प्रस्तुत की है। इतना ही नहीं वीडियो में आर्टिफिशियल असलहों और डर फैलाने वाले दृश्य भी दिखाए गए हैं, जिससे सामाजिक सौहार्द बिगड़ सकता है। जिलाध्यक्ष जनक सिंह परिहार ने कहा कि आल्हा -उदल बनाफर क्षत्रिय कुल से थे और उनके पिता दक्षराज स्वयं एक प्रतापी क्षत्रिय थे। ऐसे में उनके कुल, जाति और परवरिश पर प्रश्नचिन्ह लगाना न सिर्फ ऐतिहासिक तथ्यों से छेड़छाड़ है बल्कि पूरे क्षत्रिय समाज का अपमान भी है। संगठन ने यह भी आरोप लगाया कि वीडियो में जानबूझकर भय और दबदबा दिखाने के लिए हथियारों का गलत इस्तेमाल किया गया है, जिससे समाज में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। महासभा ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द से जल्द उक्त वीडियो को यूट्यूब और अन्य सोशल प्लेटफॉर्म से हटाया नहीं गया और यूट्यूबर शोभा यादव ने सार्वजनिक माफी नहीं मांगी तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। संगठन ने स्पष्ट किया कि यदि समय रहते मुकदमा दर्ज नहीं हुआ तो इसका जिम्मेदार जिला प्रशासन होगा। फिलहाल पुलिस ने प्रकरण को गंभीरता से लेने की बात कही है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# गांव के समग्र विकास से साकार होगा विकसित भारत का संकल्प : राही

▸ निन्दूरा ब्लॉक में 'संपूर्णता सम्मान समारोह' का हुआ भव्य आयोजन

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



जनपद के विकास खंड निन्दूरा स्थित प्रेरणा पी0जी0 कॉलेज परिसर में शुक्रवार को आकांक्षी ब्लॉक अन्तर्गत संपूर्णता सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद के प्रभारी मंत्री / कारागार राज्य मंत्री सुरेश राही रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्षा राजरानी, कुर्सी विधायक साकेन्द्र प्रताप वर्मा, एवं जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी मौजूद रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत से पूर्व मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों ने परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई आकांक्षा हाट प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस प्रदर्शनी में शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता, महिला एवं बाल विकास, कृषि, ग्रामीण विकास आदि से जुड़ी योजनाओं एवं नवाचारों को प्रदर्शित किया गया। प्रभारी मंत्री श्री सुरेश राही ने इन प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में हो रहे सकारात्मक बदलाव का यह एक जीवंत उदाहरण है।

सम्मान समारोह कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रभारी मंत्री सुरेश राही ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्राम्य विकास के हर आयाम को प्राथमिकता दे रही है और आकांक्षी ब्लॉकों के माध्यम से अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री जी व मुख्यमंत्री ने जो विकसित भारत का संकल्प लिया है, उसकी पूर्ति गाँव के समग्र विकास से ही संभव है। आज मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के गाँव-गाँव तक सरकार की योजनाएं अंत्योदय के लक्ष्य को प्राप्त कर रही हैं। महिलाओं की सशक्त भागीदारी को हमारी सरकार ने सुनिश्चित किया है, जिससे विकास का आधार व्यापक और समावेशी बन रहा है। विधायक साकेन्द्र प्रताप वर्मा ने कहा कि सरकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए जमीनी स्तर पर कार्य कर रहे लोगों को सम्मानित करना वास्तव में प्रेरक पहल है। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने विस्तार से आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के उद्देश्यों व उपलब्धियों की जानकारी देते हुए कहा कि जनपद का निन्दूरा ब्लॉक विभिन्न बिंदुओं पर संतोषजनक प्रगति करते हुए संपूर्णता की ओर बढ़ रहा है। प्रशासन, जनप्रतिनिधि व ग्रामवासियों के सामूहिक प्रयासों से यह संभव हुआ है।

इस दौरान जिला विकास अधिकारी भूषण कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, उपजिलाधिकारी फतेहपुर, सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी व भाजपा पदाधिकारी आम जनमानस उपस्थित रहे।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी व कर्मचारी हुए सम्मानित

कार्यक्रम के दौरान आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के अंतर्गत तीन प्राथमिक सेक्टरों में शत-प्रतिशत संतृप्ति प्राप्त करने वाले विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इनमे सी0एम फेलो,चिकित्सा अधीक्षक, ए0एन0एम0 एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियाँ –प्रथम तिमाही में शत-प्रतिशत गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण हेतु ।कृषि विभाग के सहायक विकास अधिकारी, तकनीकी सहायक, बी0टी0एम, एटीएम – सॉइल हेल्थ कार्ड वितरण हेतु ।शिक्षा क्षेत्र में किये गए कार्यो हेतु खंड शिक्षा अधिकारी निन्दूरा स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए सी0एच0ओ (कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर),आशाबहुओ एवम अन्य स्वास्थ्य कर्मी को सम्मानित किया गया। इन सभी की सतत मेहनत और समर्पण ने ब्लॉक निन्दूरा को आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य स्तर पर एक विशिष्ट पहचान दिलाई है।

# जल-जीवन मिशन के कार्यों पर सुरेश राही ने जताई नाराजगी

▸ नल की टोटी घरों के अंदर लगाने के दिये निर्देश

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



जनपद के प्रभारी मंत्री सुरेश राही ने ब्लॉक रामनगर के ग्राम पंचायत कॉपफतेहउल्लापुर में जल-जीवन मिशन के अन्तर्गत गांव में निर्मित पेयजल योजना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दस्तगीर, दीपू और अंकित से हर घर जल योजना की स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त की तो ग्रामीणों ने नल की टोटी घर के बाहर लगाने शिकायत की जिस पर प्रभारी मंत्री ने जल जीवन मिशन अवर अभियंता को निर्देशित करते हुए कहा कि नल की टोटी लोगों के घरों के अंदर लगाई जाए। गांव की शिव प्यारी से आयुष्मान कार्ड की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान महराजा पत्नी बहादुर के कच्चे आवास एवं बगल में ही 20 मीटर कच्चे रास्ते के बारे में पंचायत सचिव से पूछा तो स्पष्ट जवाब नहीं मिल पाया। जिस पर नाराजगी जताते हुए दो दिवस के अंदर सूचना उपलब्ध कराने को कहा। इसके अलावा जल जीवन मिशन के कार्यों के दौरान पाइप लाइन डालते समय टूटी सीसी रोड और रास्तों की मरम्मत कराने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए। प्रभारी मंत्री ने कहा कि समय से और गुणवत्ता पूर्ण ढंग से कार्य पूरे किए जाए।

## खबरें एक नजर में

### पुलिस लाइन का निरीक्षण कर एसपी ने दिए दिशा-निर्देश



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक द्वारा शुक्रवार की साप्ताहिक परेड की सलामी लेने के पश्चात परेड व पुलिस लाइन का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए ।शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स स्थित परेड ग्राउण्ड में शुक्रवार की परेड की सलामी ली गई, तत्पश्चात परेड में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों को शारीरिक व मानसिक रुप से फिट रहने हेतु दौड़ कराई गयी व पुलिसकर्मियों का टर्न आउट चेक करते हुए अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने हेतु ड्रिल की कार्यवाही कराई गयी। पुलिस अधीक्षक द्वारा यूपी 112 पीआरवी वाहनों का निरीक्षण कर संबंधित पीआरवी के मानक के अनुसार हेड लाइट, हूटर, इंडिकेटर फर्स्ट एड किट आदि समस्त आवश्यक उपकरणों को अपने पास रखने व उनके सुव्यवस्थित रखरखाव व साफ सफाई हेतु निर्देशित किया गया। तत्पश्चात रिक्रूट आरक्षियों की कैंटीन, सलून, क्लास रूम, बैरक, व्यायामशाला, शस्त्रागार, परिवहन शाखा, आवासीय परिसर एवं पुलिस लाइन भोजनालय में भोजन की गुणवत्ता व साफ सफाई आदि का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये। आदेश कक्ष में विभिन्न रजिस्टरों एवं अभिलेखों को चेक कर अद्यावधिक रखने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी सदर/लाइन सौरभ श्रीवास्तव, प्रतिसार निरीक्षक राजेश कुमार आदि अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### जन्मजात कटे होंठ के उपचार के लिए लगाया गया शिविर



**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिरौली गौसपुर में जन्मजात कटे होंठ व तालू के बच्चों का शिविर लगाकर पंजीकरण किया गया है। शुक्रवार को सीएचसी सिरौली गौसपुर में अमेरिका की इस्माइल ट्रेन प्रोजेक्ट के निदेशक डॉ वैभव खन्ना तथा डॉ आदर्श कुमार हेल्थ सिटी ट्रामा सेंटर से आई टीम ने कैंप लगाकर जन्मजात कटे होंठ तथा तालू के ऑपरेशन के लिए पंजीकृत किए गए 26 बच्चों में 12 बच्चों को ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया है। इस मौके पर सी एच सी अधीक्षक डाक्टर सन्तोष कुमार सिंह, आशा कार्यकर्त्री आदि मौजूद रही।

### लोहिया अस्पताल से गायब हुई बाइक बिंदौरा नहर पटरी पर मिली लावारिस



**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** दस जुलाई को लोहिया अस्पताल के गेट नम्बर 3 से चोरी हुई आपाची बाईक शुक्रवार की सुबह मसौली थाना क्षेत्र के ग्राम बिन्दौरा के निकट डबल नहर पटरी से लावारिस हालत मे बरामद हुई। शुक्रवार की सुबह ग्रामीणों ने देखा कि शारदा सहायक डबल नहर की पटरी पर झाड़ियों के बींच एक सफ़ेद रंग की बाईक पड़ी हुई मौक़े पर पहुंची पुलिस ने बाईक को कब्जे मे लेते हुए आसपास का जायजा लिया तो नहर मे एक तैरता हुआ हेलमेट भी बरामद हुआ। बरामद बाईक पर पड़े नम्बर यूपी 32 एफ बी 7933 व चेचिस नम्बर मे भिन्नता देख पुलिस ने चेचिस नम्बर से वाहन स्वामी सुनील यादव पुत्र रूपचंद्र निवासी निजामपुर मलहौर ने बताया कि गत 10 जुलाई को लोहिया अस्पताल लखनऊ मे दवा लेने गया था तथा गेट नम्बर 3 पर बाईक खड़ी कर दवा लेकर वापस आया तो बाईक गायब थी बाईक का वास्तविक का नम्बर यूपी 32 जे एल 0534 है 11 जुलाई को बाईक चोरी का मुकदमा थाना विभूतिखण्ड गोमतीनगर मे लिखा गया था। मसौली पुलिस ने बाईक बरामदगी का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### दो पशु चोर गिरफ्तार, भैंस-पड़वा सहित पिकप बरामद

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** थाना सुबेहा पुलिस ने अलग-अलग मुकदमों में वांछित दो अभियुक्तों को दो भैस, एक पड़वा, लोहे के दो फर्मे व घटना में प्रयुक्त पिकअप वाहन के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। थाना में विभिन्न धाराओ में दर्ज तीन मुकदमों में वांछित रायबरेली जनपद के थाना महाराजगंज अंतर्गत मऊगवीं निवासी भोले लोध पुत्र चंद्रपाल व कोतवाली हैदरगढ़ के बहुता गांव निवासी असलम फकीर पुत्र आफाक को शुक्रवार को थाना क्षेत्र के मरुई नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि पूछताछ में ज्ञात हुआ कि अभियुक्तो द्वारा अपने अन्य साथियों राजेन्द्र नट,अमित नट,सूरज नट निवासी गण ग्राम लाही बार्डर थाना हैदरगढ़ के साथ मिलकर गत30 जुलाई को सराय चंदेल गांव से एक भैंस व ग्राम सड़वा से एक भैंस व एक पड़वा चोरी किया गया था। इससे पहले 19 अप्रैल को ग्राम सराय चंदेल में एक दुकान से लोहे के फर्मे चोरी किये गये थे। अन्य वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा प्रयास किये जा रहे है।

# श्री नाग देवता की पूजा-अर्चना कर गोप ने की जगत कल्याण की कामना

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** श्री नाग देवता मंदिर मजीठा धाम बहुत ही पौराणिक स्थल है यहां की मान्यता है जो भी व्यक्ति यहां आकर दूध और चावल अर्पण करता है उसके जीवन की सभी बाधाएं दूर हो जाती हैं।

उक्त बात समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने आज पौराणिक नाग देवता मंदिर मजीठा धाम पहुंच कर नाग देवता की पूजा अर्चना करने के उपरांत श्रद्धालुओं से बातचीत करते हुए कहीं।

पूर्व मंत्री ने कहा कि यह बहुत ही सिद्ध स्थान है यहां बहुत दूर दराज से श्रद्धालु श्रद्धा व आस्था के साथ आकर मन्नत मांगते हैं आते है और मन्नत पूरी होने पर पुनः यहाँ आकर नाग देवता को दूध और चावल चढ़कर आशीर्वाद लेते हैं।

दर्शन पूजन के उपरांत श्री नाग देवता मंदिर मेला समिति के पदाधिकारियों ने अरविंद कुमार सिंह गोप को मंदिर का





चित्र अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित करते हुए मंदिर में अर्पित मटकी प्रसाद स्वरूप भेंट की। इस अवसर पर पूर्व विधायक रामगोपाल रावत, पूर्व जिला अध्यक्ष सपा डॉक्टर कुलदीप सिंह, श्री नाग देवता मेला मंदिर समिति के मुख्य संरक्षक धीरेन्द्र कुमार वर्मा, युवा सपा नेता अविरल सिंह, प्रबंधक देवकीनन्दन वर्मा, जिला प्रवक्ता वीरेंद्र प्रधान,सानू सिंह राठौर, गिरजा शंकर, अशोक वर्मा,राम सुमिरन वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# सपा प्रदेश अध्यक्ष ने बाल वैज्ञानिक पूजा पाल का बढ़ाया हौसला

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



एक लाख 55 हजार रुपये भेंट कर किया उत्साहवर्धन

देश का नाम विदेश तक रोशन करने वाली ऐसी अद्भुत प्रतिभाओं की प्रतिभा को निखारने एवं उनकी आवश्यकताओं जरूरतो को पूरा करने के साथ उनको प्रोत्साहित करना हम सबका नैतिक कर्तव्य है प्रतिभाओं को उनकी मंजिल दिलाने और उनको पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित करने का काम सदैव समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने किया है।

उक्त बात समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने अपनी कठिन परिश्रम एवं वैज्ञानिक सोच से किसानों ग्रामीणों को भूसे और धूल से निजात दिलाने की तकनीक Dust Separation Device पृथक्करण यंत्र थ्रेसर विकसित करने वाली होनहार बेटी पूजा पाल के पैतृक ग्राम डलई का पुरवा बिरौली स्थित आवास पर उपस्थित होकर जनपद एवं प्रदेश का नाम विदेश में रोशन करने वाली बेटी की सराहना करते हुए छात्रा पूजा पाल को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा बाल वैज्ञानिक को आर्थिक सहायता के रूप में भेजे गए 1,55,000 हजार का लिफाफा गुलदस्ता भेंट कर पूजा पाल का उत्साह वर्धन करते हुए वक्त व्यक्त किये। प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने बाल वैज्ञानिक के माता-पिता को अंग वस्त्र माला भेंट कर सम्मान करते हुए बधाई शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए छात्रा से कहा तुम्हारी पढ़ाई संबंधित हर जरूरत के लिए पार्टी सदैव तत्पर है तुम्हें किसी भी चीज की आवश्यकता होगी हमारी पार्टी के जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद को तत्काल सूचित कर देना तुम्हारी जरूरत का हर जरूरी सामान तुरंत उपलब्ध कराया जाएगा। इस मौके पर सपा जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद, पूर्व कैबिनेट मंत्री राकेश वर्मा, अल्पसंख्यक सभा प्रदेश अध्यक्ष शकील नदवी, पूर्व विधान परिषद सदस्य राजेश यादव राजू, राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला सभा जूही सिंह, राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोज यादव, प्रदेश सचिव अदनान चौधरी, ब्लॉक प्रमुख रेनू वर्मा, पूर्व मंत्री मुनीर अहमद, मनोज पाल, संदीप यादव, रामनरेश पाल, जानकी पाल, अनीता पाल, गौतम रावत, रामू पाल, सुरेश पाल, जिला महासचिव हिमांशु यादव, जिला उपाध्यक्ष कामता प्रसाद यादव, सपा जिला प्रवक्ता वीरेंद्र प्रधान, जिला कोषाध्यक्ष प्रीतम सिंह वर्मा, अल्पसंख्यक सभा जिला अध्यक्ष इंतखाब आलम नोमानी सोनू यादव शिवकुमार यादव मोनू पाल एवं रंजीत यादव सहित तमाम ग्राम वासी छात्रा पूजा पाल का उत्साह वर्धन करने के लिए उपस्थित रहे।

# मनरेगा के तहत पक्के निर्माण से हो रहा सार्वजनिक बदलाव

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

विकासखण्ड हैदरगढ में मनरेगा के तहत पक्के नालों का निर्माण ग्रामीण स्वच्छता और जल प्रबंधन में मील का पत्थर सबित हो रहा है।

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों गें कराए जा रहे पक्के नाला निर्माण कार्यों ने ग्रामीण स्वच्छता जल निकासी प्रबंधन और सार्वजनिक स्वास्थ्य में एक महत्वपूर्ण बदलाव ला दिया है। इसी महत्वपूर्ण उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए ग्राम पंचायत रानीपुर के नैपूरा में सुरेश के घर के सामने से पुराने नाले तक लगभग 150 मीटर लम्बे नाले का निर्माण कराया जा रहा है जिसमें पर्याप्त संख्या में महिला श्रमिकों को भी रोजगार दिया जा रहा है। उक्त कार्य से ग्राम पंचायत को अनेक लाभ हो रहे हैं। मनरेगा के तहत पक्के नालों का निर्माण मुख्य रूप से वर्षा जल की निकासी घरों से निकलने वाले अपशिष्ट जल का उचित प्रबंधन और ग्रामीण क्षेत्रों में जल भराव की समस्या को दूर करने के लिए किया जा रहा है। ये नाले न केवल गंदगी और बीमारियों के प्रसार को रोकते हैं बल्कि स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित कर ग्रामीणों के स्वास्थ्य में भी सुधार लाते हैं। इन नालों के निर्माण में मनरेगा श्रमिकों ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। ग्रामीण अकुशल श्रमिकों को इन कार्यों में रोजगार मिल रहा है जिससे उन्की आय में वृद्धि हो रही है। यह योजना ग्रामीण





रोजगार सृजन के साथ-साथ टिकाऊ ग्रानीण बुनियादी ढाँचे के निर्माण का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। पक्के नालों के निर्माण से गांवों में जल भराव की समस्या खत्म हुई है जिससे मच्छर जनित बीमारियों और अन्य संक्रामक रोगों में कमी आई है। यह ग्रामीणों के समग्र स्वास्थ्य और स्वच्छता गें सुधार लाता है। उचित जल निकासी व्यवस्था से कृषि भूमि और रिहायशी इलाकों में पानी का जमाव नहीं होता जिससे फसलों को नुकसान कम होता है और आवागमन सुचारु रहता है। ये नाले अपशिष्ट जल को सही दिशा में मोड़कर जल प्रदूषण को कम करने में भी सहायक हैं जिससे स्थानीय पर्यावरण को लाभ मिलता है। वर्षा ऋतु में होने वाले जल भराव की विकट समस्या का समाधान होगा। स्थानीय ग्राम पंचायतों और समुदायों की सक्रिय भागीदारी से इन नालों का निर्माण किया जा रहा है जिससे उनमें अपने परिवेश को स्वच्छ रखने के प्रति जागरूक्ता और जिम्मेदारी की भावना बढ़ रही है।

# ग्राम प्रधान गौतम पाठक ने लगाया चौपाल, सुनी समस्याएं



**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

विकास खंड हैदरगढ़ क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत बीजापुर में ग्राम प्रधान गौतम पाठक की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पंचायत सचिव पवन कुमार ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और उनके निस्तारण का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम में ग्रामीणों ने आवास से संबंधित शिकायत की। इस पर पंचायत सचिव ने सर्वे में नाम शामिल होने की बात कही। कुछ लोगों द्वारा रास्ता निर्माण से संबंधित शिकायत की । सचिव ने बताया कि नया रास्ता निर्माण बिना पैमाइश के संभव नहीं है। उन्होंने राजस्व विभाग में प्रार्थना पत्र देने की सलाह दी। पंचायत सचिव ने आश्वासन दिया कि राजस्व टीम के साथ जमीन का चिन्हांकन कर रास्ता निर्माण करा दिया जाएगा। सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण धर्मेंद्र कुमार ने , आवास , शौचालय ,शादी अनुदान, पारिवारिक लाभ योजना, पेंशन और बाल सेवा योजना सहित अन्य सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी।


आरबीआई वित्तीय साक्षरता की तरफ से आए घनश्याम ने साइबर अपराध से बचाव हेतु सुझाव दिए। उन्होंने बचत, आमदनी और सरकार द्वारा चलाई जा रही बीमा योजनाओं के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर ग्राम रोजगार सेवक, पंचायत सहायक सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

# बड़ा गांव की लाइब्रेरी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में सार्थक

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बड़ागांव नवाबगंज के प्रिंसिपल महेशचंद्र ने शुक्रवार को पंचायत भवन बड़ागांव मे संचालित लाइब्रेरी मे शिक्षारत बच्चो से रूबरू होते हुए एक घंटे की क्लास ली तथा बच्चो से आई टी आई भी करने के लिए प्रोत्साहित किया।

बच्चो से रूबरू होते हुए प्रिंसिपल महेशचंद्र ने कहा कि लाइब्रेरी शिक्षा, ज्ञान और संस्कृति का महत्वपूर्ण केंद्र



है। यह ज्ञान का भंडार है जो विभिन्न विषयों पर पुस्तकों, पत्रिकाओं, और अन्य सामग्रियों तक पहुंच प्रदान करता है। पुस्तकालय, शिक्षा, शोध और व्यक्तिगत विकास के लिए एक महत्वपूर्ण स्थान है, जो सभी के लिए समान रूप से सुलभ है जो ज्ञान और सूचना का प्रसार करने में मदद करते हैं तथा पुस्तकालय एक सुरक्षित और शांत वातावरण प्रदान करते हैं जहां लोग पढ़ सकते हैं, अध्ययन कर सकते हैं और नई जानकारी प्राप्त कर सकते हैं, जो सामाजिक और सांस्कृतिक विकास में योगदान देता है। इस दौरान लाइब्रेरी के बच्चो से आई टी आई भी करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस मौक़े पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद, आई टी आई कर्मी मनोज कुमार सहित लाइब्रेरी के छात्र छात्राए मौजूद रही।

### रंजिशन महिला से मारपीट

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** रंजिश के चलते महिला के साथ मारपीट किए जाने के मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हथेरी निवासी साक्षी देवी ने पुलिस को बताया कि उनके मोहल्ले के ही तेजप्रताप व व राजू उसके परिवार से रंजिश मानते हैं। रंजिश के चलते अक्सर विवाद करते रहते थे। आरोप लगाया कि शुक्रवार सुबह वह घर के काम कर रही थी। तभी दोनों वहां आए और विवाद करने लगे। रोकने पर मारपीट कर दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है।

### नारी शक्ति गौरव उत्सव कार्यक्रम आज

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** अनुरागिनी सामाजिक संस्था द्वारा दो अगस्त दिन शनिवार को दोपहर 12 बजे नारी शक्ति गौरव उत्सव कार्यक्रम का आयोजन क्षेत्र पंचायत कार्यालय जालौन सभागार में आयोजित किया जाएगा। समन्वयक नितिन कुमार सैनी ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में महिलाओं की उपलब्धियों का सम्मान करना और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। नारी शक्ति गौरव कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महिला कल्याण निगम, उत्तर प्रदेश की अध्यक्ष व दर्जा प्राप्त मंत्री कमलावती सिंह, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी उन महिलाओं को सम्मानित करेंगी जिन्होंने आजीविका, स्वास्थ्य, पर्यावरण, शिक्षा, स्वच्छता, उद्यमिता और सामाजिक बदलाव जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दिया है।

# यमुना नदी में उफान, जालौन के तीनों तहसीलों में बाढ़ का असर

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**



प्रशासन ने किया राहत कार्य को तेज

जनपद में यमुना नदी के जलस्तर में लगातार वृद्धि के कारण कालपी, जालौन और माधौगढ़ तहसीलों के कई गांवों में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई है। जिला प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए राहत एवं बचाव कार्यों को तेज कर दिया है।

जनपद के विभिन्न बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों के निरीक्षण मूलचंद निरंजन विधायक माधोगढ़ विधायक कालपी विनोद चतुर्वेदी, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय और पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने आज माधोगढ़ तथा कालपी तहसील के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया और स्थलीय निरीक्षण करते हुए प्रशासनिक तैयारियों की समीक्षा की। माधौगढ़ तहसील में विधायक मूलचंद निरंजन एवं अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार ने प्रभावित गांवों का भ्रमण किया और राहत सामग्री का वितरण किया। अधिकारियों ने बताया कि अभी तक जनहानि अथवा पशुहानि की कोई सूचना नहीं है, लेकिन जलस्तर में और वृद्धि की संभावना को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 01 अगस्त 2025 को दोपहर 4 बजे कालपी केन्द्र पर यमुना नदी का जलस्तर 111.95 मीटर दर्ज किया गया, जो कि खतरे के निशान 108 मीटर से 3.95 मीटर अधिक है। जनपद में चेतावनी बिंदु 107 मीटर निर्धारित है। बाढ़ से कालपी तहसील के पड़री, रायड़ दिवारा, गूढ़ा खास, उरकराकला, सिमरा शेखपुर, मंगरौल, एकौना और गुलौली जैसे 8 गांव, माधौगढ़ तहसील के 11 गांव और जालौन तहसील के 6 गांव अत्यधिक प्रभावित हुए हैं। प्रशासन के अनुसार कुल 18,650 व्यक्ति बाढ़ से प्रभावित हैं। प्रशासन द्वारा अब तक 28 राहत केंद्र स्थापित कर दिए गए हैं, जहां भोजन, स्वास्थ्य, पेयजल, पशु चारे और दवा आदि की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। साथ ही प्रभावित क्षेत्रों में 62 छोटी नावें, 27 बड़ी नावें और 31 मोटरबोट लगाई गई हैं। एसडीआरएफ की टीम भी मौके पर तैनात है। बाढ़ से कालपी में 14, माधौगढ़ में 19 और जालौन में 13 गांवों की कृषि भूमि भी प्रभावित हुई है। नदी किनारे बसे सभी संवेदनशील गांवों में बाढ़ चौकियों को सक्रिय किया गया है। उपजिलाधिकारी, राजस्व कर्मी, स्वास्थ्य, पशुपालन, पंचायत राज व पुलिस विभाग की टीमें मौके पर डटी हुई हैं। जनप्रतिनिधियों के सहयोग से राहत किटों का वितरण भी किया जा रहा है। अब तक कुल 1,095 राहत किट प्रभावितों को वितरित की जा चुकी हैं। जिलाधिकारी ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य शिविरों के आयोजन और ग्रामीणों की आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु संबंधित विभागों को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं।


## अधिशासी अभियंता जोन-3 जलकल विभाग, नगर निगम, सेक्टर बी पानी की टंकी परिसर अलीगंज, लखनऊ

पत्रांक-704/ई.ई.-3/जीएल-7/25-26 दिनांक- 01.08.2025

### अति अल्पकालीन निविदा सूचना

एतदद्वारा जलकल विभाग नगर निगम जोन-3 लखनऊ के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्यों हेतु विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से पृथक-पृथक निविदायें दिनांक 11.08.2025 अपरान्ह 3:00 बजे तक आमंत्रित किया जाएगा जो उसी दिन अपरान्ह 4:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 11.08.2025 को अपरान्ह 02:00 बजे तक इस कार्यालय के कैश काउन्टर में निर्धारित निविदा शुल्क जमा की जाएगी। निविदा के साथ वांछित धरोहर राशि जमा करना अनिवार्य है। निविदा खोलने के दिवस अवकाश घोषित होने पर उसके अगले कार्य दिवस में नियत समय पर निविदाएं प्राप्त व खोली जाएगी। अन्य नियम व शर्तें तथा कार्य विवरण निविदा प्रपत्र में उल्लिखित है जो किसी भी कार्य दिवस में अवलोकित की जा सकती है-

| क्र. सं. | कार्य का नाम | निविदा शुल्क | धरोहर धनराशि |
|---|---|---|---|
| 1. | Laying of 250 mm dia Sewer line 50 mtr from H.No.1/546 Abdul Salam's to H.No. 1/549 Sector-J, Jankipurum, Lucknow | Rs. 450/- | Rs. 8500/- |
| 2. | Laying of 250 mm dia Sewer line 39 mtr from Sai Shakehi Enterprises to H.No. 1/260 Plot to Commercial Plot Corner Sector-J Jankipuram, Lucknow | Rs. 350/- | Rs. 6900/- |
| 3. | Laying of 250 mm dia Sewer line 50 mtr from H.No. 1/549 to H.No. 1/552 Sector-J, Jankipuram, Lucknow | Rs. 450/- | Rs. 8500/- |
| 4. | Laying of 250 mm dia Sewer line 35 mtr from Sai Shakchi Enterprises to H.No. 3/239 to H.No. 3/242, Sector-J, Jankipuram, Lucknow | Rs. 300/- | Rs. 5800/- |

अधिशासी अभियन्ता जोन-3
जलकल विभाग, नगर निगम,
लखनऊ

# जीडी गोयनका में नई छात्र परिषद ने संभाली नेतृत्व की कमान








**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

नेता जन्म से नहीं, बल्कि जिम्मेदारियों से बनते हैं। इस भावना के साथ जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए इंवेस्टिचर सेरेमनी का भव्य आयोजन हुआ। इस समारोह में नवनिर्वाचित छात्र परिषद को नेतृत्व की जिम्मेदारियां सौंपी गईं, जो युवाओं में नेतृत्व गुणों को निखारने का एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि चेयरमैन जितेंद्र सिंह ने छात्रों को नेतृत्व, टीम वर्क और जिम्मेदारी का महत्व समझाया। विशिष्ट अतिथि फर्रूखाबाद की पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत ने युवा नेताओं को निष्ठा, समर्पण और राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित किया। उन्होंने छात्रों को आत्मविश्वास के साथ सही के लिए खड़े होने का संदेश दिया।

**▸ इंवेस्टिचर सेरेमनी में नवनिर्वाचित छात्र नेताओं को सौंपे गए बैज और सैश, ली निष्ठा की शपथ**

चेयरमैन और प्राचार्या डॉ. मनीषा सिंह ने हेड बॉय स्निग्ध तिवारी, हेड गर्ल जस्मीत कौर, उप हेड बॉय, उप हेड गर्ल, स्पोर्ट्स कैप्टन, स्टूडेंट कार्उंसिल प्रेसिडेंट, कल्चरल हेड, हाउस कैप्टन और प्रीफेक्ट्स को बैज और सैश प्रदान किए।

सुश्री अनाम खन्ना ने नवनिर्वाचित परिषद को शपथ दिलाई, जिसमें सभी ने विद्यालय के नियमों का पालन और कर्तव्यों के प्रति निष्ठा की प्रतिज्ञा ली। नवनिर्वाचित छात्र परिषद ने अपने-अपने हाउस के लिए मार्च किया। प्राचार्या ने छात्रों को बधाई देते हुए प्राथमिकताएं तय करने और टीम वर्क पर जोर दिया। अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त कर राष्ट्रगान के साथ समारोह का समापन हुआ।

## चाचा को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** दुकान पर बैठे चाचा भतीजे से युवक ने अपने साथियों के सहयोग से गाली गलौज की और मारपीट कर घायल कर दिया। जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। नगर के मोहल्ला किदवई नगर निवासी जीशान पुत्र जहीर ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि वह बीती 31 जुलाई को शाम करीब 05 बजे अपने चाचा मुनीर कुरैशी के साथ फर्रुखाबाद रोड स्थित दुकान पर बैठा था। तभी मोहल्ला अशोक नगर निवासी पारूल गुप्ता अपने पांच अज्ञात साथियों के साथ उसकी दुकान पर आया और गाली गलौज शुरू कर दी। मना करने पर उसे उसके चाचा को मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी भी दी। कोतवाली पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# ग्राम चौपाल में डीडीओ ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

विकास खंड जलालाबाद की ग्राम पंचायत फतेहपुर जसोदा में शुक्रवार को ग्राम चौपाल में जिला विकास अधिकारी नरेंद्र देव द्विवेदी ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा- निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ पहुंचना चाहिए। उन्होंने ग्राम पंचायत में संचालित विकास कार्यों की गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। चौपाल के दौरान उन्होंने विशेष रूप से विद्यालयों, आंगनबाड़ी केन्द्रों और स्वास्थ्य उपकेन्द्रों में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता बनाए रखने, पेयजल व्यवस्था, सड़क मरम्मत, विद्युत आपूर्ति और शौचालय निर्माण जैसी बुनियादी सुविधाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराने के निर्देश भी दिए। इस दौरान खंड विकास अधिकारी मनोज पोरवाल ने कहा कि ग्रामीणों की समस्या का समाधान ही चौपाल का मुख्य उद्देश्य है। किसी भी समस्या का समाधान करना हमारी पहली प्राथमिकता है। इस मौके पर ग्राम प्रधान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व ग्रामीण उपस्थित रहे। इसके अलावा ग्राम पंचायत अलीनगर नगर में भी ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया।



ग्राम पंचायत फतेहपुर जसोदा में समस्याएं सुनते डीडीओ व बीडीओ

## पति व सास पर उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** विवाहिता ने पति व अपनी सास पर आए दिन उसके साथ मारपीट करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। नगर के मोहल्ला रामगंज निवासिनी दिव्या वर्मा पत्नी संजीव वर्मा ने कोतवाली में दर्ज करवाए गए मुकदमे में कहा है विवाह के बाद से ही ससुराल में उसके पति संजीव, सास रेखा आए दिन उससे शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करते हैं और बीती 30 जुलाई की रात करीब 10 बजे उसके पति व सास ने मिलकर उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। पीड़िता की तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# विधायक अर्चना पांडेय ने कथावाचकों को किया सम्मानित

**▸ तुलसी जयंती पर हुआ सम्मान**

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

श्री मंशेश्वरनाथ मंदिर में तुलसी जयंती के अवसर पर आयोजित भव्य कार्यक्रम में विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडेय ने कथावाचकों को माल्यार्पण, अंग वस्त्र और अयोध्या के राम मंदिर का प्रतिरूप भेंट कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा, ÷मेरे पिता स्व. राम प्रकाश त्रिपाठी प्रभु श्री राम के अनन्य भक्त थे। वह अवसर मिलते ही राम कथा का रसपान कराते थे। उनकी प्रेरणा से मैं दीन-दुखियों की सेवा को प्रथम कर्तव्य मानती हूं। गोस्वामी तुलसीदास ने रामचरितमानस के माध्यम से समाज को भक्ति और नैतिकता का मार्ग दिखाया। विधायक का स्वागत करते हुए प्रसिद्ध कथावाचक आचार्य प्रशांतोनंद चंदन ने कहा गोस्वामी तुलसीदास ने रामचरितमानस के जरिए भगवान राम के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाया। उनकी रचनाएं आज भी समाज को प्रेरित करती हैं। कार्यक्रम में वृंदावन से पधारे आचार्य जगदीश चंद्र शास्त्री, श्रीनिवास, उमाकांत दीक्षित, राम प्रकाश दीक्षित, माधव शरण शुक्ला, संजीव द्विवेदी, विजय त्रिपाठी, रमाकांत शुक्ला, बनारसी दास शास्त्री, विशाल दिक्षित, राजीव दुबे, अरुण शुक्ला, अरुण कुमार मिश्रा, श्रीनिवास दुबे, संजीव दुबे पिंटू, धीरज दुबे, संजीव दुबे, मोनू चौहान, श्रीमती माधुरी शुक्ला, श्रीमती सपना गुप्ता, कवि दुबे, आचार्य हरदीप, तबला वादक अनूप कुमार, हारमोनियम वादक पवन कुमार और ऑर्गन वादक संजू शुक्ला को सम्मानित किया गया।



## चोरों ने घर और मंदिर को बनाया निशाना, लाखों की चोरी

**छिबरामऊ, कन्नौज।** चोरों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि वे अब न केवल घरों, बल्कि मंदिरों को भी निशाना बना रहे हैं। गुरुवार रात चोरों ने एक घर के साथ मंदिर के दानपत्र को तोड़कर लाखों की चोरी को अंजाम दे दिया। नगर के मोहल्ला कृष्णा नगर स्थित नवीन मंडी के पास निवासी सुषमा पत्नी पवन ने बताया कि उनके घर के बाहर राम दरबार मंदिर है। चोरों ने मंदिर के दानपात्र से 5,000 रुपये, दो पीतल की आरती और एक पीतल का लोटा चुरा लिया। सुबह पूजा के लिए पहुंची सोनी ने सुषमा को घटना की जानकारी दी। दूसरी घटना सराय गूजरमल में हुई, जहां जितेंद्र सिंह पुत्र रूप लाल के घर में चोरी हुई। जितेंद्र मंगलवार को अपनी बेटी की ससुराल नोएडा गए थे। लौटने पर उन्होंने देखा कि उनके घर के गेट के दरवाजे टूटे थे। चोरों ने डेढ़ लाख रुपये कीमत के आभूषण, जिसमें पांच अंगूठी, दो जोड़ी झाले, एक सोने की जंजीर और तीन जोड़ी पायल चुरा लिए। दोनों घटनाओं की सूचना पुलिस को दे दी गई है और मामले की जांच शुरू हो गई है। स्थानीय लोग चोरों की बढ़ती हिम्मत से चिंतित हैं।

# भारतीय संस्कृति के अनुरूप मनाया छात्राओं का जन्मदिन



**▸ कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में हुआ आयोजन**

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

प्राचीन मूल्यों और परंपराएं धन या दिखावे से अधिक महत्वपूर्ण हैं इसी के दृष्टिगत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में बालिकाओं का जन्मदिवस हर्षोल्लास के साथ भारतीय संस्कृति के अनुरूप मनाया गया।

शिवानी, पल्लवी, पायल, अरीबा, कोमल, दीक्षा, प्रांशी, सुधा, प्राची बालिकाओं का जन्मदिन जुलाई माह में था। इन सभी बालिकाओं के जन्म दिवस को उत्सव के रूप में विद्यालय में मनाया गया।

जन्मदिवस के आयोजन में विशेष रहा कि केक की जगह वार्डन अरुणा शुक्ला ने खीर खिलाकर बालिकाओं का मुंह मीठा कराया। साथ ही सभी बालिकाओं द्वारा हैप्पी बर्थडे टू यू की जगह बालिकाओं को जन्मदिन की बधाई हेतु सुदिनं सुदिनं इयं दिनं तव भवतु मंगलम जन्मदिनम संस्कृत गीत का गान किया गया। सभी बालिकाओं को जीवन में आयु, यश, कीर्ति में वृद्धि की शुभकामनाएं दी गईं। वार्डन अरुणा शुक्ला ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम का उद्देश्य है कि हमें निश्चित रूप से अपने समाज के प्रति एक आदर्श स्थापित करना है जिससे पाश्चात्य संस्कृति के प्रदर्शन के प्रति अनियंत्रित जुनून पर अंकुश लग सके। कार्यक्रम में कविता कटियार, पुष्पा, अंशिका, नेहा, पूनम तथा शैलेन्द्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

# ग्रामों के सर्वेक्षण एवं अभिलेख क्रिया में लाएं तेजी


अधिकारियों के साथ बैठक करते एडीएम

**▸ एडीएम ने समीक्षा बैठक कर अधिकारियों को दिए निर्देश**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह की अध्यक्षता में ग्रामों के सर्वेक्षण एवं अभिलेख क्रिया से संबंधित बैठक आयोजित की गई। बैठक में जले हुए गांवों के भू-अभिलेख तैयार करने और सर्वेक्षण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। अपर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सर्वेक्षण कार्यों को समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा किया जाए।

उन्होंने कहा कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ग्राम गदनपुर बद्दू में प्रथम प्रति का कार्य पूर्ण हो चुका है, वहीं द्वितीय प्रति में प्रपत्र-7 का कार्य जुलाई माह में ही पूरा कर लेने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि ग्राम हरबल्लभपुर, सरदामई, गाड़ियापह, कटिघरा आदि जले हुए गांवों में अभिलेख निर्माण कार्यों में तेजी लाई जाए। इसके साथ ही ग्राम मुर्रा, भसौली, सिरखनेपुर और बौसिया जैसे नए ग्रामों में भी कार्य प्रारंभ हो चुका है, वहां गति बनाए रखने की आवश्यकता है। बैठक में उपजिलाधिकारी न्यायिक सदर नवनीता राय, उपजिलाधिकारी तिर्वा, तहसीलदार सहित अन्य अधिकारीगण रहे।

## चार के विरुद्ध मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** घर के बाहर गाली गलौज कर रहे लोगों से जब उसके भाई ने मना किया। तो आरोपितों ने उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपितों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। नगर के मोहल्ला गांधीनगर निवासी रिजवान पुत्र छोटे ने कोतवाली में दर्ज करवाए गए मुकदमे कहा है कि 28 जुलाई की शाम करीब 9.30 बजे उसके मोहल्ले के ही पप्पू, आरिफ रिजवान, आशिक ने उसकी बहन के दरवाजे पर जाकर गाली गलौज शुरू कर दी। जब पीड़ित ने इस बात का विरोध किया तो आरोपितों ने उसे मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जाच शुरू कर दी है।

# मूसलाधार बारिश ने उजाड़े गरीबों के आशियाने



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

गुरुवार की रात हुई मूसलाधार बारिश में विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम प्रानपुर पल्योंरा और हरिहरपुर निवासी दो गरीब परिवारों के आशियाने भरभराकर गिर गए।

गनीमत रही के सभी लोग पहले ही घर से बाहर निकल चुके थे। हालांकि उनका अनाज सहित गृहस्थी का सारा सामान दबकर बर्बाद हो गया। ग्राम प्रानपुर पल्योंरा निवासी अमित पुत्र रामदास जाटव ने बताया कि उनके घर की छत अचानक भरभराकर गिर गई। गनीमत रही कि हल्की मिट्टी गिरते ही परिवार के सभी सदस्य घर से बाहर निकल आए, नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। मलबे में 12 क्विंटल भूसा और 10 बोरी गेहूं दब गया। परिवार वाले पास ही खुले में रात बिताने को मजबूर हो गए। एक अन्य घटना में ग्राम हरिहरपुर नगला कोठी निवासी शिल्पी पत्नी जितेंद्र बाथम के घर का एक कमरा और छप्पर बारिश में ढह गया। मलबे में खटिया, साइकिल और बर्तन दब गए।

जैसे ही मिट्टी गिरने लगी, कमरे में मौजूद लोग तुरंत बाहर निकले और बकरी को भी बचा लिया, तभी कमरा पूरी तरह ढह गया। दोनों घटनाओं में परिवार के लोग बाल बाल बच गए, लेकिन परिवारों के सामान का भारी नुकसान हुआ है।

जानकारी होते ही क्षेत्र पंचायत सदस्य नंदिनी दीक्षित ने शुक्रवार की सुबह दोनों स्थानों का दौरा किया और लेखपाल से फोन पर बात कर पीड़ितों को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। प्रशासन से सहायता की उम्मीद में प्रभावित परिवार राहत की प्रतीक्षा कर रहे हैं।



## राम कथा सुनकर श्रोता हुए भावविभोर

**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर के मंशेश्वर नाथ मंदिर परिसर में चल रही श्री राम कथा सुनकर श्रोता भाव विभोर हो गए। श्री वृंदावन धाम से पधारे आचार्य श्री जगदीश चंद्र शास्त्री जी महाराज के श्रीमुख से भक्तों ने रामकथा का रसपान किया। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन को भक्तों को प्रसाद वितरण का सौभाग्य प्राप्त हुआ। आयोजन में जिला उपाध्यक्ष आनंद गुप्ता, नगर अध्यक्ष गौरव गोयल एडवोकेट, नगर महामंत्री राहुल शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रोहित गुप्ता, उपाध्यक्ष संतोष कमल, मयंक वर्मा, उमेश राठौर, अतुल वर्मा, जय गोयल, कोषाध्यक्ष अजीत गुप्ता, अमित दुबे, युवा अध्यक्ष डॉ. आदित्य श्रीवास्तव, युवा महामंत्री जय किशन गुप्ता, उपाध्यक्ष धीरज गुप्ता, मंत्री शरद गुप्ता, कृष्ण गुप्ता सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# इत्र नगरी में कांवड़ यात्रियों का पुष्पवर्षा से स्वागत

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

सावन मास के पवित्र अवसर पर जनपद हरदोई और बिलग्राम से गंगाजल लेकर आ रहे कांवड़ यात्रियों का इत्रनगरी में भव्य स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं के स्वागत में प्रशासन एवं स्थानीय नागरिकों ने कोई कसर नहीं छोड़ी। जनपद में यात्रा को सुगम, सुरक्षित और उल्लासपूर्ण बनाने हेतु व्यापक तैयारियाँ की गईं। यात्रा का विशेष आकर्षण उस समय देखने को मिला जब स्वागत टीम द्वारा बुलडोजर से पुष्पवर्षा कर श्रद्धालुओं का अभिनव स्वागत किया गया। इस अनोखे अंदाज ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। श्रद्धालुओं ने इसे आत्मीयता और श्रद्धा का प्रतीक बताया, जो सामाजिक समरसता और आपसी सहयोग का संदेश देता है। जिलाधिकारी के निर्देशन में यात्रा मार्गों पर सुरक्षा, स्वच्छता, चिकित्सा, पेयजल, लाइटिंग एवं ट्रैफिक व्यवस्था के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किए गए हैं। प्रमुख स्थलों पर विश्राम एवं स्वास्थ्य सहायता शिविरों की स्थापना की गई है, ताकि यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही, नियमित जल छिड़काव और सफाई की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है। कांवड़ यात्री मेंहदीघाट से पवित्र गंगाजल लेकर हरदोई बाईपास, मंडी समिति, सराय मीरा, तिर्वा क्रॉसिंग होते हुए बाबा गौरीशंकर मंदिर पहुंचे, जहाँ उन्होंने श्रद्धापूर्वक जलाभिषेक किया।


पुष्पावर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत करते लोग

# जमीन विवाद में हुई मारपीट, छह घायल एक दूसरे के विरुद्ध दर्ज कराई रिपोर्ट

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

दो पक्षों में जमीन के विवाद को लेकर गाली गलौज के बाद जमकर लाठी डंडे चले। जिसमें दोनों पक्षों से छह लोग घायल हो गए। पीड़ितों ने एक दूसरे के विरुद्ध तहरीर देकर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

ग्राम अनौगी पछायेपुर्वा निवासी कौशल पुत्र रामप्रकाश ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि जमीन के विवाद को लेकर गांव के संदीप, गौतम, रमेश कुशवाहा, साधना बीती 31 जुलाई की शाम लगभग 05.30 बजे उसके दरवाजे पर आए और गाली गलौज शुरू कर दी। मनाा करने पर उसे, उसके भाई गोविंद व पिता रामप्रकाश को लाठी, डंडों व सरिया आदि से मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। जबकि दूसरे पक्ष से इसी गांव की साधना देवी पत्नी रमेश चन्द्र ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि बीती 31 जुलाई की शाम लगभग 05.30 बजे गांव के गोविंद, कौशल, रामप्रकाश, शीला देवी जमीन के विवाद को लेकर उसके दरवाजे पर आए और उसके साथ गाली गलौज की। मना करने पर उसे व उसके दो पुत्रों को मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी भी दी। कोतवाली पुलिस ने दोनों पक्षों के सात लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# तैनाती के बाद से गायब रहने वाले नौ सहायक प्रोफेसर बर्खास्त

**▸ मेडिकल कॉलेज प्रशासन की रिपोर्ट पर शासन ने की कार्रवाई**

**▸ लोकसेवा आयोग द्वारा वर्ष 2023 में हुई थी तैनाती**

**तिर्वा कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

प्रदेश लोकसेवा आयोग से चयन होने के बाद नौ असिटेंट प्रोफेसरों की तैनाती राजकीय मेडिकल कॉलेज कन्नौज में बर्ष 2023 के दौरान कर दी गई थी। इनमें छह सहायक प्रोफेसरों ने मेडिकल कॉलेज में ज्वाइन ही नहीं किया। तीन ने ज्वाइन तो किया, लेकिन इसके बाद लौटकर नहीं आए। जिसको लेकर मेडिकल कॉलेज प्रशासन की रिपोर्ट पर लगातार गैरहाजिर रहने वाले इन सभी नौ सहायक प्रोफसरों को शासन ने बर्खास्त कर दिया है। इसकी सूचना मेडिकल कॉलेज कन्नौज को भेज दी गई है। मेडिकल कॉलेज कन्नौज में सहायक प्रोफेसरों की कमी को देखते हुए लोकसेवा आयोग ने विभिन्न विभागों में नौ सहायक प्रोफेसरों की तैनाती की थी।

इनमें अस्थि रोग के डॉ.अवनीश कुमार व डॉ.अजय कुमार, एनेस्थीसिया विभाग में डॉ.पारूल त्रिपाठी व डॉ.सुप्रिया, एपीडेमोलाजिस्ट के डॉ. वैभव सिंह, ब्लड बैंक में डॉ.नीता वर्मा, कम्यूनिटी मेडिसिन में डॉ.मल्लिका व प्रसूति रोग विभाग में डॉ.प्रियंका सिंह व डॉ.नमिता दोहरे की तैनाती हुई थी। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ.सीपी पाल के मुताबिक नियुक्ति के बाद तीन सहायक प्रोफेसरों ने मेडिकल कॉलेज आकर ज्वाइन किया। ज्वाइन के दौरान 10 दिनों की बात कहकर तीनों वापस चले गए। इसके बाद लौटकर नहीं आए। अन्य छह सहायक प्रोफेसर ने ज्वाइन भी नहीं किया। मेडिकल कॉलेज प्रशासन द्वारा इन्हे कई बार पत्र भेजा गया। पर किस ने कोई जबाव तक नहीं दिया। बाद में इसकी सूचना प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा व डीजीएमई लखनऊ कार्यालय को भेज दी गई। शासन ने इन सभी पर कार्रवाई कर सभी को सेवा से बर्खास्त कर दिया है। प्राचार्य ने बताया कि सभी की बर्खास्तगी की सूचना आ गई है। अब इनके रिक्त स्थान पर अन्य सहायक प्रोफसरों की तैनाती के लिए शासन को लिखा जा रहा है।

# कांवड़ यात्रा के मद्देनज़र सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़


सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण करते डीएम- एसपी

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री एवं पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत जनपद में सुरक्षा व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने यात्रा मार्ग पर तैनात पुलिस बल व ड्यूटी में लगे अधिकारियों की तैनाती की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी कांवड़ यात्रा में हरदोई जनपद के बिलग्राम से शिव भक्त श्रद्धालु मेंहदी घाट पहुंचकर गंगाजल लेकर बाबा गौरी शंकर शिव मंदिर कन्नौज में जलाभिषेक करेंगे। यात्रा की संवेदनशीलता और श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने पुख्ता प्रबंध किए हैं।

पूरे यात्रा मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था के तहत पुलिस बल एवं पीएसी की तैनाती की गई है। थाना कोतवाली कन्नौज क्षेत्र में स्थित बोर्डिंग ग्राउंड और बाबा गौरी शंकर मंदिर परिसर की विशेष निगरानी की जा रही है। सीसीटीवी कैमरों के साथ-साथ ड्रोन कैमरों के माध्यम से पूरे रूट की सतत निगरानी सुनिश्चित की गई है। श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु मेडिकल कैंप, विश्राम स्थल, पेयजल व साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था की गई है। साथ ही कांवड़ यात्रियों की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाया गया है एवं यात्रा मार्गों पर भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाई गई है।

जिलाधिकारी ने कहा कि कांवड़ यात्रा केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि यह भारतीय संस्कृति, श्रद्धा और सामाजिक सौहार्द का प्रतीक है। यह यात्रा समाज में भाईचारे, शांति और एकता का संदेश देती है।

# शराबी युवक ने 700 साल पुरानी मजार को किया क्षतिग्रस्त

- एसपी ने पहुंचकर लोगों से की सौहार्द बनाये रखने की अपील
- थानाध्यक्ष को आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी करने के दिये निर्देश
- सीओ ने करायी मरम्मत, पुलिस कर रही आरोपी की तलाश



मौके पर मौजूद लोगों से बातचीत करतीं एसपी



क्षतिग्रस्त की गयी मजार

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

एक शराबी युवक ने करीब 700 साल पुरानी मजार को क्षतिग्रस्त कर दिया। जिससे जाति विशेष के लोगों में आक्रोश व्याप्त हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की तथा थानाध्यक्ष को उपरोक्त युवक के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश दिये। वहीं सीओ ने तुरंत रुपये देकर मजार की मरम्मत करायी।

जानकारी के अनुसार कायमगंज क्षेत्र के ग्राम शिवरई मठ खान बहादुर बाबा सैय्यद की मजार बनी है, जो लगभग 700 साल पुरानी बताई जाती है। ग्रामीणों के अनुसार इस मजार पर हिंदू-मुसलमान सभी धर्मों के लोग आते हैं।

हर साल वैशाख मास की चार तारीख को यहां विशाल मेले का आयोजन किया जाता है। जिसमें आसपास के क्षेत्रों के लोग भी शामिल होते हैं। बताते हैं कि इस मजार को बीती रात शराबी युवक खड़ग सिंह ने क्षतिग्रस्त कर दिया। मजर पर लगे टायल्स आदि तोड़ दिये। जिससे एक समुदाय विशेष के लोग भड़क गये। घटना की सूचना मिलने पर सीओ संजय वर्मा, इंस्पेक्टर अनुराग मिश्रा और अन्य पुलिसकर्मी पहुंचे। सीओ ने आनन-फानन में अपनी जेब से रुपये देकर मजार को दुरुस्त करने के निर्देश दिये। वहीं सूचना पाकर पुलिस अधीक्षक आरती सिंह भी मौके पर पहुंचीं तथा मौजूद लोगों से साम्प्रदायिक सौहार्द बनाये रखने हेतु अपील की तथा थानाध्यक्ष को आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी करने के निर्देश दिये। वहीं आरोपी कैंसर का मरीज बताया गया है। फिलहाल पुलिस ने उसकी तलाश शुरु कर दी है।

# खंड विकास अधिकारी राजेंद्र सिंह 200 मीटर सड़क बनवाने में असमर्थ

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।**



सड़क पर भरा घरों का गंदा पानी

गांव त्योरखास में वर्षों से दो दर्जन से अधिक घरों के पानी की जलनिकासी न होने से सड़क पर पानी भर रहा है। बरसात में पैदल निकलना भी मुश्किल है। बावजूद इसके खंड विकास अधिकारी कायमगंज राजेंद्र सिंह सड़क बनवाने मे असमर्थ हैं। ग्रामीणों ने सचिव शुभम तिवारी पर भी शिकायत के बावजूद समस्या का समाधान न करने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने बताया की शिकायत पर सिर्फ आश्वासन मिलता है। समस्या समाधान नहीं हो रहा है।

विकास खंड त्योरखास की ग्राम पंचायत त्योरखास की मस्जिद वाली गली में वर्षो से घरों के गंदे पानी की जलनिकासी की व्यवस्था नहीं है। जिससे पानी, कीचड़ सड़क पर बह रहा है। ग्रामीणों को निकलने में परेशानी हो रही है। वही गंदगी से फैल रही बीमारियों से ग्रामीण परेशान हैं। खंड विकास स्तर पर शिकायत के बावजूद स्थानीय प्रशासन जलनिकासी की व्यवस्था करने में बेबस है। बरसात में रह रहे स्थनीय लोग परेशान हैं। वावजूद इसके खंड विकास अधिकारी, सचिव पर मनमानी करने का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है। करीब 200 मीटर सड़क को बनवाने में खंड विकास अधिकारी राजेंद्र सिंह लाचार हैं। जिससे ग्रामीण वर्षों से नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। खंड विकास अधिकारी राजेंद्र सिंह ने बताया सचिव से समस्या समाधान के लिए कहा जायेगा। सचिव शुभम तिवारी ने बताया प्रधान ही सड़क निर्माण करवा सकता है। प्रधान से कहा जायेगा।

# करंट लगने से किसान की मौत

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**



मृतक का फाइल फोटो

अधेड़ की पोल में आ रहे करंट की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गयी। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। वहीं परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इन्कार कर दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम घटमापुर निवासी 42 वर्षीय नरेंद्र पुत्र ऊधम सिंह घर पर सो रहे थे। रात्रि में वह पेशाब करनें के लिए उठे। घर के बाहर लगे लोहे के खम्भे में करंट आ रहा था। जिसकी चपेट में नरेंद्र सिंह आ गये। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गयी। चीख सुनकर पड़ोसी महिला पूजा देवी पत्नी श्याम सिंह नरेंद्र सिंह को बचाने के लिए गयी और बिजली की चपेट में आने से वह भी घायल हो गयी। उसे तुरंत लोहिया अस्पताल में भर्ती किया गया। घटना के बाद से मृतक नरेंद्र की पत्नी रामादेवी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मृतक के दो पुत्र अनुरोध और मुकुंद व एक पुत्री क्रांति है। सूचना पर उपनिरीक्षक कुंअरवीर मौके पर पहुंचे।

# ग्राम पंचायतों में जन चौपाल का किया गया आयोजन

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**



जन चौपाल में शिकायतें सुनते एडीओ आईएसबी व मौजूद ग्रामीण





बराबिकू में जन चौपाल में मौजूद अधिकारी व ग्रामीण

शासनादेश के अनुसार उच्च अधिकारियों के निर्देशन में दो ग्राम पंचायतों में जन चौपाल का आयोजन किया गया।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत बराबिकू में शासनादेश के अनुसार उच्च अधिकारियों के निर्देशन में ग्राम पंचायत सचिव मोतीलाल यादव ने ग्राम पंचायत में एडियो समाज कल्याण की अध्यक्षता में जन चौपाल का आयोजन किया। जिसमें जनता के द्वारा बताई गई समस्याओं के बारे में जानकारी जुटाई। वहीं एडियो समाज कल्याण अंकुश कटियार से ग्रामीणों ने विधवा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, विकलांग पेंशन आदि के बारे में अपनी शिकायत दर्ज करायी। जिस पर एडियो समाज कल्याण तथा ग्राम सचिव मोतीलाल यादव ने लोगों की समस्याओं को दूर करने की बात कही। कई समस्याओं का मौके पर निस्तारण कर दिया गया और पेंशन संबंधी आदि समस्याएं समय पर निस्तारित करने की बात कही गयी। इस मौके पर एडियो समाज कल्याण अंकुश कटियार, ग्राम पंचायत सचिव मोतीलाल यादव, महिला समूह की ब्लॉक मिशन मैनेजर ममता पाल, ग्राम प्रधान तथा ग्राम रोजगार सेवक व ग्राम पंचायत के ग्रामीण मौजूद रहे।

वहीं विकासखंड नवाबगंज की ही ग्राम पंचायत अमरापुर नगला मकोड़ा में एडियो आईएसबी सुखदेव सिंह की अध्यक्षता में जन चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत सचिव कुलदीप कुमार तथा एडियो आईएसबी सुखदेव सिंह ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। जिसमें आवास योजना, पेंशन योजना सहित कई योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। इस मौके पर सहायक विकास खंड अधिकारी सुखदेश सिंह, ग्राम पंचायत सचिव कुलदीप कुमार, बीएमएम संजीव कुमार, ग्राम प्रधान अमरापुर नगला मकोड़ा रामनिवास राजपूत तथा समस्त ग्रामीण बैठक में मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### सर्पदंश से बालक की उपचार के दौरान मौत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सर्पदंश से बालक की उपचार के दौरान मौत हो गयी। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार बरसात के मौसम में बिलों में पानी घुसने के कारण सांप निकलकर घूम रहे हैं और आये दिन किसी न किसी को डस रहे हैं। ऐसा ही एक मामला शमशाबाद क्षेत्र के ग्राम ख्वाजा अहमदपुर कटिया से सामने आया है। जहां हैप्पी पुत्र चरण सिंह उर्फ चंदन उम्र करीब 07 वर्ष को सर्प ने डस लिया। परिजन उसे तुरंत लोहिया अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उसे भर्ती कर लिया, लेकिन इलाज के कुछ समय बाद ही उसकी मौत हो गयी। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### नल पर पानी भरने को लेकर दो पक्ष भिड़े

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के मुहल्ला पुराना गनीपुर निवासी मोहिनी पत्नी नीरज उर्फ नन्हें लला के बच्चे शुक्रवार शाम लगभग चार बजे घर के बाहर लगे सरकारी नल पर पानी भरने गए थे, तभी वहां पड़ोसी सुधा पत्नी प्रमोद उर्फ पप्पू से नल पर पानी भरने को लेकर कहासुनी होने लगी। देखते ही देखते दोनो पक्षों में गाली-गलौज के साथ लाठी-डंडे चलने लगे। मोहिनी ने आरोप लगाया कि प्रमोद उर्फ पप्पू सरकारी नल में समर सेविल डाले हुए है। थाना पुलिस को एक पक्ष से मोहिनी पत्नी नीरज दूसरे पक्ष से सुधा पत्नी प्रमोद ने एक दूसरे के खिलाफ तहरीर दी पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का भरोसा दिया।

### बच्ची की हालत बिगड़ी, मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गाँव मीरगंज निवासी सहाना उम्र 1 वर्षीय पुत्री समीर को बुखार आने पर परिजन गाँव में झोलाछाप सुधीर के यहाँ उपचार कराने पहुंचे। जहां उसकी हालत गंभीर होने पर झोलाछाप ने सीएचसी कायमगंज ले जाने की सलाह दी। जिस पर परिजन उसे उपचार के लिए सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### वृंदावन के होटल में मिला नवाबगंज के युवक का शव

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** करीब 11 दिन पूर्व मथुरा गये युवक का शव वृंदावन के एक होटल में बेड पर पड़ा मिला। सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन घटनास्थल के लिए रवाना हो गये हैं। जानकारी के अनुसार नगर के मुहल्ला पुराना गनीपुर निवासी राहुल चतुर्वेदी पुत्र राजेश चतुर्वेदी घर से लगभग 11 दिन पूर्व मथुरा गया था। गुरुवार दोपहर वृंदावन में होटल में रुके राहुल के कमरे का दरवाजा न खुलने पर होटल कर्मियों ने मौके पर जाकर देखा, तो दरवाजा अंदर से बंद था। जब कर्मचारियो ने खिड़की से झांककर देखा, तो राहुल मृत अवस्था में बेड पर पड़ा मिला। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की। पुलिस ने घटना की जानकारी नवाबगंज थाने में दी। पुलिस द्वारा घटना की सूचना मिलते ही मृतक की मां विनीता, पत्नी सुजाता चतुर्वेदी समेत परिजन चीख पुकार करने लगे। पिता राजेश चतुर्वेदी समेत परिजन वृंदावन चले गए। मृतक का छोटा भाई केशव चतुर्वेदी व पुत्र कौटिल्य चतुर्वेदी 7 वर्ष, काव्या चतुर्वेदी 8 माह की है।

# हत्या के मामले में दोष सिद्ध, सजा पर सुनवाई 5 अगस्त को

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**





जनपद न्यायालय फर्रुखाबाद

अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश विशेष दस्यु प्रभावित क्षेत्र तृतीय न्यायाधीश शैलेन्द्र सचान ने हत्या के मामले में अरुण कुमार पुत्र स्व0 ग्रीश चंद्र कटियार निवासी चांदपुर कोतवाली फर्रुखाबाद को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 5 अगस्त की तिथि नियत की गयी है।

बीते 14 वर्षों पूर्व कोतवाली फर्रुखाबाद के ग्राम चांदपुर निवासी अरुण कुमार व उसका भाई मुन्नू सिंह कटियार साथ-साथ रहते थे। दोनों भाईयों की शादी नहीं हुई थी। 4 सितंबर 2011 को दोनो भाइयों ने सुबह मिलकर खाना बनाया और खाया और अपने बड़े भाई को घर पर छोड़कर वह अपनी खेती की रखवाली हेतु खेत पर चला गया। जब वह शाम 5 बजे अपने मकान पर वापस आया, तो देखा कि उसके बड़े भाई मृत अवस्था में कमरे में तख्त पर पड़े हैं। इस बात को परिवारवालों व मोहल्ले वाले को बताया। पुलिस ने तहरीर के आधार मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर बड़े भाई की हत्या के मामले में छोटे भाई अरुण कुमार, हीरालाल, मीरादेवी के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश शैलेन्द्र सचान ने अरुण कुमार को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 5 अगस्त की तिथि नियत है। साक्ष्य के अभाव से हीरालाल अवस्थी, मीरा देवी को दोष मुक्त कर दिया गया।

# बच्चे को रेफर करने पर युवक ने फार्मासिस्ट से किया गाली-गलौज

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

कस्बा नवाबगंज निवासी एक युवक अपने बीमार बच्चे को दवा दिलाने शुक्रवार शाम लगभग 6 बजे सीएचसी पहुंचा। सीएचसी पर मौजूद फार्मासिस्ट राजीव कुमार ने बच्चे को इमरजेंसी में भर्ती किया। डाक्टर गौरव राजपूत ने बच्चे का परीक्षण करने के बाद उसकी हालत गंभीर बताकर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। उसी बीच युवक बच्चे को सीएचसी से रेफर करने पर उत्तेजित हो गया और बच्चे का सीएचसी पर ही इलाज करने का दबाव बनाने लगा। फार्मासिस्ट राजीव कुमार ने बच्चे को लोहिया ले जाने की बात कही, तो युवक गाली-गलौज करने लगा। युवक को गाली-गलौज करता देख डाक्टर गौरव राजपूत, एलए धीरेन्द्र प्रताप सिंह, वार्डबॉय अजीत कुमार व अन्य लोग मौके पर आए, तो युवक गाली-गलौज कर धमकी देता हुआ बच्चे को लेकर चला गया। फार्मासिस्ट राजीव कुमार ने पुलिस को युवक के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही करने का भरोसा दिया।

### आत्महत्या के मामले में दो पुलिसकर्मियों सहित भाजपा नेता की जमानत याचिका मंजूर

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार सिंह ने भाजपा नेता रजनेश राजपूत, सिपाही यशवंत व महेश उपाध्याय की जमानत याचिका को मंजूर कर लिया। एक-एक लाख रुपये का निजी बंध पत्र जमानत राशि पर रिहा करने का आदेश दिया है। जानकारी के अनुसार थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के ग्राम गुतासी निवासी रामरहीस के पुत्र दिलीप ने पेंट में सुसाइड नोट लिखकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। जिसका थाना प्रभारी ने मुकदमा दर्ज कर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया था। न्यायालय ने रिमांड मंजूर कर जेल भेज दिया था। पुलिस कर्मी व भाजपा नेता के अधिवक्ता महेश चंद्र यादव ने जिला जज के समक्ष याचिका दायर कर दलीलें पेश कीं। जिला जज ने दोनों पक्षों का कथन सुनने के बाद यशवंत, महेश उपाध्याय, रजनेश राजपूत की जमानत याचिका मंजूर कर ली है।

# पुलिस ने एसिट अटैक के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को दबोचा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**



थाने में खड़े अनाथ बच्चे

बीते दो वर्ष पूर्व लव मैरिज करने वाले युवक की एसिड अटैक से मौत हो गयी थी। उपरोक्त घटना में (प्रेमिका) पत्नी तथा उसके पति का हाथ होना मृतक युवक ने दम तोड़ने से पूर्व बताया था। जिसके आधार पर पुलिस ने महिला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। वहीं उसका पति फरार चल रहा था। जिसे आज गिरफ्तार कर लिया। उसके जेल जाने से तीन बच्चे अनाथ हो गये। जिस पर सूचना मिलने पर फर्रुखाबाद से पहुंची उनकी मौसी ने पुलिस के समक्ष बच्चों का पालन करने की जिम्मेदारी ली। जिस पर पुलिस ने बच्चों को उसकी मौसी को सौंप दिया।

नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव वीरपुर निवासी पप्पू ठाकुर को बीते दो वर्षो पूर्व संदिग्ध परिस्थितियों में तेजाब डालकर जला दिया गया था। जिस पर घटना के तुरंत बाद ग्रामीणों की मदद से एंबुलेंस के द्वारा घायल पप्पू ठाकुर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवाबगंज में भर्ती कराया गया था। जहां प्राथमिक उपचार के बाद लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया था। जिस पर पप्पू ठाकुर ने घटना के पीछे अपने साथ रह रही प्रेमी महिला तथा उसके पति का नाम थाना पुलिस को बताया था।

जिसके कुछ दिन बाद इलाज के दौरान पप्पू ठाकुर की मौत हो गई थी और मौत के मामले में मृतक द्वारा बताए अनुसार प्रेमी पत्नी ममता को जेल भेज दिया था, जबकि 2 वर्ष बाद शुक्रवार को कानून के शिकंजे में आए रमेश चंद्र जाटव को मुकदमे के आधार पर थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर हिरासत में ले लिया। वहीं आरोपी की छोटी-छोटी तीन पुत्रिया नारायणी, दीपिका, सोनाक्षी थाने पहुंचे और उन्होंने थाना पुलिस को आपबीती बताई और कहा कि अब उनके सर पर हाथ रखने वाला कोई नहीं है। यह देख थाना पुलिस भी परेशान नजर आ रही थी, क्योंकि पुलिस भी कानून से बंधी है। वहीं रास्ते में दूर की मौसी लगने वाली फर्रुखाबाद निवासी सोनी पांडे ने आकर तीनों बच्चों को ढांढस बंधाया और पुलिस से कहा कि वह बच्चों का पालन पोषण करेगी। वहीं थाना अध्यक्ष अवध नारायण पांडे तथा थाने के दीवान वीरेंद्र सिंह यादव सहित स्टाफ ने बच्चों के परिवरिश के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की बात कही।

### बालिकाओं को भगाने के मामले में वांछितों को पुलिस ने दबोचा



पुलिस हिरासत में आरोपी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना अमृतपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 111/2025 धारा 137(2)/352/351(2) बीएनएस में वांछित अभियुक्तगण पंकज यादव, रंजीत को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया। दिनांक 27 जुलाई को पीड़ित द्वारा पुलिस को अपनी दो पुत्रियों को बहला फुसलाकर भगाने के मामले में नामदर्ज तहरीर दी थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर थाने पर मुकदमा पंजीकृत किया था। विवेचना के क्रम में दोनों बालिकाओं की बरामदगी करते हुए बयान अन्तर्गत धारा 180/183 बीएनएसएस मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर अभियोग में धारा 87/69/3(5) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई तथा मुखबिर की सूचना पर अभियोग में नामित अभियुक्तगण पंकज यादव पुत्र रामरहीश यादव निवासी ग्राम कोटियापुर पिथनापुर थाना अमृतपुर, रंजीत पुत्र आदेश निवासी ग्राम सुल्तान नगर कोतवाली मोहम्मदाबाद को गिरफ्तार कर लिया।

# मा.वि. में शिक्षकों के रिक्त पदों का अधिचायन 6 अगस्त तक भेजें डीआईओएसः शिक्षा निदेशक

## विवादित रिक्त पदों का ब्यौरा अधियाचन में शामिल न किया जाये

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

माध्यमिक विद्यालयों में 31 मार्च 2026 तक रिटायर होने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओं के रिक्त हुए पदों का शिक्षा निदेशालय ने सभी जिला विद्यालय निरीक्षकों से ब्यौरा मांगा है। रिक्त पदों पर भविष्य में नियुक्ति हेतु उ0प्र0 शिक्षा सेवा आयोग प्रयागराज को ब्यौरा भेजा जायेगा। रिक्त पदों की सूचना प्रदेश के सभी डी.आई.ओ.एस. को 6 अगस्त तक शिक्षा निदेशालय भेजा जाना अनिवार्य है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक यू.पी. बोर्ड के माध्यमिक विद्यालयों में 31 मार्च 2026 तक रिक्त होने वाले शिक्षकों के पदों के संदर्भ में शिक्षा निदेशक महेन्द्र देव ने प्रदेश के सभी डी.आई.ओ.एस. को भेजे आदेश में कहा है कि प्रदेश के सहायता प्राप्त अशासकीय विद्यालयों में शासन द्वारा निर्धारित जन शक्ति के अनुसार सीधी भर्ती के रिक्त यथा प्रधानाचार्य, प्रधानाध्यापक, सहायक अध्यापक के रिक्त पदों का अधियाचन उ0प्र0 शिक्षा सेवा चयन आयोग को भेजा जाना है। अतः 31 मार्च 2026 तक रिक्त होने वाले पदों का अधियाचन 5 अगस्त 2025 तक शिक्षा निदेशालय प्रयागराज को हार्ड एवं साफ्ट कॉपी में ई-मेल पर बिना किसी स्मरण पत्र की प्रतीक्षा किये उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें तथा अधियाचन की सूचना की मूलप्रति दो प्रतियों में वाहक के माध्यम से निदेशालय के सामान्य अनुभाग तृतीय में प्राप्त करायी जाये। संस्था में सीधी भर्ती के रिक्त किसी भी पदों का विवाद हो तो ऐसे पदों को सीधी भर्ती के माध्यम से भरे जाने हेतु रिक्त पदों की सूचना में किसी भी हालत में सम्मिति न किया जाये।

# कुएं में घुसे एक युवक का जहरीली गैस से घुटा दम, दो गंभीर

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

नलकूप के कुएं में गिरे कबूतर को निकालने के लिए घुसे तीन ग्रामीणों की हालत जहरीली गैस होने से बिगड़ गयी। उन्हें ग्रामीणों नें बमुश्किल बाहर निकाला। जहाँ से तीनों को अस्पताल में भर्ती किया गया। जहां चिकित्सक ने एक को मृत घोषित कर दिया, जबकि दो का उपचार जारी है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम मझिगवां निवासी 40 वर्षीय सुघर सिंह पुत्र रामस्वरूप गाँव के ही कोतवाल उर्फ नन्हें, बादाम व सुरेन्द्र शाक्य के साथ अपने नलकूप के निकट बैठे थे। उसी दौरान नलकूप के कुएं में एक कबूतर चला गया। जिसको निकालने के लिए सुघर सिंह कुएं में उतर गया। लगभग 45 मिनट तक सुघर सिंह जब ऊपर नहीं आया, तो नन्हें व बादाम सिंह सुघर सिंह की तलाश में कुएं में उतर गये। जिसके बाद जहरीली गैस कुएं में होने पर उनकी भी हालत बिगड़ गयी। वह भी कुएं से नहीं निकल पाये। जिस पर सुरेन्द्र शाक्य ने गाँव में सूचना दी। जिसके बाद ग्रामीणों की मदद से तीनों को गंभीर हालत में बाहर निकाला गया। उन्हें छिबरामऊ के अस्पताल में भर्ती किया गया। जहां सुघर सिंह को मृत घोषित किया गया, जबकि बादाम और नन्हें का उपचार जारी है। सुघर सिंह को परिजन लोहिया अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां दोबारा मृत होने की पुष्टि की गयी।

# न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के गांव कटिन्ना मानिकपुर निवासी सहनूर पुत्र लतीफ खां ने समधी समधन तथा पुत्र के सालों के विरुद्ध कोर्ट के आदेश से मुकदमा पंजीकृत करवाया है।

पीड़ितत के पुत्र आसिफ का निकाह अभियुक्त यार मोहममद की पुत्री नायसा के साथ दिनांक 27.04.24 को मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार हुआ था। नायसा पीड़ित के घर पर शादी के बाद मात्र एक दिन ही रहने के बाद अपने मायके चली गई तथा अपने साथ में पीड़ित द्वारा दिये गये सोने के समस्त जेवरात व कपड़े ले गयी। पीड़ित अपने पुत्र के साथ कई बार नायसा को बुलाने के लिये उसके मायके अलीगढ़ गया, लेकिन नायसा की माता शहजादी तथा पिता यार मोहम्मद व भाई आमिर, जुबैर ने नायसा को नहीं भेजा तथा नाजायज रूप से पन्द्रह लाख रूपये की मांग करने लगे। दिनांक 02.07.2025 को समय करीव 12 बजे दिन उपरोक्त अभियुक्तगण आमिर, जुबैर, यार मोहम्मद व शहजादी पीड़ित के घर पर ग्राम कटिन्ना मानिकपुर आये और आते ही सभी लोग पीड़ित के घर के अंदर घुस आये और पीड़ित को मां बहनों की गंदी-गंदी गालियां देने लगे और कहा कि नायसा अब इस घर में नहीं रहेगी। तुम मेरा पन्द्रह लाख रूपया जो शादी में खर्च हुआ वापस करो। जिसका पीड़ित ने विरोध किया, तो उपरोक्त लोगों ने जमीन पर गिराकर लात-घूसों से मारापीटा और सभी लोग मेरे घर में मेरी पत्नी के बक्से में रखे चांदी की सुतिया वजन 600 ग्राम एवं सोने की सुतिया वजन 3 तोला, एक सोने का टीका तथा सोने के कुंडल, एक सोने की अंगूठी तथा एक सोने की जंजीर चुरा ले गये। उपरोक्त चारों लोग जबरदस्ती पीड़ित को अपनी गाड़ी में डालकर ले जाने का प्रयास करने लगे।

पीड़ित के चिल्लाने पर मदनपुर के सलमान पुत्र फैज मोहम्मद तथा पीड़ित के गांव के सुहैल पुत्र शहीद तथा पास पड़ोस के काफी लोग आ गये जिनके आ जाने पर उपरोक्त चारों लोग यह धमकी देते हुये चले गये कि बहुत जल्दी पन्द्रह लाख रूपया भिजवा देना वरना अबकी बार घर में आग लगा देंगे ओर किसी को जिन्दा नही छोड़ेंगे। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर लिया।

# सेंट पॉल्स ब्राइटन एकेडमी का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सेंट पॉल्स ब्राइटन एकेडमी में विद्यालय चुनाव समिति का शपथ ग्रहण समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। शुभारंभ निदेशक रोजीशन विश्वासी के भाषण से हुआ। भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था के बारे में बताया उन्होंने कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक गणराज्य है, जिसमें हर किसी व्यक्ति को अपने नैतिक मूल्यों तथा अधिकारों को बहन करने की आजादी होती है।

नव निर्वाचित पदाधिकारियों को ऑल सोल्स मेमोरियल चर्च के पादरी रेवरन स्टीफन मसीह द्वारा उनके पदों की शपथ दिलाई गई। उन्होंने विद्यालय चुनाव समिति द्वारा चयनित सभी छात्र-छात्राओं को उनके पदों का उचित रूप से निर्वाह्न करने के साथ-साथ अनुशासन के महत्व की जानकारी दी।

**विभिन्न हाउसों का हुआ गठन**

इस वर्ष चुने गए छात्रों में स्कूल कैप्टन सुधांशु, स्कूल हेड बॉय अर्पित प्रताप सिंह, स्कूल हेड गर्ल साक्षी सोमवंशी, स्कूल वाइस हेड बॉय ऋषभ राजपूत, स्कूल वाइस हेड गर्ल वैष्णवी कुमारी पदाधिकारी शामिल हैं। स्कूल के विभित्र हाउस में हाउस लीडर का चयन किया गया। जिसमें सेंट मैथ्यू हाउस में श्रेया यादव तथा नैतिक तोमर, सेंट पीटर हाउस में तन्मय सिंह भदौरिया और कुमकुम पाल, सेंण्ट ल्यूक हाउस में कृष्णा भदोरिया और जानवी चौहान, सेण्ट जॉन हाउस में शिवांगी दुबे और अंश पाल का चयन किया गया।



शपथ ग्रहण समारोह में मौजूद पादरी व निदेशक एवं बच्चे

शपथ ग्रहण के बाद सभी नव-निर्वाचित प्रतिनिधियों ने ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा एवं निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करने का संकल्प लिया। प्रबंधिका रोहतानी विश्वासी ने छात्र प्रतिनिधियों को नेतृत्व की जिम्मेदारियों को गंभीरता से निभाते और सभी छात्रों के लिए प्रेरणा बनने की सीख दी। प्रधानाचार्य डॉ. अवधेश कुमार द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालन शिक्षिका वैशाली पीटर तथा शिक्षक हर्षित ने किया। विद्यालय चुनाव समिति का सपथ ग्रहण समारोह संजीव कुमार (पी0टी0आई0) के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ।

इस मौके पर अभिषेक सिंह, बिंदु द्विवेदी, एकता मसीह, ज्योतिका आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# श्रीरामकथा का भक्तों ने किया रसपान

**▸ संजय गर्ग ने वितरित किये तुलसी के पौधे**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पाण्डेश्वर नाथ मंदिर में चल रही श्रीराम कथा के पंचम दिवस पर आचार्य मदन मुरारी मिश्रा ने कहा कि भरद्वाज मुनि बसहिं प्रयागा, तिन्हहि राम पद अति अनुरागा अर्थात प्रभु श्रीराम का प्रयाग आगमन एवं भरद्वाज मुनि से भेंट, गुरु महिमा सुमंत की अयोध्या वापसी, भरत का अयोध्या आगमन पर आचार्य मदन मुरारी मिश्रा ने अपने मुखार बिन्दु से कथा का रसपान कराया और साथ ही गोस्वामी तुलसीदास की जयंती पर तुलसी के पौधे वितरित किये गये।

समाजसेवी व श्रद्धारानी स्मृति संस्थान के अध्यक्ष संजय गर्ग ने कथा में पहुंचकर आचार्य एवं आये हुए लोगों का अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत किया और तुलसी के पौधे देकर तुलसी का महत्व बताया।


कथा का रसपान करते भक्तगण

इस अवसर पर भाजपा नेत्री मीरा सिंह, सुमन राठौर, चित्रा अग्निहोत्री, सुनीता वर्मा व अमन अवस्थी, सुबोध शुक्ला को आचार्य द्वारा सम्मानित किया गया। विजय अवस्थी, शिवविलास त्रिवेदी, रमाकांत, एसपीएस राठौर आदि ने कथा का रसपान किया। व्यवस्था सुधेश दुबे व श्वेता दुबे, पंकज वर्मा आदि ने देखी।

# शिव महापुराण कथा का भण्डारे के साथ विराम


भण्डारे में मौजूद भक्तगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू रक्षा मंच के तत्वाधान में जय नारायन वर्मा रोड गमा देवी मंदिर में चल रही शिव महापुराण कथा का समापन हुआ। साथ ही भण्डारे का आयोजन हुआ। उज्जैन से आये आचार्य प्रीतम शरण महाराज के सानिध्य में शिव महिमा का बखान किया गया। शंकर पार्वती के विवाह व श्रावणी मास पर शिव पूजा के बारे में प्रवचन प्रस्तुत किये। उन्होंने कहा कि शंकर आदि है, उनकी महिमा अनादि है। उनके पूजन से समस्त दुखों का नाश होता है। सावन माह में भगवान शिव की जो भी भक्त पूजा अर्चना करता है वह सम्पन्न रहता है। सावन के सोमवार के व्रत की महत्वता पर प्रकाश डाला और प्रभु की महिमा का बखान सुन श्रोता मंत्रमुग्ध हुए। देर शाम तक भण्डारे का आयोजन हुआ। बड़ी संख्या में भक्त व महिलायें मौजूद रही। आयोजन समिति में आचार्य विवेकानंद पाठक, बबिता पाठक, सभासद अनिल तिवारी, रामवीर चौहान, प्रीती तिवारी सहित बड़ी संख्या में लोगों ने सहयोग किया। समापन अवसर पर आचार्य प्रीतम शरण महाराज को सम्मानित किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

# श्रावणी वेद प्रचार अभियान के तहत यज्ञ का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आर्य समाज के 150वें स्थापना वर्ष पर वैदिक धर्म तथा वेदों के प्रचार-प्रसार हेतु आर्य समाज कमालगंज के तत्वावधान में एक महीने तक चलने वाला श्रावणी वेद प्रचार अभियान का शुभारम्भ हुआ। खुदागंज के निकट गांव रम्पुरा में प्रातः यज्ञ का आयोजन किया गया।

आर्य समाज के विद्वानों द्वारा यज्ञ में आहुतियां डलवाकर ग्रामवासियों से समाज में व्याप्त पाखण्ड, नशाखोरी, छुआ-छूत आदि कुरीतियों को त्यागने का संकल्प कराकर सत्संग की महिमा व उसके वास्तविक स्वरूप को समझाया गया। आचार्य ओमदेव ने श्रावण मास के महत्व को बताते हुए कहा कि यह माह वेद चर्चा सुनने व परमेश्वर की आराधना उपासना करने का माह है, ईश्वर की भक्ति से ही जीव सांसारिक बंधनों से छूट सकता है। रमेश आर्य ने कहा कि वैदिक सत्संग भारतीय संस्कृति की एक महान परंपरा है, जो व्यक्ति को आत्मज्ञान, सदाचार और आध्यात्मिक उन्नति की ओर प्रेरित करती है। आचार्य सतीश देव ने कहा कि वेदों को सनातन ज्ञान का मूल स्रोत माना जाता है। वैदिक सत्संग में ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद के मंत्रों का पाठ, अर्थ का चिंतन, और उन पर चर्चा की जाती है। यह सत्संग केवल शाब्दिक जानकारी नहीं देता, बल्कि व्यक्ति के अंतर्मन को शुद्ध करता है। घनश्याम आर्य ने कहा कि वैदिक सत्संग में ऋषियों द्वारा बताए गए यम-नियम, सत्य, अहिंसा, तप, स्वाध्याय और ईश्वर प्राणिधान जैसे गुणों को जीवन में उतारने की प्रेरणा दी जाती है।


हवन में आहूतियां देते लोग

संयोजक आचार्य संदीप आर्य ने कहा कि भारत की मूल आत्मा गांवो में निवास करती है, यहां की अधिकांश आबादी प्रकृति के अतिनिकट रहकर उसके संरक्षण का कार्य करती है। परन्तु आज आधुनिकता की दूषित वायु ग्रामीण परिवेश को भी प्रभावित कर रही है। आयोजन का उद्देश्य ग्रामीण जनमानस में वैदिक संस्कृति, सामाजिक मूल्यों व हमारी प्राचीन परंपराओं के प्रति आस्था जगाना है। आर्य समाज के कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर जनजागरण का कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम में आचार्य राम रहीस, हुकुम देव शास्त्री, सुरेश बाबा, जगदीश आर्य, अमर सिंह आर्य, विजेंद्र सिंह, काशीराम आर्य, राजेन्द्र सिंह आर्य, खुशीराम आर्य, मोहरपाल, श्याम सिंह, सुरभि, प्रिया आदि उपस्थित रहे।

## तोरिया फसल के मिनीकिट बीज के लिए किसान करें आवेदनः उपकृषि निदेशक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** उपकृषि निदेशक अरविन्द मोहन मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि कृषि विभाग के पोर्टल पर पंजीकृत कृषकों के द्वारा तोरिया फसल के मिनीकिट प्रदर्शन हेतु निःशुल्क बीज मिनीकिट प्राप्त करने के लिए ऑन लाइन आवेदन किया जायेगा। पात्र आवेदकों के मध्य ऑन लाइन लॉटरी के माध्यम से लाभार्थी के चयन की प्रक्रिया के आधार पर पीओएस के माध्यम से दिया जायेगा। ऑन लाइन आवेदन हेतु 1 अगस्त से 15 अगस्त तक पोर्टल खुला रहेगा। किसान उपरोक्त पोर्टल के माध्यम से निर्धारित अवधि के अन्तर्गत तोरिया फसल के मिनीकिट प्रदर्शन हेतु निःशुल्क बीज मिनीकिट के लिए ऑन लाइन आवेदन कर लाभ ले सकते है।

# एलवाई डिग्री कालेज में प्रोफेशनल कोर्स की अब मिलेगी शिक्षाः प्राचार्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कायमगंज के एलवाई डिग्री कालेज में प्रोफेशनल कोर्स की भी अब शिक्षा मिलेगी। एमए पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया व शैक्षिक सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रारम्भ कर दिये गये है। एलवाई डिग्री कालेज में परास्नातक की पढ़ाई शुरु हुई है। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज के माध्यम से संचालित एमए पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया नवीन सत्र 2025-26 की प्रारम्भ हो चुकी है। जानकारी देते हुए प्राचार्य डॉ. विनय कुमार सिंह ने बताया कि कॉलेज प्रबंधन के अनुसार इस पहल से छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा और प्रोफेशनल कोर्स के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। कॉलेज की स्थापना 1971 में हुई थी। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय से सम्बद्ध स्नातक पाठ्यक्रम संचालित होते थे। अब हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, उर्दू, इतिहास, प्राचीन इतिहास एवं पुरातत्व, भूगोल, समाज शास्त्र, राजनीति विज्ञान, शिक्षा शास्त्र, अर्थशास्त्र, दर्शन शास्त्र व सांख्यिकी जैसे विषयों में एमए की पढ़ाई की जायेगी। समन्वयक डा0 बृजेश कुमार वर्मा ने बताया कि कॉलेज में बी लिब, एमएसडब्लू, एमए जन संचार, योगा, ग्रामीण विकास, आपदा प्रबंधन, मानव संसाधन प्रबंधन, हेल्थ एवं न्यूट्रिशन आदि रोजगार परक डिप्लोमा व जागरुकता पाठ्यक्रमों में भी प्रवेश शुरु हो गये है। उच्च शिक्षा के लिए अब छात्र-छात्राओं को बाहर नहीं जाना पड़ेगा। नगर कायमगंज में ही पाठ्यक्रमों में अध्ययन करने के लिए सुविधायें दी जा रही है। सरकारी तथा अर्ध सरकारी सेवा में कार्यरत पुरुष महिलायें अब प्रवेश लेकर लाभांवित हो सकते है और नौकरी पेसा के लोग भी इसमें दाखिला लेकर लाभ प्राप्त कर सकते है।


जानकारी देते प्राचार्य डॉ. विनय कुमार सिंह

# पीएआई प्रशिक्षण का डीएम ने किया शुभारम्भ

**▸ पीएआई पोर्टल पर डेटा फीडिंग/बैलीडेशन की दी जायेगी जानकारी**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजनान्तर्गत जनपद स्तर पर जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में पंचायत एडवॉसमेन्ट इण्डेक्स (पीएआई) के तहत प्रशिक्षण का आयोजन विकास भवन में किया गया। डीएम ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यशाला का शुभारम्भ किया।

प्रशिक्षण में पीएआई पोर्टल पर डेटा फीडिंग/बैलीडेशन की जानकारी दी जायेगी। प्रशिक्षण में राज्य स्तरीय प्रशिक्षक द्वारा पीएआई एवं सतत् विकास लक्ष्यों पंचायत पुरस्कार आदि महत्वपूर्ण विषयों के साथ पंचायतों का स्कोर कार्ड दिखाकर पंचायतों की ग्रेडिंग पर चर्चा की गई। सभी नौ थीम के 147 इंडीकेटर के 227 डाटा पाइट पर फैसिलेटेटर द्वारा डाटा भरा जाना है। जिला पंचायत राज अधिकारी ने अगस्त माह में अभियान के रूप में ग्राम पंचायतों को पीएआई पोर्टल पर ऑनलाइन होने वाले डाटा को एकत्रित कराने की बात कही।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी व जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण व जिला स्तरीय अधिकारियों एवं गत वर्ष में पीएआई पोर्टल पर अच्छी रैंकिग प्राप्त करने वाली पंचायतों के सचिव एवं ग्राम प्रधान मौजूद रहे।


बैठक में जानकारी देते डीएम

# जिलाधिकारी ने बाढ़ शरणालयों को ऐक्टिव मोड पर रखने के दिये निर्देश

**सभी नाविक तथा गोताखोर रहें तैयार, 24 घंटे संचालित रहे बाढ़ नियंत्रण कक्ष**


बैठक लेते डीएम मौजूद अधिकारीगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बाढ़ की तैयारियों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। डीएम ने निर्देशित किया कि सभी बाढ़ चौकियों, बाढ़ शरणालयों को ऐक्टिव मोड़ पर रखे, बाढ़ संभावित क्षेत्रों में राहत प्रदान करने की सभी तैयारियां पूर्ण रखे, सभी नाव, नाविकों व गौतखोरो को तैयार रखे, बाढ़ नियंत्रण कक्ष 24 घंटे संचालित रहे, बाढ़ राहत सामिग्री वितरण हेतु तैयार रखे। अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया गया कि सभी सड़को को गड्ढा मुक्त करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, अपर जिलाधिकारी न्यायिक, उपजिलाधिकारी कायमगंज, उपजिलाधिकारी अमृतपुर व संबंधित मौजूद रहे।

# सम्पूर्णता अभियान सम्मान समारोह आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सम्पूर्णता अभियान सम्मान समारोह कार्यक्रम एवं आकांक्षा हाट का आयोजन 2 अगस्त से 7 अगस्त तक आयोजित किया जायेगा।

मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि अपर सचिव नीति आयोग भारत सरकार के अर्द्धशासकीय द्वारा जनपद स्तर पर सम्पूर्णता अभियान सम्मान समारोह एवं आकांक्षा हाट आयोजित किये जाने के निर्देश दिये गये है। नीति आयोग के सम्पूर्णता अभियान के अन्तर्गत जनपद के आकांक्षात्मक विकास खण्ड नवाबगंज एवं राजेपुर द्वारा 06 में से 06 इंडीकेटर्स को संतृप्त किया गया है। सम्पूर्णता अभियान के दौरान जनपद एवं विकास खण्ड स्तर पर अधिकारियों तथा फ्रन्ट लाइन वर्कर द्वारा किये गये अथक प्रयासों एवं उपलब्धियों के प्रोत्साहन हेतु सम्पूर्णता अभियान सम्मान समारोह का आयोजन 2 अगस्त को अपरान्ह 02:30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में किया जायेगा तथा आकांक्षा हाट को आफीसर्स क्लब फतेहगढ़ में 2 अगस्त से 7 अगस्त तक लगाया जायेगा।

# समस्याओं को लेकर नगर पालिका में सफाई कर्मचारियों ने दिया धरना


धरना देते कर्मचारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सफाई कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर जिला अध्यक्ष नीरज कुमार वाल्मीकि ने नगर पालिका अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपा और धरना देकर विरोध प्रदर्शन किया। दिये गये ज्ञापन में कहा कि वार्ड नंबर 2 व 21 में ठेका सफाई कर्मचारी के रूप में कार्यरत है। इशा पुत्री दिलीप व बृजेश पुत्र राजेश, अनीता पत्नी मूलचंद जो की लगातार अपना कार्य कर रहे थे। उनको हटाते हुए जून माह का वेतन भी रोक दिया गया है।

जिसके संबंध में पूर्व में भी ज्ञापन दिया जा चुका है। उक्त सभी कर्मचारियों को 48 घंटे के अंदर पुनः कार्य पर लिया जाए तथा जून 2025 का वेतन दिया जाए, यदि ऐसा नहीं होता है तो संघ मजबूर हो कर ठेका सफाई कर्मचारियों की समस्या का समाधान नहीं किया गया।

नगर पालिका कार्यालय में जिलाध्यक्ष नीरज कुमार बाल्मीकि कर्मचारियों के साथ धरना दिया।इस मौके पर राधेश्याम वाल्मीकि, शिवम कुमार, नंदकिशोर, प्रमोद कुमार, अनिल कुमार, बृजेश, अनीता, रिक्की, कुमार आदि मौजूद रहे।

# कांग्रेस जोन प्रभारी ने पार्टी को मजबूत करने के दिये टिप्स

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।**

संगठन सृजन अभियान के तहत कांग्रेस जोन प्रभारी विवेक बंसल ने ब्लाक मोहम्मदाबाद में संगठन को मजबूत करने के निर्देश दिये।

भारतीय विद्यालय मोहम्मदाबाद में कांग्रेस की बैठक के दौरान ब्लॉक में संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत प्रभारी पूर्व राष्ट्रीय सचिव पूर्व विधायक एवं जिला प्रभारी विवेक बंसल, पूर्व विधायक लुईस खुर्शीद, जिला कोआर्डिनेटर प्रकाश प्रधान, फ्रंटल संगठन कोआर्डिनेटर मनीष द्विवेदी, जिलाध्यक्ष शकुन्तला देवी, मृत्युंजय शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं को संगठन को मजबूत करने के टिप्स दिये गये। जोन प्रभारी विवेक बंसल ने कहा कि संगठन सर्वोपरि है। काम करने वाले कार्यकर्ता का मनोबल ही संगठन को मजबूत करता है।



बैठक लेते जोन प्रभारी व लुईस खुर्शीद आदि


बैठक में मौजूद कार्यकर्ता

गांव स्तर पर जब संगठन मजबूत होगा तब हम चुनाव जीत सकेंगे। ग्राम पंचायत से लेकर जिला पंचायत तक हमारे प्रतिनिधि होंगे।

आने वाले 2027 के चुनाव में कांग्रेस अपने प्रत्याशियों को जिताने के लिए कार्यकर्ता अभी से लग जाये। जिलाध्यक्ष शकुंतला देवी ने भी संगठन को मजबूत करने पर विचार रखे। इस मौके पर शहर अध्यक्ष अंकुर मिश्रा, कैलाश यादव, अम्बार अली, अर्चना राठौर, राजेश राठौर, भवर सिंह पाल, रमाकान्त मिश्रा, खालिद उस्मानी, वरुण त्रिपाठी, अनुपमा शर्मा, सन्जू अग्निहोत्री, अशोक गोयल, डॉ. आदर्श मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## स्थानीय साहित्यकार अपनी पुस्तकों की सूची करायें उपलब्ध

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी द्वारा अवगत कराया गया कि फर्रूखाबाद के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक महत्व के बारे में स्थानीय साहित्यकार या किसी अन्य द्वारा कोई भी पुस्तकें लिखी गई हो तो वह अपनी पुस्तकों व उनकी सूची सहित जिलाधिकारी को अवगत कराये, ताकि उनको ग्राम पंचायतों में स्थापित की जा रही लाइब्रेरी के लिये क्रय किया जा सके।

**कार्यालय ग्रा0पं0 कंचनपुर सबलपुर वि0ख0 राजेपुर, फर्रुखाबाद**

पत्रांकःमीमो/ग्रा0पं0/राज्य वित्त/15वां वित्त/मनरेगा योजनान्तर्गत टेण्डर प्रकाशन/वित्तीय वर्ष 2025-26 दिनांक 01/08/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/15वां वित्त/मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत में वर्ष 2025-26 अन्तर्गत ग्राम पंचायत कंचनपुर सबलपुर की स्वीकृति कार्य योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 02/08/2025 से दिनांक 08/08/2025 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदा विक्रय की जायेगी एवं दिनांक 08/08/2025 शाम 04 बजे निर्माण समिति के समक्ष खोली जायेगी।

| क्रं. | | मद | सामग्री का विवरण | स्वीकृत प्राकलन के अनुसार सामग्री की लागत (रु0 लाख में) | जमानत धनराशि 2 प्रतिशत रु0 | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | मैन सड़क से धर्मेन्द्र के घर तक मिट्टी व इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | मनरेगा/ राज्य वित्त /15वां वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 2.52 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तेः**- निविदादाता का आयकर व जी.एस.टी. में पंजीकृत होना आवश्यक है। धरोहर धनराशि एफ.डी.आर. व एन.एस.सी. व चेक द्वारा ली जायेगी।

**प्रधान-बृजपाल सिंह, ग्रा0पं0 कंचनपुर सबलपुर, सचिव- अजय सिंह**

**कार्यालय ग्राम पंचायत बबना विकास खण्ड नवाबगंज, फर्रुखाबाद।**

पत्रांकः ग्रा0पं0/ 15वां वित्त/राज्य वित्त/मनरेगा योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2025-2026 दिनांक 01/08/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

15वां वित्त/राज्य वित्त/मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बबना द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 02/08/2025 से 06/08/2025 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 06/08/2025 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | लालू के घर से मंजू की समर तक हरदुआ में इंटरलाकिंग कार्य | 2.48 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2 | डामर रोड से अमर चैतन्य बाबा जी की कुटिया तक हरदुआ में इंटरलाकिंग कार्य | 1.45 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्ते**- निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**प्रधान (सीता देवी) ग्रा0पं0 बबना, नवाबगंज सचिव (आकांक्षा सक्सेना )**

# गंगा के रौद्र रुप से ग्रामीणों में दहशत

**▸ चुनार के जलालपुर माफी, नकहरा, समसपुर, सीखड़ के गौरैया, घमही, खानपुर, सोनवर्षा में पहुंचा बाढ़ का पानी**

चुनार (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।

क्षेत्र में गंगा का रौद्र रुप देख किसान एवं ग्रामीण दहशत में है। सीखड़ विकास खंड के गौरैया, घमही, खानपुर, सोनवर्षा, पसियाही, धन्नुपुर, धनैता, मझरा, गांव बाढ़ की चपेट में आ गया। किसानों द्वारा खेत में बोया फसल डूब रहा है।

किसान गंगा का रौद्र रूप देख कर दहशत में है। भारी संख्या में किसानों ने खेतों में बुआई कर चुके हैं। जहां गौरैया, घमही, रामगढ़ खानपुर, सोनवर्षा, मझरा, धनैता, फुलहा, मेड़िया आदि गांव बाढ़ से घिर गया है। वही किसानों द्वारा बोया गया मूंग, उतैला, तिल्ली, मूंगफली, मक्का, अरहर, बैगन, लौकी, कोहड़ा, भिंडी आदि सब्जी कि फसल एवं पशुओं के लिए बोया गया चारा भी बाढ़ कि चपेट में आने से पूरी तरह से बर्बाद हो रहा हैं। किसान विकास त्रिपाठी, अखिलेश त्रिपाठी, जितेंद्र प्रकाश सिंह रिंकू, रामराज पांडेय, भास्कर दुबे आदि ने बताया कि इसी तरह गंगा में बाढ़ रहा तो किसानों को भारी क्षति होगा।



### करोड़ों की मक्के, तिल व मूंगफली की फसल डूबने के कागार पर



**सीखड़।** क्षेत्र मे आई गंगा बाढ़ मे मुन्दीपुर, कठेरवा, सीखड़, भुआलपुर, बिट्ठलपुर, मगरहा, रामगढ़, फुलहां, धनैता, विदापुर, खैरा, बगहां, धन्नूपुर, पिपराहीं, पसियाहीं आदि गांवों मे बोई गई मूगफली, मक्का, तिल की फसले डूबने के कागार पर हैं। शुक्रवार शाम तक बाढ़ का पानी खानपुर, कठेरवां, मगरहां, विदापुर, फुलहां, धनैता गांवों मे प्रवेश कर गया है। पानी आगे की ओर बढ रहा है। ऐसे ही बढ़ता रहा तो रविवार तक क्षेत्र की सारी फसले डूबकर नष्ट हो जाएगी। ऐसे मे क्षेत्र की करोड़ों की फसले नष्ट हो जाएंगी।

### साहित्य संत धाम घाट गंगा में डूबा



**चुनार (मिर्जापुर)।** बाढ़ से प्रभावित हुए लोगों के लिए तहसील प्रशासन द्वारा कमर कस लिया गया है। विकास खंड नरायनपुर के लल्ली के मड़ई, जलालपुर माफी से नकहरा आदि गांव के सड़क पर बाढ़ का पानी होने से तहसील एवं ब्लाक मुख्यालय से संपर्क टूट गया यहां। वही नगर के जगदीशपुर टम्मलगंज से नगर का संपर्क पूरी तरह से टूट गया है। यहां तहसील प्रशासन द्वारा दो नाव लगाया गया है। जिससे प्रभावित लोग अपने लिए खाने, पीने, दवा आदि रोजमर्रा कि सामान कि खरीददारी कर रहे हैं। वही नयपुरवा समसपुर में एक नाव लगाया गया है।किला मोड़ स्थित साहित्य संत धाम घाट गंगा के बाढ़ में डूब गया। वहां पीपल के वृक्ष के नीचे स्थापित मां सरस्वती व गणेश भगवान की प्रतिमा पूरी तरह पानी में डूब गया है। उप जिलाधिकारी राजेश कुमार वर्मा ने बताया कि गंगा बाढ़ को देखते हुए तहसील क्षेत्र स्थापित बाढ़ चौकी को अलर्ट कर दिया गया है।

## बिल न चुकाने पर बड़ी कार्रवाई, 45 उपभोक्ताओं के काटे गए कनेक्शन

**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज।** बिजली बिल का भुगतान लंबे समय से टालते आ रहे उपभोक्ताओं के खिलाफबृहस्पतिवार को बिजली विभाग ने कार्रवाई किया। हथेड़ा गुलाब चौराहा तथा अदवा कॉलोनी में चलाए गए विशेष अभियान के तहत विभाग की टीम ने एक लाख रुपये से अधिक बकाया रखने वाले 45 उपभोक्ताओं के कनेक्शन विच्छेदित किया तथा एक लाख पांच हजार की वसूली भी किया। एसडीओ दिलीप कुमार और अवर अभियंता रमाशंकर की अगुवाई में बिजली विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर बड़े बकायेदार उपभोक्ताओं की सूची के अनुसार उनके कनेक्शन काटे। बिजली विभाग की इस औचक कार्रवाई से क्षेत्र में खलबली मच गई। एसडीओ दिलीप कुमार ने बताया कि जो उपभोक्ता बार-बार चेतावनी के बावजूद बिल जमा नहीं कर रहे हैं उनके विरुद्ध कड़ाई से कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान एस एस ओ योगेंद्र सिंह लाइन मैंन वीरेंद्र सिंह, बलिस्टर, प्रेम मौर्य आदि बिजली विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

## लूट का आरोपी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार, घायल

मिर्ज़ापुर, समृद्धि न्यूज।

लूट, छिनैती समेत बदमाशों के विरुद्ध पुलिस की ओर से चलाये जा रहे अभियान के तहत मड़िहान पुलिस ने शुक्रवार को लूट के आरोपी बदमाश को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। पुलिस मुठभेड़ के दौरान गोली लगने से बदमाश घायल है। पुलिस को जमा तलाशी में बदमाश के पास से अवैध तमंचा, कारतूस और बाइक बरामद हुआ है।

मड़िहान थाने के लूट के मामले में वांछित अभियुक्त देवराज यादव पुत्र रामरक्षा यादव निवासी ग्राम ददरा थाना राजगढ़, मड़िहान क्षेत्र के राजापुर ढेकवा जंगल के पास से दौरान पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया। इस दौरान गिरफ्तार अभियुक्त व इसके साथी सह-अभियुक्त बबलू यादव उर्फ अजय यादव पुत्र बजट यादव, मनोज कुमार पुत्र लवकुश निवासी ग्राम ददरा थाना राजगढ़ पुलिस टीम पर फायरिंग कर भागने का प्रयास किया। पुलिस टीम की ओर से आत्मरक्षार्थ की गई कार्यवाई में अभियुक्त देवराज यादव के पैर में गोली लगी। पुलिस मुठभेड़ में घायल, गिरफ्तार अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में इलाज के लिए सीएचसी मड़िहान भिजवाया गया जबकि दो वांछित अभियुक्त बबलू यादव उर्फ अजय यादव व मनोज कुमार रात के अंधेरे व जंगल का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। गिरफ्तार अभियुक्त देवराज यादव के पास से घटना में प्रयुक्त एक अवैध तमंचा 315 बोर, एक 1 जिंदा और दो अदद खोखा कारतूस, मोटर साइकिल, लूट के 4500 रुपये बरामद किया गया।

पुलिस मुठभेड़ व गिरफ्तारी बरामदगी के सम्बन्ध में थाना मड़िहान में मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही में जुट गई है। मड़िहान थाना प्रभारी बालमुकुंद मिश्रा के अनुसार मुठभेड़ में गिरफ्तार अपराधी के विरुद्ध मड़ीहान थाने में विभिन्न धाराओं में लगभग सात मुकदमा दर्ज है।

## खबरें एक नजर में

### सेवानिवृत तीन पुलिस कर्मियों को दी गई विदाई



**▸ एसपी ने अंगवस्त्र देकर किया सम्मानित, उज्जवल भविष्य की दी शुभकामनाएं**

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक महराजगंज के सभागार में एक गरिमामयी विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में अधिवर्षता आयु पूर्ण कर पुलिस सेवा से सेवानिवृत हुए तीन पुलिस कर्मियों को पुलिस अधीक्षक महराजगंज में अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियों में निरीक्षक नागरिक पुलिस रामश्रय यादव, उप निरीक्षक नागरिक पुलिस साकिर सिकन्दर अली और उप निरीक्षक नागरिक पुलिस अशोक कुमार राय शामिल थे। पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मिना ने सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों को उनकी निष्ठापूर्ण सेवा और उत्कृष्ट योगदान के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने प्रत्येक पुलिस कर्मी को अंगवस्त्र, प्रशस्ति पत्र और उपहार भेंट किए। इस सम्मान के माध्यम से उनके दीर्घकालिक समर्पण, कर्तव्यनिष्ठा और पुलिस सेवा में किए गए कार्यों की सराहना की गई। पुलिस अधीक्षक ने अपने संबोधन में कहा कि इन कर्मियों ने अपने कार्यकाल के दौरान विभाग की गरिमा को बनाए रखा। उन्होंने समाज की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एसपी ने सेवानिवृत्त कर्मियों के आगामी जीवन के लिए सुख, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। उन्होंने समाज की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एसपी ने सेवानिवृत्त कर्मियों के आगामी जीवन के लिए सुख, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। विदाई समारोह में पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभी अधिकारीगण और कर्मचारीगण उपस्थित रहे। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियों के परिजनों ने भी इस भावुक क्षण में हिस्सा लिया। यह कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जिला मुख्यालय पर आयोजित किया गया।

### बाइक सवार ने महिला को मारी टक्कर, दोनों घायल

**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया ब्लॉक रोड़ पर गुरुवार की रात्रि में बाइक सवार युवक ने सड़क पर महिला को टक्कर मार दिया जिससे बाइक सवार व महिला घायल हो गई। मौके पर पहुँचे महिला के परिजनों ने निजी साधन व बाइक सवार युवक को एम्बुलेंस सेवा वाहन 108 से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जंहा पर चिकित्सक ने महिला का उपचार करने के बाद डिस्चार्ज कर दिया। जबकि बाइक सवार युवक की हालत गंभीर देखकर ट्रामा सेंटर मिर्ज़ापुर के लिए रेफर कर दिया है। थाना क्षेत्र के कुशियरा गांव निवासी 35 वर्षीय राजेंद्र कोल बाइक से हलिया की तरफजा रहा था की जैसे ही हलिया ब्लॉक रोड़ पर पहुंचा की अपने घर के सामने सड़क पर किसी कार्य के लिए जा रही हलिया गांव निवासी रमेश मौर्य की पत्नी नीलम को टक्कर मार दिया। जिससे महिला व बाइक सवार युवक घायल हो गया मौके पर पहुँचे महिला के परिजन निजी साधन से व बाइक सवार युवक को एम्बुलेंस सेवा वाहन 108 से उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जंहा पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार द्वारा महिला का उपचार करने के बाद महिला को डिस्चार्ज कर दिया जबकि बाइक सवार युवक की गंभीर हालत देखकर ट्रामा सेंटर मिर्ज़ापुर के लिए रेफर कर दिया है।

## तुलसी दास की जयंती पर हनुमान चालीसा पाठ का हुआ आयोजन



चुनार (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।

तुलसी दास जयंती के अवसर पर गंगेश्वर नाथ स्थित राघव जी मंदिर पर गुरुवार देर शाम तुलसी दास की जयंती धूमधाम से मनाई गई।

भक्तों द्वारा संगीतमय हनुमान चालीसा का 21 बार पाठ किया गया। तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान नंदकिशोर तिवारी ने तुलसी दास के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर अखिलेश पांडेय, प्रतीत राव वैद्य, विनय गुप्ता, विकास कश्यप, समर्थ वैद्य, अनिल मिश्रा सहित भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## खाद के लिए किसान परेशान, समितियों व केंद्र पर खाद नदारद

**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज।** स्थानीय विकास खंड के किसान यूरिया डीएपी खाद के लिए किसान परेशान है। सुबह से ही किसान खाद के लिए एग्रो केंद्र के सामने लगे हुए है लेकिन इसके बाद भी किसानों को खाद नहीं मिल पा रहा है। साधन सहकारी समिति भटवारी दिघिया साधन सहकारी समिति पर खाद के लिए किसान पहुँचे लेकिन समिति पर सचिव के नहीं आने से किसानों को समिति से खाद नहीं मिल पाया है। खाद के लिए किसान दर दर भटक रहे है लेकिन किसानों को खाद नहीं मिल पा रही। एक ट्रक खाद आने से खाद तुरंत नहीं खत्म हो जा रही है। विकास खंड के समितियों पर पर्याप्त मात्रा में खाद नहीं आने से किसानों को परेशानियों का समाना करना पड़ रहा है। समितियों पर खाद नहीं आने से किसान बाजार से महगे दामों पर यूरिया डीएपी खाद खरीदने के लिए मजबूर हैं। किसानों ने डीएम का ध्यान आकृष्ट कराते हुए समितियों पर पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराने कि मांग किया।

## एपेक्स आयुर्वेद की छात्राओं ने बढ़ाया संस्थान का गौरव, पीजी प्रवेश परीक्षा में उत्कृष्ट सफलता



चुनार (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।

एपेक्स इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेदिक मेडिसिन एंड हॉस्पिटल चुनार की छात्राओं ने आयुर्वेद स्नातकोत्तर प्रवेश परीक्षा में उल्लेखनीय सफलता अर्जित कर संस्थान का नाम गौरवान्वित किया।

बीएएमएस 2017 बैच की छात्रा रोहिनी सिंह ने अखिल भारतीय आयुर्वेद पीजी प्रवेश परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑल इंडिया रैंक 131 प्राप्त की एवं रिंकी सिंह ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ऑल इंडिया रैंक 1094 हासिल की है। इस सफलता पर संस्थान के डीन प्रो. डॉ. सुनील मिस्त्री, प्रधानाचार्य प्रो. पी. के. सिंह एवं ऐकडेमिक हेड प्रो यशवंत चौहान ने दोनों छात्राओं को बधाई दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। एपेक्स ग्रुप के चेयरमैन प्रो. डॉ. एस. के. सिंह ने छात्राओं को बधाई देते हुए कहा यह उपलब्धि छात्राओं की मेहनत, समर्पण और हमारे संकाय की गुणवत्ता का प्रतीक है। यह सफलता आने वाले विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा बनेगी और संस्थान की उत्कृष्टता को और ऊँचाइयों पर ले जाएगी।

## ग्राम पंचायत बनवा व बरडीहा कला में आयोजित चौपाल में ब्लॉक कर्मियों ने सुनी समस्याएं

हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज।




स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत बनवा व बरडीहा कला गांव में शुक्रवार को शासन के निर्देश पर आयोजित ग्राम चौपाल में ब्लाक कर्मियों ने ग्रामीणों की समस्याओ को सुनकर निस्तारण का भरोसा दिया है। ग्राम चौपाल में पेंशन, आवास, हैंडपम्प, किसान सम्मान निधि, शौचालय, राशन की मांग ग्रामीणों ने रखी ग्राम पंचायत बनवा के पंचायत भवन में आयोजित ग्राम चौपाल में एडीओ एसटी सुशील कुमार ने ग्रामीणों की समस्याओ को सुना। जिसमे हैंडपम्प, शौचालय आवास व वृद्धा पेंशन के मामले आए सचिव ने ग्रामीणों को शासन की योजनाओं की जानकारी देते हुए जागरूक किया है। ग्रामीणों की मांगो को पूरा करने का आश्वासन दिया है।

इसी प्रकार ग्राम पंचायत बरडीहा कला के पंचायत भवन परिसर में आयोजित ग्राम चौपाल में सचिव बाल कृष्ण व प्रधान प्रतिनिधि इंद्र बहादुर उर्फ़ बबलू ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। जिसमें पेंशन, आवास, हैंडपम्प प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, शौचालय राशन कार्ड की मांग को ग्रामीणों ने रखी। जिसमे सचिव ने ग्रामीणों की मांग को पूरा करने का भरोसा दिया है। इसके बाद ग्राम पंचायत में कराये गये विकास कार्यो का सचिव ने स्थलीय निरीक्षण किया है। इस संबंध में एडीओ पंचायत रुपेश श्रीवास्तव ने बताया की ग्राम पंचायत बनवा व बरडीहा कला में आयोजित ग्राम चौपाल में ब्लॉक कर्मियों ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। ग्रामीणों ने आवास, पेंशन, शौचालय, राशन कार्ड, हैंडपम्प मरम्मत की मांग को रखा मांग को पूरा करने का आश्वासन दिया गया है। इस दौरान ग्राम प्रधान बनवा इंद्र बहादुर बिंद आदि मौजूद रहे।

### चोखराज तुलस्यान इंटरमीडिएट कॉलेज में छात्रों के बवाल पर कार्रवाई

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** सिसवा कस्बे के चोखराज तुलस्यान इंटरमीडिएट कॉलेज में हुए छात्रों के बवाल की जांच शुरू हो गई है। बीते गुरुवार को शिक्षक नंदन सिंह को निकाले जाने और एक छात्र की पिटाई के विरोध में छात्रों ने तोड़फोड़ की थी। आज शुक्रवार को जिला विद्यालय निरीक्षक प्रदीप शर्मा द्वारा गठित जांच टीम विद्यालय पहुंची। इस टीम में प्रधानाचार्य श्याम बहादुर और प्रधानाचार्य सुभाष चंद को शामिल किया गया है। जांच टीम ने सबसे पहले स्कूल की कार और बस का निरीक्षण किया। इसके बाद विद्यालय के शिक्षकों के साथ बैठक की गई। बैठक में घटना के कारणों की समीक्षा की गई और शिक्षकों से घटना के सभी पहलुओं की जानकारी ली गई। जांच टीम ने विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवाजी सिंह और प्रबंध कमेटी से भी पूछताछ की। जांच टीम के प्रधानाचार्य श्याम बहादुर ने बताया कि घटनाक्रम और उसके कारणों की गहन छानबीन की गई है। उन्होंने कहा कि इस जांच की पूरी रिपोर्ट तैयार करके जिला विद्यालय निरीक्षक को सौंपी जाएगी। इस दौरान प्रबंध तंत्र के रामदेव तुलस्यान, हरिराम भालोटिया, प्रदीप तुलस्यान, जयप्रकाश भालोटिया सहित प्रबंधन और शिक्षक मौजूद रहे।

## ज्वाइंट मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात हुए लालगंज तहसील में एसडीएम महेंद्र सिंह



हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।

लालगंज तहसील में उप जिलाधिकारी के रूप में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट (आईएएस) महेंद्र सिंह ने गुरुवार को तहसील पहुंचकर पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने तहसील मे तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार तथा कर्मचारियों को बुलाकर परिचय प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप वादकारियो को त्वरित गति से समस्या का निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने पटल की जिम्मेदारी शासन की गाइडलाइन के अनुसार तय करें कहां की वादकारियो के साथ किसी भी प्रकार की शिथिलता नहीं होनी चाहिए। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट (आईएएस) महेंद्र सिंह ने बताया कि इसके पहले मैं फर्रूखाबाद जनपद में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट के पद पर कार्यरत था। शासन के निर्देशानुसार मिर्जापुर जनपद में स्थानांतरण होने के बाद लालगंज तहसील में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट का पदभार प्राप्त हुआ। जिसके परिपेक्ष्य में गुरुवार को तहसील लालगंज पहुंचकर अपना पदभार ग्रहण किया। उन्होंने तहसील में कार्यरत कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया।

## ऑपरेशन कन्विक्शन को और धारदार बनाने के निर्देश

**▸ अपराध समीक्षा बैठक में रखी गई प्राथमिकताएं**

महराजगंज, समृद्धि न्यूज।



मंडलायुक्त गोरखपुर मण्डल गोरखपुर अनिल ढींगरा और डीआईजी एस.चन्नप्पा बीते दिनों महराजगंज पहुंचे, जहां उन्होंने पुलिस लाइन का गहन निरीक्षण किया और अधिकारियों के साथ अपराध समीक्षा बैठक में कानून व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की। इसके अलावा उन्होंने नव आरक्षियों से संवाद कर उन्हें पुलिस सेवा की गरिमा और जिम्मेदारियों से अवगत कराया।

निरीक्षण के दौरान डीआईजी एस. चन्नप्पा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ÷ऑपरेशन कन्विक्शन÷ को और अधिक प्रभावी रूप में क्रियान्वित किया जाए। उन्होंने कहा कि गंभीर अपराधों में शामिल दोषियों को शीघ्र सजा दिलाना न्याय व्यवस्था की साख के लिए जरूरी है। इससे पीड़ितों को न सिर्फ त्वरित न्याय मिलेगा, बल्कि समाज में अपराध के खिलाफ कानून का खौफ भी स्थापित होगा। हत्या, बलात्कार, महिला उत्पीड़न, चोरी और वाहन चोरी जैसे गंभीर अपराधों की रोकथाम को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए, संदिग्ध व्यक्तियों पर कड़ी निगरानी, हिस्ट्रीशीटरों की चेकिंग और सक्रिय अपराधियों की पहचान कर शीघ्र गिरफ्तारी की जाए और प्रीवेंटिव एक्शन के तहत नियमित गश्त और सतर्कता बढ़ाने के निर्देश दिए गए।

### बैरक व मेस की व्यवस्थाओं का निरीक्षण

निरीक्षण के दौरान पुलिस लाइन में स्थित बैरकों और मेस की व्यवस्था का भी जायजा लिया गया। अधिकारियों ने साफ-सफाई, रहन-सहन, भोजन की गुणवत्ता आदि की स्थिति देखी और जरूरी सुधारों के निर्देश दिए।

### आईजीआरएस रैंकिंग में प्रथम स्थान पर रहने के लिए सराहना

डीआईजी ने जनपद की आईजीआरएस (जन शिकायत निवारण प्रणाली) रैंकिंग में लगातार प्रथम स्थान बनाए रखने के लिए महराजगंज पुलिस की सराहना की। उन्होंने निर्देश दिया कि हर शिकायत को संवेदनशीलता से सुना जाए और त्वरित व निष्पक्ष कार्रवाई की जाए।

### पुलिस अधीक्षक ने दी कानून व्यवस्था की जानकारी

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने जनपद की कानून व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, चल रहे अभियानों और पुलिसिंग से संबंधित प्रमुख बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने जिले में अपराध नियंत्रण के लिए अपनाए गए रणनीतिक कदमों को भी साझा किया।

### नव आरक्षियों से किया संवाद

मंडलायुक्त और डीआईजी ने पुलिस लाइन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे नव आरक्षियों से संवाद किया और उन्हें पुलिसिंग के मूल मंत्र - ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और जनसेवा को आत्मसात करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि एक सच्चा पुलिसकर्मी न केवल कानून का रक्षक होता है, बल्कि समाज का भरोसा भी होता है। दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रशिक्षण की गुणवत्ता पर संतोष व्यक्त करते हुए प्रशिक्षण व्यवस्था में और सुधार के सुझाव भी दिए।

## मरीजों को निजी हॉस्पिटल भेजने का खेल बेनकाब, स्वास्थ्य महकमे में मचा हड़कंप




महराजगंज, समृद्धि न्यूज।

सरकारी अस्पतालों में दलालों का बोलबाला कोई नई बात नहीं रही, लेकिन इस बार जिला महिला अस्पताल से जुड़े गंभीर प्रकरण ने पूरे स्वास्थ्य महकमे को झकझोर कर रख दिया है। वर्षों से चले आ रहे इस दलाली सिस्टम पर अब जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने बड़ी कार्रवाई की पहल की है। मरीजों को बहला-फुसलाकर निजी अस्पतालों में भेजने के मामले में दो निजी अस्पतालों और कुल 9 लोगों के नाम सामने आए हैं, जिन्हें जिलाधिकारी ने सीएमओ श्रीकांत शुक्ला को कार्रवाई हेतु सौंपा है। विश्वसनीय सूत्रों के मुताबिक, जिलाधिकारी को लंबे समय से इस गोरखधंधे की जानकारी मिल रही थी। उन्होंने निगरानी के निर्देश भी दिए थे और अंततः सबूतों के साथ दलालों का खेल उजागर कर दिया गया। डीएम द्वारा भेजी गई रिपोर्ट में गोल्ड हॉस्पिटल और जनता हॉस्पिटल के नाम हैं। जिसमें सरकारी अस्पतालों के कई महिला पुरुष कर्मचारी विभिन्न प्राइवेट अस्पतालों से जुड़े हुए हैं। जुड़े कर्मचारियों पर आरोप है कि ये लोग जिला महिला अस्पताल और पुरुष अस्पताल में सक्रिय रहते हैं, और वहां आने वाले मरीजों को बहकाकर निजी अस्पतालों तक ले जाते हैं। वहां इलाज के नाम पर उनसे भारी रकम वसूली जाती है।

### जांच समिति गठित

डीएम द्वारा जैसे ही नामों की सूची सीएमओ को सौंपी गई, पूरे स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया। आमतौर पर यह जिम्मेदारी स्वास्थ्य विभाग की होती है, लेकिन बार-बार की अनदेखी के चलते जिलाधिकारी को स्वयं हस्तक्षेप करना पड़ा।
मुख्य चिकित्सा अधिकारी श्रीकांत शुक्ला ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत जांच कमेटी गठित कर दी है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी, चाहे वे किसी भी पद पर क्यों न हों।

## रजिस्ट्री में नहीं होगा गड़बड़झाला पकड़े जाएंगे कूटरचित दस्तावेज

महराजगंज, समृद्धि न्यूज।

जिले के सभी उप निबंधक कार्यालयों में बैनामे में फर्जीवाड़ा रोकने की नई व्यवस्था लागू कर दी गई है। अब मोबाइल पर ओटीपी आने और पैनकार्ड वेरिफिकेशन के बाद ही बैनामे की प्रक्रिया शुरू होगी।

सोमवार से ही उप निबंधक कार्यालय सदर, नौतनवा निचलौल और फरेंदा में नई व्यवस्था से बैनामा किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, जिले के सभी उप निबंधक कार्यालयों में बैनामा प्रक्रिया को पारदर्शी और प्रभावी बनाने के लिए नई डिजिटल व्यवस्था लागू कर दी गई है। अब किसी भी प्रकार के बैनामे के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया को ओटीपी आधारित कर दिया गया है। इसके साथ ही पैनकार्ड सत्यापन अनिवार्य कर दिया गया है, जिससे अब बगैर सही पहचान के बैनामा कराना असंभव हो गया है। इस व्यवस्था का उद्देश्य बैनामे में होने वाले फर्जीवाड़े और हेराफेरी को पूरी तरह समाप्त करना है। अब तक बैनामा कराने के लिए केवल ऑनलाइन आवेदन करना होता था। उसके बाद संबंधित पक्षकार कार्यालय में पहुंचकर बाकी की प्रक्रिया पूरी करते थे, लेकिन ऑनलाइन प्रक्रिया में मोबाइल नंबरों की गलत फीडिंग, फर्जी पहचानपत्र और कई अन्य तरीकों से फर्जीवाड़े की संभावना बनी रहती थी। नई व्यवस्था में अब यह अनिवार्य कर दिया गया है कि बैनामे के लिए ऑनलाइन आवेदन करते समय पक्षकारों का सक्रिय मोबाइल नंबर फॉर्म में फीड किया जाए। उस नंबर पर एक ओटीपी (वन टाइम पासवर्ड) भेजा जाएगा। इसे सही ढंग से दर्ज करने के बाद ही ऑनलाइन फॉर्म खुलेगा। यह ओटीपी आधारित प्रणाली यह सुनिश्चित करेगी कि आवेदनकर्ता वास्तविक व्यक्ति ही हो और कोई अन्य उसकी पहचान का दुरुपयोग न कर सके।

**पैनकार्ड जांच के बाद ही होगा बैनामा**

### पहले फर्जीवाड़े की थी गुंजाइश

अब तक जिले में बैनामे की प्रक्रिया के लिए ऑनलाइन आवेदन की सुविधा उपलब्ध थी, लेकिन इसमें मोबाइल नंबर या पहचानपत्र की अनिवार्यता नहीं थी। इसके कारण दलाल और अन्य लोग फर्जी दस्तावेजों के सहारे बैनामा करा लेते थे। कई मामलों में पक्षकारों को जानकारी तक नहीं होती थी कि उनके नाम पर कोई जमीन बेची या खरीदी जा रही है। इन्हीं खामियों को दूर करने के लिए शासन स्तर से निर्देश जारी करते हुए 29 जुलाई से जिले में यह नई प्रणाली लागू कर दी गई। कृषि भूमि के

### बैनामे के लिए यूनिक आईडी अनिवार्य

कृषि भूमि के संबंध में बैनामा कराना और भी सख्त हो गया है। अब ऐसे किसी भी बैनामे के लिए यूनिक आईडी को अनिवार्य कर दिया गया है। यूनिक आईडी, राजस्व विभाग की ओर से भूलेख पोर्टल पर उपलब्ध कराई गई एक विशेष पहचान संख्या होती है, जो हर खतौनी में दर्ज होती है। जिन काश्तकारों की खतौनी में यूनिक आईडी दर्ज नहीं है, उन्हें बैनामे के लिए पहले अपने अभिलेख अपडेट कराने होंगे। इस व्यवस्था के कारण बृहस्पतिवार को कई किसानों को परेशानी का सामना भी करना पड़ा क्योंकि उनके खतौनी रिकॉर्ड में यूनिक आईडी दर्ज नहीं थी। परिणामस्वरूप वे ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया पूरी नहीं कर सके।